रांची
गुरुवार
01.12.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 08
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
माना कठिनाई आने से आदमी अकेला हो जाता है, लेकिन कठिनाई आने पर ही अकेला व्यक्ति मजबूत होना सीख जाता है।

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-295 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

## न्यूज गैलरी

### नशे के कारोबार पर लगाम कसने के लिए आज होगी बड़ी बैठक

**रांची।** राज्य में नारकोटिक्स के अवैध कारोबार पर लगाम कसने के लिए केंद्रीय गृह सचिव झारखंड पुलिस के आला अधिकारियों के साथ गुरुवार को बैठक करेंगे। झारखंड के कई जिलों में अफीम की तस्करी होती है। साथ ही नशे का कारोबार कैसे रोका जाये इस विषय को लेकर गृह मंत्रालय के अधिकारी राज्य पुलिस के एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर, आईजी अभियान अमोलवी होमकर, आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज व सीआईडी के एसपी क्राइम वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक में शामिल होंगे।

### सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के चियांकी मिशन चौक के पास बुधवार की सुबह स्कार्पियो और बाइक की टक्कर में पिता-पुत्र की मौत हो गयी। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार को दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही गौतम कुमार अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायल पिता-पुत्र को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी। इसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार के द्वारा स्कॉर्पियो वाहन को घटनास्थल से 500 मीटर की दूरी पर जब्त कर थाना लाया गया है। वहीं, इस घटना के बाद से पुलिस स्कॉर्पियो चालक की खोजबीन में जुट गयी है। वहीं, मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक शहर थाना क्षेत्र के सहदेव प्रसाद उम्र 60 वर्ष रेड़मा, काशीनगर के रहनेवाले थे। वे बुधवार की सुबह अपने पुत्र के साथ चियांकी होटल खोलने जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में स्कॉर्पियो से धक्का लगने के कारण उनकी मौत हो गयी। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### गोली लगने से युवक घायल, सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चौपरिया निवासी इसराफील अंसारी बुधवार की सुबह 6:30 बजे गोली लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गोली इसराफील के दाहिने पैर में लगी है। घटना के बारे में इसराफील ने बताया कि वह बुधवार की सुबह अपने मवेशी खोजने छतवा जंगल गया था। इसी बीच जंगल में अज्ञात लोगों ने मवेशी समझकर उसके पैर में गोली मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं, इस घटना की जानकारी मिलने पर रामगढ़ थाना की पुलिस और शहर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंच कर घायल से घटना के बारे में पूछताछ कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जुट गयी है।

**कैश देकर पीआईएल मैनेज करने का मामला : कारोबारी अमित अग्रवाल की याचिका खारिज**

# झारखंड हाईकोर्ट ने षडयंत्र की जांच सीबीआई को करने का दिया आदेश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कैश देकर पीआईएल मैनेज करने के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच का आदेश दिया है। अदालत ने इस मामले में गिरफ्तार कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। कोर्ट ने इस मामले में गिरफ्तार कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की याचिका को खारिज करते हुए षड्यंत्र की जांच सीबीआई को करने का आदेश दिया। अदालत ने 15 दिनों में सीबीआई को पूरे मामले की जांच करने का आदेश दिया।

हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि कोर्ट ने व्यवसायी अमित अग्रवाल की याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने अमित अग्रवाल की जमानत के आग्रह को नामंजूर करते हुए मामले में षड्यंत्र को देखते हुए आरंभिक जांच सीबीआई को करने का आदेश दिया है। याचिका में अमित अग्रवाल की ओर से कहा गया था कि ईडी की कार्रवाई नियमानुसार नहीं है। अमित अग्रवाल ने अंतरिम राहत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। अमित अग्रवाल ने इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अंतरिम राहत की गुहार लगायी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा था कि यह मामला झारखंड हाईकोर्ट के क्षेत्राधिकार में है। इसलिए अमित अग्रवाल को हाईकोर्ट में अपनी बात रखने की छूट प्रदान की थी।

### कैश कांड मामले में अब सीबीआई की होगी इंट्री




इस चर्चित कैशकांड मामले में कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल ने जनहित याचिका में नाम हटाने के नाम पर हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार को 50 लाख नकद के साथ कोलकाता पुलिस से पकड़वा दिया था। मामले में यह बात सामने आयी थी कि जनहित याचिका में नाम हटाने के नाम पर अमित अग्रवाल ने राजीव कुमार के साथ एक करोड़ में सौदा तय किया था और प्रथम किश्त के रूप में उन्हें 50 लाख दिये गये थे। जिसके बाद अधिवक्ता राजीव कुमार को कोलकाता पुलिस ने 50 लाख के साथ पकड़ा था। हालांकि, बाद में ईडी ने मामले की जांच की और व्यवसायी अमित अग्रवाल के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया।

### गिरिडीह में स्टील कंपनी के कई ठिकानों पर रेड

**गिरिडीह।** जिले के मुफस्सिल थाना इलाके के चतरो स्थित एक निजी स्टील कंपनी के फैक्ट्री और बरमसिया स्थित कार्यालय में इनकम टैक्स की टीम ने छापेमारी की है। छापेमारी में पश्चिम बंगाल के अलावा दूसरे जिले की टीम शामिल थी। बताया जाता है कि बुधवार की अहले सुबह इनकम टैक्स की टीम चतरो स्थित निजी स्टील कंपनी के फैक्ट्री पहुंची। यहां पर फैक्ट्री के गेट को बंद कर दिया गया और छानबीन शुरू की। काफी देर तक छानबीन करने के बाद फैक्ट्री के प्रबंधक को साथ में लिया और दो वाहन पर सवार होकर अधिकारी व कर्मी बरमसिया स्थित फैक्ट्री के ऑफिस पहुंचे और यहां पर कागजातों को खंगालने का काम शुरू किया। हालांकि, टीम में कितने अधिकारी और कर्मचारी हैं, इसकी जानकारी मीडिया को नहीं दी गयी।

# लातेहार में जेजेएमपी का सब जोनल कमांडर सहित दो नक्सली गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस की टीम ने डुडंगी-तुलबुल मार्ग में तुलबुल तालाब के पास से उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर समेत दो उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। बुधवार को लातेहार एसपी कक्ष में

- एक देशी कट्टा व बोलेरो वाहन के साथ कई सामान जब्त
- किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे दोनों उग्रवादी

आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि सूचना मिली थी कि जेजेएमपी संगठन के कुछ सक्रिय उग्रवादी डुडंगी-तुलबुल मार्ग में तुलबुल तालाब के पास किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए पुनि सह थानाप्रभारी चंद्रशेखर चौधरी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल जैसे ही उक्त स्थान पर पहुंची, उग्रवादी भागने लगे। भागने के क्रम में दोनों को खदेड़ कर पकड़ लिया गया। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से एक पिस्टल और छह कारतूस के साथ कई अन्य सामान बरामद किया गया है। गिरफ्तार



नक्सलियों में सब जोनल कमांडर आकाश सिंह और सदस्य अरुण प्रजापति शामिल है। दोनों नक्सली लातेहार जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र के रहनेवाले हैं।

एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली आकाश सिंह जेजेएमपी संगठन के सब जोनल कमांडर है। इसके खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि आकाश के खिलाफ दूसरे जिलों में 10 से अधिक आपराधिक केस दर्ज है। गिरफ्तार नक्सलियों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में कुछ अहम जानकारी मिली है। बता दें कि छापामार दल में पुलिस इंस्पेक्टर चंद्रशेखर चौधरी, चंदवा पुलिस इंस्पेक्टर बबलू कुमार, सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार महतो, रोहित कुमार महतो, राजकुमार तिग्गा आदि पुलिसकर्मी शामिल थे।

# व्यवसायी से 10 लाख रु. रंगदारी मांगने के आरोप में दो गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सुखदेवनगर थाने की पुलिस ने व्यवसायी बबलू चौधरी से दस लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में केशव सिंह और रितिक यादव उर्फ बिट्टू यादव शामिल है। दोनों आरोपी सुखदेव नगर के कैलाश मंदिर लेन चूना भट्टा के रहनेवाले हैं। आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि दोनों आरोपी सुखदेव नगर के छोटा बाबू के नाम पर रंगदारी की मांग की थी। इसके बाद आरोपी लगातार व्यवसायी से रंगदारी की मांग रह रहे थे। आरोपियों ने व्यवसायी को रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। मामले का खुलासा करते हुए प्रभारी सिटी एसपी नौशाद आलम ने बताया कि बीते 29 नवम्बर को बबलू चौधरी से रंगदारी मांगने की जानकारी मिली।

थाना प्रभारी राजेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में एक

- थाने के छोटा बाबू के नाम पर मांगी थी रंगदारी

टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर दोनों अपराधियों को धर-दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

**एक ही मुहल्ले के हैं दो आरोपी :** प्रभारी सिटी एसपी ने बताया कि दोनों आरोपी व्यवसायी के मुहल्ले में ही रहते हैं। इस वजह से व्यवसायी के बारे में दोनों को पूरी जानकारी थी। आरोपियों को व्यवसायी के पास पैसे होने की भी जानकारी थी।

### मटका के मामले में जेल जा चुका है केशव सिंह

**आरोपी** केशव सिंह शातिर अपराधी है। उसके पिता टूटू सिंह का सुखदेव नगर इलाके में मटका का अड्डा चलता था। पुलिस ने छापेमारी कर कुछ अरसे पहले केशव को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मटका का अड्डा बंद होने के बाद आरोपी केशव छोटे-छोटे दुकानदारों से रंगदारी की मांग कर रहा था।

### सड़क दुर्घटना में भाई-बहन की मौत

**गिरिडीह (एजेंसी)।** मुफस्सिल थाना इलाके के मटरूखा महतोडीह में सड़क हादसे में भाई-बहन की मौत हो गयी। मृतकों में जयदेव मंडल का पुत्र अजय मंडल (18 वर्ष) और दीपक मंडल की पुत्री साक्षी कुमारी (8 वर्ष) शामिल हैं। घटना बुधवार की सुबह की है। बताया जाता है कि दोनों ट्यूशन पढ़कर महतोडीह से वापस घर मटरूखा लौट रहे थे। इसी बीच ट्रैक्टर ने सामने से स्कूटी सवार भाई-बहन को धक्का मार दिया। घटना की सूचना पर स्थानीय मुखिया के अलावा अन्य लोग पहुंचे। इसकी सूचना मुफस्सिल पुलिस को भी दी गयी। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। दूसरी तरफ घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# झारखंड पुलिस के दो डीएसपी पर छह साल पुराने मामलों में चलेगा हत्या का मुकदमा



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस के दो डीएसपी पवन कुमार और मजरूल होदा पर हत्या का मुकदमा चलेगा। छह साल पुराने दो अलग-अलग मामलों में सीआईडी जांच के बाद दोनों डीएसपी आरोपी बनाये गये हैं। सीआईडी की जांच रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार ने इनके विरुद्ध मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है। डीएसपी पवन कुमार फिलहाल बोकारो डीआईजी कार्यालय में और मजरूल होदा इंडिया रिजर्व बटालियन-5 जामताड़ा में तैनात हैं। जिन मामलों में इनके खिलाफ मुकदमे की मंजूरी दी गयी है, उसमें पहली घटना 13 जून 2016 की है।

दूसरी घटना रांची के बुंडू थाना क्षेत्र में आठ जुलाई 2016 की है। बुंडू के आदर्श नगर निवासी 17 वर्षीय रूपेश स्वांसी की पुलिस हिरासत में मौत हो गयी थी। रूपेश के पिता भूषण स्वांसी ने अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। आरोप लगाया था कि 7 जुलाई 2016 को पांच बजे सिविल ड्रेस में दो पुलिसकर्मी उसकी दुकान पर आये और पूछताछ करने के नाम पर रूपेश को ले गये। रूपेश के पिता जब सुबह थाने गये तो पुलिसकर्मियों ने इधर-उधर की बातें कीं। बाद में बताया कि रूपेश को रिम्स में भर्ती किया गया है। पिता रिम्स पहुंचे तो रूपेश मृत अवस्था में मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रूपेश के शरीर पर 16 जगहों पर जख्म की बात सामने आयी थी।

# दो गिलास से ज्यादा दूध पीने से हृदय रोग व प्रोस्टेट कैंसर होने का खतरा

- आरपी सिंह

**नयी दिल्ली।** यदि आप पहलवानी या कड़ी मेहनत वाले काम नहीं करते हैं और एक या दो गिलास से ज्यादा दूध पीते हैं, तो आपको हृदय रोग, प्रोस्टेट कैंसर, त्वचा रोग सहित कई तरह की बीमारी हो सकती है। दूध प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन व खनिज से भरपूर होत है, लेकिन इसे जरूरत से ज्यादा सेवन करने पर नुकसान कर सकता है। बार-बार दूध पीने से अस्वस्थता, जी मिचलाना, थकान और सुस्ती जैसी समस्याएं हो सकती हैं। दूध में ए1 कैसिइन होता है, जो कई बार आंतों में सूजन जैसी समस्या पैदा कर सकता है। दूध पीने से पेट भर जाता है। लेकिन दूध को ज्यादा




मात्रा में पीते हैं, तो उल्टी भी हो सकती है, असहजता महसूस हो सकती है। क्योंकि भारी होने के चलते पचने में समय लगता है। गाय का दूध कुछ हल्का होता है, तो थोड़ा जल्दी पच जाता है। वैसे तो दूध हड्डियों के विकास और मजबूती के लिए अच्छा स्रोत माना जाता है, लेकिन ज्यादा सेवन से उल्टा असर हो सकता है। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि जो लोग कम दूध पीते थे, उनमें हड्डी के फ्रैक्चर या सूजन से पीड़ित होने की संभावना कम थी। अमेरिकन इंस्टीट्यूट फॉर कैंसर रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार ज्यादा कैल्शियम युक्त दूध पीने से प्रोस्टेट कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। 2012 में एमसीबी द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, दूध में लैक्टोज नामक चीनी होती है, जो महिलाओं में ओवेरियन का कैंसर के खतरे को बढ़ाती है। ब्रिटिश मेडिकल ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# 40 क्विंटल धान की बालियों से सजा मां अन्नपूर्णा का दरबार

- आरएनएम

**वाराणसी।** जिस मां अन्नपूर्णा से बाबा विश्वनाथ ने भी भिक्षा मांगी थी, उस मां का ही आशीर्वाद है कि काशी में कभी भी कोई भूखा नहीं सोता है। उस अन्न की देवी व काशी की अन्नदाता मां अन्नपूर्णा का दरबार 40 क्विंटल धान की बालियों से सजाया गया। इसके साथ ही माता के 17 दिन के व्रत का समापन भी हुआ। पूर्वांचल के किसानों ने मां अन्नपूर्णा को धान की पहली फसल अर्पित की। अन्न की देवी भगवती अन्नपूर्णा का मंगलवार को मध्याह्न भोग आरती के बाद गर्भगृह में श्रृंगार हुआ। एक दिन पहले ही पूरे मंदिर परिसर को सजाया गया। 13 नवम्बर से शुरू महाव्रत का समापन हुआ। उद्यापन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने 21, 51, 101 और 501 परिक्रमा कर हाजिरी लगायी। मां अन्नपूर्णा के दर्शन के लिए सुबह से मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। पूर्वांचल के किसान पहली फसल मां को अर्पित करते हैं। इन्हीं बालियों से माता का श्रृंगार किया गया। मान्यता है कि माता को पहली फसल अर्पित करने से धन्य धान्य की कमी नहीं होती। श्रृंगार में लगे इन धान की बालियों को प्रसाद स्वरूप भक्तों को दिया जाता है। मान्यता है कि धान के इन बालियों को घर के अन्न भंडार में रखने से कभी अन्न की कमी नहीं होती है।

# आज से भारत की जी-20 की अध्यक्षता की पारी शुरू



- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री।

**जी-20** की पिछली 17 अध्यक्षताओं के दौरान वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने, अंतर्राष्ट्रीय कराधान को तर्कसंगत बनाने और विभिन्न देशों के सिर से कर्ज के बोझ को कम करने समेत कई महत्वपूर्ण परिणाम सामने आये। हम इन उपलब्धियों से लाभान्वित होंगे तथा यहां से और आगे की ओर बढ़ेंगे। अब, जबकि भारत ने इस महत्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आपसे यह पूछता हूं- क्या जी-20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव को उत्प्रेरित कर सकते हैं? मेरा विश्वास है कि हम ऐसा कर सकते हैं। हमारी परिस्थितियां ही हमारी मानसिकता को आकार देती हैं। पूरे इतिहास के दौरान, मानवता अभाव में रही। हम सीमित संसाधनों के लिए लड़े, क्योंकि हमारा अस्तित्व दूसरों को उन संसाधनों से वंचित कर देने पर निर्भर था। विभिन्न विचारों, विचारधाराओं और पहचानों के बीच, टकराव और प्रतिस्पर्धा आदर्श बन गये। दुर्भाग्य से, हम आज भी उसी शून्य-योग की मानसिकता में अटके हुए हैं। हम इसे तब देखते हैं जब विभिन्न देश क्षेत्र या संसाधनों के लिए आपस में लड़ते हैं। हम इसे तब देखते हैं जब आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को हथियार बनाया जाता है। हम इसे तब देखते हैं जब कुछ लोगों द्वारा टीकों की जमाखोरी की जाती है, भले ही अरबों लोग बीमारियों से असुरक्षित हों। कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि टकराव और लालच मानवीय स्वभाव है। मैं इससे असहमत हूं। अगर मनुष्य स्वाभाविक रूप से स्वार्थी है, तो हम सभी में मूलभूत एकात्मता की हिमायत करनेवाली इतनी सारी आध्यात्मिक परंपराओं के स्थायी आकर्षण को कैसे समझा जाये?

भारत में प्रचलित ऐसी ही एक परंपरा है जो सभी जीवित प्राणियों और यहां तक कि निर्जीव चीजों को भी एक समान ही पांच मूल तत्वों- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पंचतत्व से बना हुआ मानती है। इन तत्वों का सामंजस्य- हमारे भीतर और हमारे बीच भी- हमारे भौतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आवश्यक है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारी थीम - 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है। ये सिर्फ एक नारा नहीं है। ये मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं। आज हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# पुराने मोबाइल को बेचने या किसी को देने से आपका खाता हो सकता है खाली

❍ बेचने या किसी को देने के पहले उसके सभी डाटा डिलीट कर फॉर्मेट करा दें

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** यदि आपका मोबाइल खराब हो गया है, टूट गया है, पुराना हो गया है, तो इसको किसी को देने या बेचने या कबाड़ी को बेचने से पहले दस बार सोच लीजिए, वरना आपका बैंक खाली हो सकता है। आपका हर तरह का डेटा चोरी हो सकता है। इसलिए जब भी आपका मोबाइल टूटे या खराब हो या अपना मोबाइल बदलें, तो उसमें से सारा डाटा हटा दें। उसको फैक्ट्री फॉर्मेट में करा दें ताकि उसके हार्डडिस्क में मौजूद डेटा भी खत्म हो जाये। यदि आपका मोबाइल अचानक बंद हो गया है तो उसको बेचने से पहले ठीक कराकर उसमें मौजूद सारा



डेटा डिलिट करा फैक्ट्री फॉर्मेट में करवा दें। देशभर में पुराने मोबाइल के बदले कोई सामान देनेवाला गैंग काम कर रहा है। विशेषकर छोटे कस्बों व गांव में पुराने मोबाइल खरीदने के लिए फेरी लगायी जाती है। ऐसे लोग गांववालों से पुराने मोबाइल खरीद रहे हैं और उसके बदले में उन्हें फल, सब्जियां, प्लास्टिक का सामान, मुर्गी के चूजे, कपड़े जैसे सामान देते हैं। गांववालों को लगता है कि अब ये पुराना मोबाइल किसी काम का तो है नहीं, घर में रखकर बर्बाद करने से अच्छा है कुछ सामान ही आ जायेगा। इस तरह वो इस गैंग के झांसे में आ जाते हैं। इसलिए फेरीवालों को मोबाइल कत्तई नहीं बेचें, क्योंकि इनमें से कई हैकर गैंग से जुड़े होते हैं। आप अपने पुराने फोन को कबाड़ समझ कर कुछ रुपये में अपना पुराना मोबाइल उसको बेच देते हैं और वे हैकर गैंग के हाथों में दे देते हैं जो आपके बैंक खाते को हैक करके उससे पैसा निकाल लेते हैं। फिर आप कहते फिरते हैं कि मेरे बैंक से पैसे हैकर ने निकाल लिये। जबकि आपके पुराने मोबाइल में आपके बैंक का डाटा मौजूद रहता है।

### पुराने मोबाइल की मदद से साइबर अपराधी पहुंच जाते हैं बैंक तक, खाता कर देते हैं खाली

आपके पुराने मोबाइल की मदद से साइबर अपराधी आपके बैंक तक पहुंच जाते हैं, आपका खाता खाली हो जाता है और आप यह समझ ही नहीं पाते कि ये कैसे हुआ। जबकि आप जो मोबाइल खरीदते हैं वह आपके नाम पर रजिस्टर्ड होता है। आप अपना पुराना मोबाइल किसे बेच रहे हैं, ये आप जानते ही नहीं। इस तरह के अपराधी जब आपका मोबाइल किसी वारदात के समय इस्तेमाल करते हैं, तो पुलिस छानबीन करते हुए रजिस्टर्ड ग्राहक के रूप में आपका नाम सामने आने पर आपके यहां पहुंच जाती है। उस समय आप फंसते हैं। इसलिए यदि आप किसी को चलती हालत में अपना मोबाइल बेचते हैं तो उसका आधार कार्ड, पता आदि का प्रमाण ले लें, उसे मोबाइल बेचने का लिखित ले लें।

## न्यूज गैलरी

### यूपी एमएलसी विनित सिंह का नामकुम में किया गया स्वागत



नामकुम। यूपी मिजार्पुर के एमएलसी विनित सिंह का नामकुम के गड़ढबा में समाजसेवी सह भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बैठक आहूत किया गया। इस दौरान झारखण्ड की राजनीतिक, संगठन व अन्य विषयों पर चर्चा की गई। एमएलसी विनित सिंह ने कहा कि इस दौरान मनोज सिंह ने कहा कि कहा की झारखण्ड में जल्द ही बडा बदलाव देखने को मिल सकेगा। वही नेतृत्व कर रहें मनोज सिंह विनित सिंह राजनिति में अच्छी पकड़ के साथ समाज सेवी भी है, जो लोगों की सेवा में लगे रहते है। जिस कारण भाजपा के विनीत सिंह का निर्विरोध अपना एमएलसी चुना। इस मौके पर किसान मोर्चा दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल सह प्रभारी बिकु सिंह उर्फ राजा सहाब, मुकेश सिंह उर्फ निलू हर्षवर्धन सिंह, अनिकेत सिंह, आशीष सिंह, समीर सिंह, अरबिन्द सिंह, सुबोध सिंह शामिल थे।

### राजीव भाई दीक्षित व्यक्ति नहीं एक विचार थे : डॉक्टर बीके सिंह



रांची। बुधवार को विश्वा संजीवनी ट्रस्ट एवं कुमार नेचुरोपैथी, योग एवं आयुर्वेद चिकित्सालय, प्रगति पथ लोअर चुटिया, रांची के तत्वावधान में अमर शहीद राजीव भाई दीक्षित का जन्म दिवस एवं बलिदान दिवस ट्रस्ट के सचिव डॉ. बीके सिंह (आयुवेर्दाचार्य) के अध्यक्षता में भाई राजीव दीक्षित के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं प्रसाद वितरण कर मनाई गई। इस मौके पर नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन एवं गरीब, जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित छात्र क्लब चिकित्सक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने कहा हमें दीक्षित जी द्वारा आयुर्वेद के क्षेत्र में किए गए अनुसंधान को जन-जन तक पहुंचानी चाहिए। ट्रस्ट के सचिव डॉ. बीके सिंह ने दीक्षित के जीवन इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा दीक्षित व्यक्ति नहीं एक विचार थे और विचार कभी मरता नहीं। उनकी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना हमारा परम धर्म एवं कर्तव्य है। दीक्षित का जन्म 30 नवंबर 1967 एवं निधन 30 नवंबर 2010 को हुआ था। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सानिया सिंह ने कहा गांव अथवा शहर में ट्रस्ट के सौजन्य से नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन कर हमेशा दीक्षित को स्मरण किया जाएगा। वहीं राजकिशोर राणा ने कहा भाई राजीव दीक्षित एक भारतीय वैज्ञानिक थे जो आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति द्वारा प्रत्येक बीमारी के उपचार का अनुसंधान किए थे। आज भी उन्हें आयुर्वेद का भीष्म पितामह माना जाता है।

### आड्रे हाउस में सार्थक हुनर कला प्रदर्शनी का आयोजन 3 दिसम्बर को, दिव्यांग दिखाएंगे प्रतिभा

रांची। प्रेस क्लब, रांची में बुधवार को सार्थक के द्वारा प्रेस मीट का आयोजन किया गया। इसकी ओर से श्रेया तिवारी, मधुलिका पाठक ने बताया कि विश्व विकलांगता सप्ताह के अवसर पर 3 दिसंबर को दिव्यांगजनों के द्वारा सार्थक हुनर कला प्रदर्शनी का आयोजन आड्रे हाउस में होगा। इसमें परिवर्तन सोसाइटी के अलावा एनएएआई एवं साइट सेवर का भी सहयोग रहेगा। श्रेया के मुताबिक झारखंड के सभी दिव्यांग विभिन्न कौशलों में अपनी बहु-प्रतिभाओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए इसमें भाग ले सकते हैं। कला और शिल्प, हथकरघा, डिजाइनिंग ड्रेस, ज्वैलरी, कुकिंग, इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज, मैकेनिकल एक्सेसरीज आदि किसी भी कैटेगरी में हुनरमंद दिव्यांग इस प्लेटफार्म का उपयोग कर सकते हैं। प्रदर्शनी में नेशनल एबिलिम्पिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया का अहम रोल है। उसके जरिये व्यावसायिक कौशल विकास को बढ़ावा देने और आयोजित करने, दिव्यांग लोगों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने एवं उनके व्यवसाय के लिए समाज में जागरूकता पैदा करने के लिए एक विशेष प्रयास इसके जरिये होगा।

### रातू में आजसू पार्टी ने बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर सब-स्टेशन का किया घेराव

# कार्यालय में ताला जड़ फरार हुए अधिकारी, कार्यकर्ता धरने पर बैठे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रातू।** बिजली की आंखमिचोली व लचर व्यवस्था से परेशान ग्रामीणों संग आजसू पार्टी के कार्यकताओं ने बुधवार को रातू सब स्टेशन में धरना प्रदर्शन किया । जिप अध्यक्ष निर्मला भगत व आजसू के हटिया विधानसभा प्रभारी भरत कांसी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता के अलावा ग्रामीण शामिल हुये। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा की किसी भी हाल मे बिजली की लचर व्यवस्था को बर्दास्त नही किया जायेगा। आजसू पार्टी हमेशा लोगो की परेशानियों को दूर करने की लड़ाई लड़ी है। बिजली विभाग कार्यालय घेराव की खबर पर विभाग के अधिकारी कार्यालय में ताला जड़ फरार हो गये। आजसू के कार्यकर्ता संबंधित अधिकारियों को बुलाने की मांग को लेकर झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड रातू चट्टी प्रांगण में दर्री बिछाकर धरने पर बैठ गये। इसके कुछ देर बाद विभाग के ही किसी व्यक्ति को 8 सूत्री मांग पत्र सौंप एक सप्ताह के अंदर बिजली की समस्याओं का समाधान करने की मांग की। मांगे पूरी नही होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गयी। मौके पर जिप सदस्य मनीषा देवी, आजम अंसारी,विवेक सिंह, राजाराम , चिंटू मिश्रा, संजय गोप , प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव,सलगी देवी, बंधु महतो ,प्रदीप पटेल, सुनील पहान, पांडु उराँव, सुशील घोष, के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



#### यह है 8 सूत्री मांग पत्र

क्षेत्र में बिजली की लचर व्यवस्था दूर करना, बिजली कटौती को यथाशीघ्र समाप्ति, गांव में तार, पोल एवं ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराना, नए बिजली कनेक्शन के लिए लो जाने वाली रिश्वत की राशि को फिक्स एवं सूचना पट पर अंकित करना, जर्जर तार पोल को यथाशीघ्र बदलना, हुरहुरी ,कन्नौज,परहेपाट के अलावा अन्य गांव में तार, पोल व ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराना। पदाधिकारियों का समय से ऑफिस में बैठना सुनिश्चित करना एवं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बिजली से संबंधित आवेदनों का निष्पादन जल्द से जल्द करना शामिल है।

### गुप्त सूचना के आधार पर डीएसओ ने की कार्रवाई

## रातू झखराटांड़ के एक निजी गोदाम को किया सील



**नवीन मेल संवाददाता**

**रातू।** रातू में पीडीएस अनाज की कालाबाजारी रुकने का नाम नही ले रही है। गुरुवार को जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग ने रातू झखराटांड़ में एक निजी गोदाम की जांच करने पहुंचे। उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि निजी गोदाम में बड़ी मात्रा में जनवितरण दुकानो का पीडीएस चावल रखा गया है। परन्तु गोदाम मालिक को छापेमारी की सूचना पहले ही मिल गयी थी।आनन फानन में गोदाम बंद कर वह फरार हो गया। गोदाम पहुंचने के बाद डीएसओ ने गोदाम में ताला लटकता हुआ पाया। इस पर उन्होंने गोदाम को सील कर दिया। डीएसओ ने बताया कि गोदाम के मालिक का पता नही चल पाया है। गोदाम में भारी मात्रा में पीडीएस चावल होने की सूचना मिली है। परन्तु गोदाम बंद होने के कारण जांच पड़ताल नही हो पाया। फिलहाल गोदाम को सील कर दिया गया है।

# ठाकुरगांव के मुड़ला टोली बजरंगबली मंदिर से अखरा तक पेवर ब्लॉक सड़क का शिलान्यास किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड के ठाकुरगांव के मुड़ला टोली बजरंगबली मंदिर से अखरा तक पेवर ब्लॉक सड़क का शिलान्यास किया गया। इस दौरान पथ का शिलान्यास भाजपा के प्रदेश के नेता व राज्यसभा सांसद आदित्य साहू एवं मांडर के पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, पूर्व विधायक रामकुमार पहान, भाजपा के प्रदेश के कई नेता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। उद्घाटन से पूर्व अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं गमछा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आदिवासी बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं द्वारा अतिथियों का स्वागत गीत गाकर स्वागत किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने संबोधित करते हुए सरकार की कमियों को बताया।, और गांव - गांव में जाकर जागरूक करने की बात कही। उद्घाटन के बाद राज्यसभा सांसद आदित्य साहू सहित अन्य अतिथियों ने आदिवासी बालिका विद्यालय ठाकुरगांव पहुंचे।, और विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभात तिवारी से बात कर स्कूल के विभिन्न समस्या जैसे स्कूल के बाउंड्री, चार दिवारी, स्कूल भवन, पानी, बिजली सहित सभी समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर विद्यालय परिसर में राज्य सभा सांसद आदित्य साहू ने लोगों को संबोधित करते हुए विद्यालय को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभात तिवारी से बात की, और विद्यालय के सभी समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया।



### पानी का मीटर खराब है तो तीन माह के बाद सूचना जारी

**रांची।** राजधानी में पानी का बिल ज्यादा आने की शिकायतों में वृद्धि के बाद रांची नगर निगम ने आम सूचना जारी की है। निगम ने कहा कि अगर किसी उपभोक्ता का मीटर खराब हो गया है तो तीन माह के भीतर निगम को इसकी सूचना दें। अन्यथा निगम द्वारा पिछले तीन माह का औसत शुल्क मासिक जल शुल्क के रूप में लिया जाएगा। वहीं, दो माह तक लगातार पानी का बिल जमा नहीं करने पर उपभोक्ता से 1.5 फीसदी प्रति माह ब्याज के साथ मासिक शुल्क वसूल किया जाएगा। निगम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी शहरवासी समय से अपने जल शुल्क का भुगतान करें। निगम ने कहा कि अगर किसी कारणवश निगम का टैक्स कलेक्टर उनके इलाके में नहीं पहुंच पा रहा है तो वे मीटर रीडिंग की फोटो लेकर निगम के जन सुविधा केंद्र में जाकर बिल डिमांड जेनरेट करा बिल का भुगतान कर सकते हैं।

### खरसीदाग ओपी आवंटन से अधिक जमीन पर ओपी कर रही है कब्जा

# विधायक के नेतृत्व में ग्रामीणों ने खरसीदाग ओपी में की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी द्वारा आर्वंटित 30 डिसमील जमीन से ज्यादा जमीन कब्जा करने को लेकर बुधवार को विधायक राजेश कच्छप के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों ने ओपी में बैठक की। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक राजेश कच्छप प्रमुख आशा कच्छप नामकुम थानेदार सुनील कुमार तिवारी मुखिया पुस्पा तिर्की पूर्व मुखिया रिवेस उरांव सहित अन्य लोग मौजूदी बैठक हुई।



**क्या कहते है ग्रामीण :** ग्रामीणों द्वारा मौके पर ही ग्राम प्रधान हेमंत होरी की अध्यक्षता में ग्राम सभा की बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से ओपी की जमीन का सीमांकन कराने और ओपी परिसर स्थित पडहा जितरा खुटा को ओपी से मुक्त कराने की मांग अवल अधिकारी से की गयी। ग्रामीणों का कहना था कि ओपी को तीस डिसमिल जमीन आवंटित है और ओपी द्वारा जेसीबी चलवा कर आवटित से ज्यादा जमीन कब्जा किया जा रहा है। प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील तिवारी व ओपी प्रभारी सुखेदव शाहा ने कहा कि ग्रामीणों के बैठक में निर्णय के अनुसार ओपी का सीमांकन नामकुम अंचल के द्वारा कराया जाएगा। नियमानुसार जो निर्णय लिया जाएगा व मान्य होगा।

### ठंड के सीजन में इस बार मेहरबान है मौसम

**रांची।** झारखंड में ठंड के दौरान इस बार मौसम मेहरबान है। राज्य में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की गतिविधि कम होने के कारण ठंड सामान्य है और आसमान साफ है। बंगाल की खाड़ी में भी स्थिति सामान्य बनी हुई है। इससे कहीं भी बारिश नहीं हुई। मौसम की इस मेहरबानी से राज्य के पलामू को छोड़कर अन्य सभी भागों में ठंड सामान्य है। मैदानी भाग से सटे पलामू में न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री तक नीचे गिर गया है। सुबह का कुहासा यहां परेशानी बढ़ा रहा है। पलामू में सर्दी काफी बढ़ गयी है। यहां सुबह के दौरान कुहासा भी ज्यादा है। तापमान सामान्य से तीन डिग्री नीचे है। बुधवार को यहां का न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह राज्य में सबसे कम तापमान रहा। सामान्य से करीब तीन डिग्री नीचे रहने के कारण यहां शीतलहर जैसी ठंड का अनुभव हो रहा है।

# ब्यूरोक्रेसी इतिहास के पन्ने पलटे, गलत का अंजाम गलत होता है : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने राज्य की ब्यूरोक्रेसी को कहा है कि वह इतिहास के पन्ने पलट कर देखें और सोचें कि गलत काम का अंजाम अंत में क्या होता है। बुधवार को बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट पर अपने मुख्यमंत्रित्व काल का अनुभव शेयर किया। वहीं कहा कि हेमंत सरकार के इशारे पर गलत करने वाले कुछ अफसर आजकल परेशानी में अपने अपने संपर्क में जरिए मिलते हैं या मिलने का प्रयास करते हैं। बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि उन अफसरों को अपने किए का भय है कि न जाने कब उनकी गर्दन दबोचा जाए। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ये अफसर अपनी सफाई में कहते हैं कि उनसे दबाव देकर गलत करा दिया, जिससे काफी हैरानी होती है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ऐसे अफसर यह कहते हैं कि जब जान पर बन आएगी तो मजबूरी में सारे पोल पट्टी खोलनी ही पड़ेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे लालू प्रसाद जी का जमाना याद आ रहा है, जब चारा चोरी में उनके सहयोगी अफसर, दलाल, सप्लायर खुद जेल जाने लगे तो सब खुद भी डूबे और लालू प्रसाद को ऐसा डुबाया कि वह इतिहास बन गए। बाबूलाल ने कहा कि पिछली गलतियों का उदाहरण सामने होने के बाद भी आखिर अफसर, नेता लालच में कैसे अपना पूरा करियर दांव पर लगा लेते हैं। बाबूलाल मरांडी ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल की एक घटना भी शेयर की। उन्होंने कहा कि तब उग्रवादियों का उत्पात चरम पर था। उनकी योजना उग्रवादियों को मुख्यधारा में लाने की थी। आदिवासी बाहुल्य एक जिले में कुछ उग्रवादियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देने वाले कुछ लोगों के पीछे पुलिस हाथ धोकर पड़ी थी।



### एचईसी के प्रभारी सीएमडी नवीन सिंघाल और आंदोलनरत एचईसी अधिकारियों के बीच वार्ता विफल

**रांची।** रांची स्थित हेवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन (एचईसी) के इंजीनियरों से लेकर पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का पिछले कई महीनों से वेतन बकाया है । पिछले कई दिनों से एचईसी कर्मी अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं ओर पदाधिकारी मुख्य गेट पर कई दिनों से धरने पर बैठे है। बुधवार को एचईसी के प्रभारी सीएमडी नवीन सिंघाल ओर आंदोलनरत एचईसी अधिकारियों के बीच वार्ता हुई पर वार्ता विफल रही । पदाधिकारियों ने बताया कोई भी मांग पर सहमति नही बनी यही कारण है कि हमारा आंदोलन आगे भी जारी रहेगा ।

गौरतलब है कि कर्मचारियों का 9 महीना ओर अधिकारियों का 13 महीना से वेतन बकाया है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त डोरण्डा थाना काण्ड सं0–223/2014, दिनांक – 30.04.2014, धारा–336(A) भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त उदय ठाकुर, पिता–कुलदीप ठाकुर, सा0–भटको, थाना–मनिका, जिला–लातेहार गिरफ्तारी के भय से भागा फिर रहा है। इनके विरूद्व माननीय न्यायालय से दिनांक–11.06.2021 को इश्तेहार प्राप्त कर अभियुक्त के घर पर इश्तेहार तामिला किया गया है। उक्त अभियुक्त के विरूद्व कुर्की की आवश्यकता है, तामिला इश्तेहार अखबार का लातेहार संस्करण में प्रकाशन कराने की आवश्यकता है।

अत: सभी जन साधारण से अनुरोध है कि काण्ड का प्राथमिकी अभियुक्त उदय ठाकुर के बारे जानकारी प्राप्त होने पर या पता चलने पर इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, रांची। –931706143

थाना प्रभारी, डोरण्डा, रॉंची। –9431706168

PR.NO.283861 Police(22-23):D

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची।

**Office of Executive Engineer**

**Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**

**Very Short Tender e- Procurement Notice (1st Call)**

Tender reference:- HZB/DMFT/DT/12/2022-23 (1st Call) Date :- 29.11.2022

| Sl. No | Particulars | Details | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Construction of Drilled Tube Wells of 125 mm x 115 mm dia. x 60.00 Mtr. avg. depth with installation of India Mark -II ( I.S. 15500 Part-2/2004) Hand Pump in different places of District Hazaribagh under D. W. & S. Division Hazaribagh for the year 2022-23 on "TURN KEY BASIS". | | | | | |
| | | Group No. | No. of D/T | Estimated Cost (in Rs.) | E. M. Required (in Rs.) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
| | | HZB/DMFT/DT-01 | 41 Nos. | 34,10,071/- | 30,000/- | 5,000/- | 60 Days |
| | | HZB/DMFT/DT-02 | 40 Nos. | 33,26,899/- | 30,000/- | 5,000/- | 60 Days |
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 05.12.2022 at 03.00 PM | | | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 12.12.2022 upto 05.00 PM | | | | | |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 13.12.2022 upto 03.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Hazaribag | | | | | |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 14.12.2022 at 11:00 AM | | | | | |
| 6 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 7 | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 8 | Contact no of e-procurement office | 06546-262291; 06546-270154 | | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | | | |

PR 283877 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Hazaribag

### रांची की विधि व्यवस्था पर सांसद संजय सेठ ने किया कैंडल लाइट प्रेस कॉन्फ्रेंस, कहा-

# सरकार भ्रष्टाचारियों की संपत्ति जब्त कर उसपर कार्रवाई करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा कि झारखंड की बदहाली की जिम्मेदार झारखंड सरकार है। इसके 3 वर्ष पूरे होने वाले हैं। इस सरकार ने इन 3 सालों में झारखंड की जनता को खूब सब्जबाग दिखाए परंतु हकीकत हम आए दिन अखबारों में पढ़ा रहे हैं। टीवी चैनलों में देख रहे हैं। महीने में कई बार तो उच्च न्यायालय की टिप्पणी आ जाती है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, बिजली, रोजगार...हर मुद्दे पर यह सरकार पूरी तरह से विफल रही है। रांची की लगातार खराब होती स्थिति पर सांसद न बुधवार को अपने केंद्रीय कार्यालय में कैंडल लाइट प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिजली का आलम यह है कि राजधानी रांची में 6 से 7 घंटे बिजली की कटौती हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो सिर्फ 4 घंटे बिजली मिल रही है। कई उद्योग धंधे बंद होने के कगार पर हैं। लोगों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है, परंतु इन सब से सरकार को कोई मतलब नहीं है। झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स की बात करें। तो वहां की स्थिति पर आए दिन माननीय उच्च न्यायालय टिप्पणी करते हैं परंतु सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता। सांसद ने कहा कि रांची की ट्रैफिक व्यवस्था का आलम यह है कि आधे से अधिक ट्रैफिक वाले स्थानों पर टाइमर नहीं चलता है। जाम बेतहाशा है। बार-बार सलाह देने के बाद भी सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगा, परिणाम है कि आज हर तरफ जाम लग रहा है। रांची का हर नागरिक परेशान है। श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना एक ऐसी योजना है, जिसके तहत केंद्र सरकार गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध करा रही है परंतु राज्य सरकार को यहां भी नागवार गुजर रहा है। और वह अनाज भी कालाबाजार में बेचा जा रहा है। सांसद ने कहा कि भ्रष्टाचार की कहानी तो पूछिए मत। ईडी अब संपत्तियां जप्त करने में लगा हुआ है। झारखंड में कोई एक पूजा सिंघल या अभिषेक झा नहीं हैं। यहां कई पूजा सिंघल कुंडली मारे बैठे हैं। मेरा आग्रह राज्य सरकार से थोड़ी सी भी लोक लज्जा और मर्यादा बची हो तो इन सभी भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करें। उनकी संपत्ति जप्त करें और इनकी संपत्ति का उपयोग जनकल्याण के काम में किए जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल, स्कूल कॉलेज खोले जाएं। पल्स अस्पताल को भी ईडी के द्वारा जप्त करने की बात सामने आई है। श्री संजय सेठ ने कहा कि राज्य सरकार से मेरा आग्रह है कि ईडी से बात करके उक्त अस्पताल को रिम्स के हाथों दे दिया जाए। इससे और अधिक गरीबों का इलाज हो सकेगा। कुछ दिन बाद यह सरकार 3 साल का कार्यकाल पूरा करेगी तो झूठ की उपलब्धियां गिनाई जाएंगी।



### झारखण्ड के राजनीतिक घटनाक्रम एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी

रांची । झारखण्ड प्रदेश काँग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर नेता विधायक दल आलमगीर आलम झारखण्ड सरकार में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख विधायक प्रदीप यादव ने इंदौर में राहुल गांधी जी के नेतृत्व में चल रहे भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेने के पश्चात झारखण्ड वापसी के क्रम में बुधवार को दिल्ली पहुंच कर अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमिटी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल से मुलाकात कर झारखण्ड के राजनीतिक घटनाक्रम एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश काँग्रेस कमिटी के प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि झारखण्ड प्रदेश काँग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संगठन महासचिव को प्रदेश में बारह जिलों में अब तक आयोजित हुए भारत जोड़ो यात्रा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# न्यूज गैलरी

## सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप करने से ओबीसी का हक मिलने की संभावना बढ़ी : राजेश गुप्ता

रांची। सर्वोच्च न्यायालय के नोटिस के बाद झारखंड सरकार को अब चेत जाना चाहिए और अविलंब ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई पूरा कर सुप्रीम कोर्ट को सौंप कर नगर निकाय चुनाव ओबीसी आरक्षण देकर कराएं। हेमंत सरकार अगर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के आंदोलन पर ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई की होती तो आज सुप्रीम कोर्ट का नोटिस नहीं मिलता. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप करने से ओबीसी का हक मिलने की संभावना बढ़ गई है। इसके लिए सर्वोच्च न्यायालय का आभार व्यक्त करता हूं। उपरोक्त बातें बुधवार को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट के द्वारा सरकार को नोटिस दिए जाने पर कही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा पंचायत चुनाव से पूर्व और पंचायत चुनाव के बाद सरकार से ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई पूरी करने के लिए लगातार आंदोलन किया बावजूद सरकार एक न सुनी अब सरकार को बिना देर किए हुए ओबीसी का हक नगर निकाय चुनाव में आरक्षण देकर सुनिश्चित करें। उसके बाद ही नगर निकाय चुनाव हो।

## कोलकाता में द्विपक्षीय चर्चा के लिए भाकपा (माले) व पीसीसी, भाकपा (माले) बैठक आयोजित

रांची। भाकपा (माले) और पीसीसी, भाकपा(माले) की केंद्रीय कमेटियों की बुधवार को कोलकाता में द्विपक्षीय चर्चा के लिए बैठक हुई। जबकि भाकपा (माले) का प्रतिनिधित्व का. विश्वम, महासचिव और कॉम. सुबोध मित्रा, सदस्य, केंद्रीय कॉमिटी एवं पीसीसी- सीपीआई (एमएल) का प्रतिनिधित्व कॉम. सुभाष देब, महासचिव, और कॉम. अनिरुद्ध, सदस्य,केंद्रीय कॉमिटी द्वारा किया गया है। संगठन, राजनीतिक स्थिति, मुद्दों, दिशा के बाद कार्यक्रम संबंधी बिंदु और विचारों का आदान-प्रदान पर यह तय किया गया है कि इसके लिए एक एकीकृत कम्युनिस्ट पार्टी आवश्यक है। ऐसी पार्टी बनाने के लिए एक प्रक्रिया विकसित करनी होगी और शुरू करनी होगी। इस समय हम सैद्धांतिक, राजनीतिक, संगठनात्मक और आंदोलनात्मक महत्व के मुद्दों को उठाने के लिए कम्युनिस्ट क्रांतिकारी समूहों की एक समन्वय समिति बनाने का प्रस्ताव रखते हैं। यह बैठक इन समूहों के बीच समन्वय समिति बनाती है जिसमें निम्नलिखित नाम है: भाकपा(माले) से: कॉम. विश्वम, कॉम.अरविंद सिन्हा, कॉम. सुबोध मित्रा एवं पीसीसी, भाकपा(माले) से कॉम. सुभाष देब, कॉम. डीसी गोहाई, कॉम. अनिरुद्ध शामिल हैं। कोलकाता के इस बैठक में यह भी प्रमुखता के साथ घोषणा किया गया है कि देश के अन्य कम्युनिस्ट क्रांतिकारी ताकतों को इस समन्वय प्रक्रिया में लाने का प्रयास किया जायेगा।

### वेटनरी कॉलेज के छात्रों ने उत्साह के साथ मनाया फ्रेशर्स डे

# उत्कृष्ट प्रदर्शन से कॉलेज का मान बढ़ाएं छात्र : बीएयू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीन संचालित रांची वेटनरी कॉलेज में बुधवार को धूम-धाम के साथ फ्रेशर्स डे मनाया गया। मौके पर कॉलेज के सेकंड ईयर बैच 2020-21 के छात्र-छात्राओं ने पुष्प वर्षा एवं बुके से स्नातक पाठ्यक्रम में नव नामांकित बैच 2021-22 के सभी 64 छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। वरीय छात्रों ने स्वागत गीत से नये छात्रों का अभिनन्दन किया। सभी छात्रों को बहुमूल्य गिफ्ट भी प्रदान किये। इस अवसर पर वरीय छात्र-छात्राओं ने मोनो एक्ट, गायन, नृत्य एवं मिमिक्री से कार्यक्रम में समां बांधा। मौके पर सभी 64 नये छात्रों ने अपना परिचय, विशेष लगाव के विषयों एवं रूचि से अवगत कराया। नये छात्र-छात्राओं ने अपनी पारंपरिक गायन एवं नृत्य कला, हास्य




कविता एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कॉलेज के 62 वे स्थापना दिवस और पुनः एक वर्ष की मान्यता मिलने से छात्रों में काफी जोश एवं उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन सीनियर छात्रों में सुजीत कुमार जायसवाल, सुजीत कुमार, राहुल यादव, विजय कुमार एवं योगेन्द्र भोक्ता के द्वारा किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डीन वेटनरी डॉ. सुशील प्रसाद ने छात्रों को कॉलेज के गौरवपूर्ण इतिहास से अवगत कराया। कॉलेज के पाठ्यक्रम के विषय-वस्तु एवं आवासीय शिक्षा के सबंध में बताया। उन्होंने छात्र जीवन में अनुशासन एवं कड़ी मेहनत को सर्वोपरि रखने तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपील की। ताकि कॉलेज का मान पुनः स्थापित की जा सके। मौके पर कॉलेज के सभी प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं और कर्मचारी भी मौजूद थे।

◆कॉलेज के सेकंड ईयर बैच 2020-21 के छात्र-छात्राओं ने पुष्प वर्षा एवं बुके से स्नातक पाठ्यक्रम में नव नामांकित बैच 2021-22 के सभी 64 छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। वरीय छात्रों ने स्वागत गीत से नये छात्रों का अभिनन्दन किया।

# झारखंड राज्य नाइन ए साइड जूनियर फुटबॉल टीम सेमीफाइनल में जगह बनाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 10वीं सब जूनियर (बालक) नाइन ए साइड राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का अयोजन 28/11/2022 से 30/11/2022 तक तुकोजी राव पवार फुटबॉल स्टेडियम भोपाल रोड देवास मध्य प्रदेश में मध्य प्रदेश नाइन ए साइड फुटबॉल संघ के द्वारा, नाइन ए साइड फुटबॉल फेडरेशन के मार्ग दर्शन में अयोजित हो रही है। जिसमें झारखंड टीम ने अपने पूल लीग मैच में मध्य प्रदेश को 02-0 से, उतराखंड को 04-01 से एवं महाराष्ट्र को 03-02 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किए और क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश को कड़े मुकाबले में 04-02 से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई कल सुबह सेमीफाइनल में झारखंड का मुकाबला गोवा से होगा। सब जूनियर टीम - करमचंद उरांव (कप्तान), कंचन उरांव(उप कप्तान), श्रवण मुंडा,स्टेनिश लकड़ा, सक्ति मुंडा, विशाल मुंडा, अशीष कुजूर, विक्की लकड़ा, आदित्य उरांव, अमित मुंडा, बसन्त उरांव, अंकित प्रधिया, पवन भुइया, स्टैनिस लकड़ा, कोच शिव महतो सामिल हैं। यह जानकारी ब्रजेश गुप्ता ने दी।

# झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ट्राइबल डेवलपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के क्रियान्वयन द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आसनबेरिया पंचायत भवन, जामताड़ा में किया जा रहा है। मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत लाभार्थियों का प्रशिक्षण जो कि भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा आयोजित किया गया। दिनांक 30.11.2022 दिन बुधवार को प्रशिक्षण के पांचवें दिन प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक आकाश कुमार व चन्द्रेस्वर ओझा ने किया । जिसमें देवकिशोर कुमार का विशेष सहयोग रहा।

इस परियोजना के अंतर्गत फतेहपुर ब्लॉक के आसनबेरिया ग्राम (10) एवं अंधारो ग्राम (10) और आमशहरी ग्राम (10) कुल 30 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण के पांचवें दिन मधुमक्खी की बाहरी व आंतरिक शारीरिक संरचना के बारे में जानकारी दी गई तथा मधुमक्खी के विभिन्न अंगों का अध्ययन व उन अंगों विभिन्न कार्य को प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से समझाया गया तथा उन्हें मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया, मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया ।

## कांके में रूम टू रीड पुस्तकालय शुरू

**रांची।** राजकीयकृत उर्दू प्राथमिक विद्यालय, कांके में बुधवार को रूम टू रीड पुस्तकालय की शुरूआत हुई। वार्ड नंबर-5 की पार्षद गायत्री देवी ने उद्घाटन किया। मौके पर रूम टू रीड संस्था के लिटरेसी फेसिलिटेटर उमाशंकर शर्मा समेत सभी शिक्षक व लगभग 200 बच्चे उपस्थित थे। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि केजी से पंचम तक के बच्चों के लिए यह पुस्तकालय है। पुस्तकों से अच्छा मित्र कोई नहीं, बच्चे इससे लाभान्वित होंगे। इसके खुलने से बच्चों को काफी लाभ होगा और ज्ञान की प्राप्ति होगी।

### श्री श्याम मंदिर में 26वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

# भक्तजन बजरंग बली की जय-जयकारों से भाव-विभोर हुए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 26वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। मंडल के उप मंत्री अनिल नारनोली ने महाबली बजरंगबली की पावन अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर केसरिया पेड़ा, चना, गुड़, केला फल का प्रसाद अर्पित किया। सुगंधित इत्र चढ़ाकर श्री रामचरितमानस पाठ वाचक का पूजन किया। इसके बाद पाठ वाचक मनीष सारस्वत हरिओम शर्मा ने श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। पाठकों ने उपस्थित सैकड़ों भक्तों से संगीत में श्री सुंदरकांड का भक्ति भाव से पाठ करवाया बजरंग बली की जय-जयकारों से भक्त भाव विभोर हो रहे थे। श्री हनुमान जी महाराज के दिव्य पावन अखंड ज्योति में सैकड़ों भक्तों ने आहुति देकर अपने लिए सुख समृद्धि की कामना निवेदित की श्री सुंदरकांड के पाठ के बाद पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया महा आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ श्री श्रवण जी ने चना प्रसाद घृत सेवा श्री प्रवीण मंगल गिरिगोला सेवा श्री संतोष पोद्दार ने परिवार संग हनुमान जी के दरबार में निवेदित की इस अवसर पर सुरेश सरावगी विश्वनाथ नारसरिया सरवन जी गौरव अग्रवाल मोनू अनिल नारनौल संजय सराफ रौनक पोद्दार ने प्रसाद वितरण व्यवस्था में सहयोग किया।

**शनिवार को श्री श्याम भंडारा :** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर शनिवार 3 दिसंबर को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में संध्या 5:00 बजे से 39वा श्री श्याम भंडारा होगा।



## न्यूज गैलरी

### अखिल भारतीय मंत्री ने सरस्वती शिशु विद्या स्कूल बेड़ो का किया निरीक्षण



**बेड़ो।** विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव जी ने बुधवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेड़ो का औचक निरीक्षण किया। मौके पर गुमला विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र, रांची विभाग के निरीक्षक फनींद्र नाथ आदि मौजूद थे। वहीं अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश नारायण सिंह ने कराया। राव जी ने आचार्य के साथ बैठक में लार्ड मैकाले की शिक्षा नीति एवं भारतीय शिक्षा नीति पर व्याख्यान दिया। उन्होंने भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के अनुरूप शिक्षा देते हुए सर्वांगीण विकास की चर्चा किया। इस दौरान उन्होंने शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास हेतु खेलकूद और योग पर चर्चा किया। वहीं मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष भवानी शरण सिंह, सचिव वाणी कुमार राय, कोषाध्यक्ष भीखा उरांव समेत सभी आचार्य एवं शिक्षिका मौजूद थे।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता का समापन

**चाईबासा ।** खेलो झारखंड-2022-23 अंतर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय शहर चाईबासा स्थित पांच केंद्रों पर आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता का सिंहभूम एसोसिएशन ग्राउंड चाईबासा में बुधवार को समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त अनन्य मित्तल के द्वारा जिला भू अर्जन पदाधिकारी एजाज अनवर, जिला शिक्षा पदाधिकारी ललन कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार सहित सभी क्षेत्रीय/अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी की मौजूदगी में कक्षा 6 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 के बालक एवं बालिका वर्ग में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी तथा एथलीट प्रतियोगिता के तृतीय, द्वितीय एवं प्रथम स्थान पर काबिज खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता समापन समारोह के अवसर पर उपायुक्त के द्वारा सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।

### कर्मियों की लापरवाही से परिजनों को नहीं मिल पा रहा योजनाओं का लाभ

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत चपरी निवासी एक युवक की दो माह के अंतराल में दो बार मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। बता दें कि चपरी निवासी मोतीलाल साह के 27 वर्षीय पुत्र श्रीकांत कुमार की मौत पिछले माह 11 अगस्त 2022 को चेन्नई के पेरूनगड्डी के एमएसआर कंट्रक्श के अधीन सेटरिंग कार्य में काम करने के दौरान हो गई थी,जिसका पेरूनगड्डी अपोलो अस्पताल से पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी बनाया गया है। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि उसी मृत युवक श्रीकांत को भवनाथपुर प्रखंड के कर्मियों द्वारा लापरवाही बरतते हुए दूसरी बार उसी युवक को चपरी में गांव में ही 11 अक्टूबर 2022 को मृत घोषित कर मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया। जिससे मृत युवक के परिजन को सरकारी सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मृतक की पत्नी सुमन देवी ने पत्रकारों को बताया कि हम ब्लॉक में चेन्नई से आये हुए कागज जमा की थी,लेकिन मृत समय से दो माह बाद ब्लॉक कार्यालय से मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया गया। बीडीओ जयपाल महतो से पूछे जाने पर कहा कि जांच कर जो भी दोषी होंगे उन पर कार्रवाई करेंगे।

### रास्ते से गायब चावल मामले में दर्ज प्राथमिकी पर नहीं हुई कार्रवाई



**मांडर।** घपला बोफोर्स का हो या चारा घोटाला,घपले पर लाख हंगामा करे कोई पर मामला अंतत: लीपापोती पर ही समाप्त होता है। जिस गोदाम को जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी राँची ने 973 क्वींटल चावल के रास्ते से ही गायब होने के बाद 24 नवंबर को शील कर दिया दिया था। उसी प्रखंड के पीडीएस गोदाम को प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकरी सह प्रभारी ए जी एम रंजन गुप्ता ने खोल दिया है। इस मामले में कई लोगों को आरोपी बना कर मांडर थाने में प्राथमिकी दर्ज भी कराई गई थी पर कार्रवाई टांय टांय फिस्स रहा अभी तक। मांडर विधायक ने जिस प्रकार अधिकारियों को लीपापोती करने का आरोप लगाते हुए उग्र होकर विचार व्यक्त किया था वो लगता है सही था। नीचे तबके के कर्मचारियों पर कार्रवाई करके आला अधिकारी कानूनी प्रक्रिया से मुक्त हो गए। खैर गोदाम बंद रखना भी उचित नहीं था, क्योंकि स्कूली बच्चों एवं गरीब जनता को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ती है,घपला बाज लोगों को तो कोई फर्क पड़ता ही नहीं है।

---

### नगर भवन में संवाद-सह-लंबित परिवाद पत्रों से संबंधित जन-सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

# व्हाट्सअप पर कर सकेंगे डीलरों के गड़बड़ी की शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग राँची द्वारा सिमडेगा जिले के सभी पंचायतों के मुखिया से संवाद - सह- लंबित परिवाद पत्रों से संबंधित जन-सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन सिमडेगा में किया गया। झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी एवं सदस्य शबनम परवीन को पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों एवं जिले के पदाधिकारियों के द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी, सदस्य शबनम परवीन और आयोग के अन्य सदस्यों ने विभिन्न पंचायतों से आए हुए मुखिया से बातचीत की, इस दौरान उन्हें राज्य खाद्य आयोग के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जुड़ी जन वितरण योजना, मध्याह्न भोजन योजना, आंगनबाड़ी केंद्र, मातृ वंदना योजना से संबंधित जानकारी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा दी गई। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला आपूर्ति पदाधिकारी पूनम कच्छप ने बताया कि जन शिकायत के अंतर्गत टोल फ्री नं 1800-212-5512 एवं जिला के द्वारा जारी व्हाट्सएप नंबर 9334258855 के माध्यम से भी शिकायत की जा सकती है।

आयोग के अध्यक्ष द्वारा पंचायत के मुखियाओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि वो अपनी शिकायत कहां रख सकते हैं, मुखिया की जिम्मेदारी क्या है और वो दूसरे लोगों को भी कैसे जानकारी दे सकते हैं, यदि



कोई शिकायत करनी हो तो कहां पर करें, यदि दूसरे लोगों को शिकायत करनी है तो वह कहां पर शिकायत कर सकते हैं।

सभी पंचायत के मुखियाओं को संबोधित करते हुए झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने कहा कि जिले में एक भी मौत भूख से होने पर उसकी जवाबदेही पंचायत के चुने हुए प्रतिनिधियों खासकर मुखिया की होगी, क्योंकि वही पंचायत स्तर पर बनी खाद्य सुरक्षा योजना की निगरानी समिति के पदेन अध्यक्ष होते हैं, जिसके तहत इस योजना से जुड़ी सभी जानकारी और उनके क्रियान्वयन में आ रही कठिनाई को दूर करने के लिए शिकायत का अधिकार उनके ही पास हाता है। संवाद और जन सुनवाई कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से योजना को लेकर आयोग के समक्ष आ रही शिकायतों की समीक्षा के बाद विभाग की ओर से प्रदेश के हर जिला मुख्यालय में संवाद और जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना से जुड़ी जानकारी जन प्रतिनिधियों को दी जा रही है। प्रमुख रूप से मुखियाओं को आमंत्रित कर उन्हे आंगनबाड़ी से लेकर स्वास्थ्य विभाग तक की ओर से चलाई जा रही खाद्य सुरक्षा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। शिकायत के लिए व्हाट्सएप नंबर जारी में उन्होंने कहा कि डीलर या किसी भी संबंधित पक्ष द्वारा गड़बड़ी किए जाने पर डीजीआरओ से इसकी शिकायत की जा सकती है। यदि 30 दिनों के भीतर उनके कार्यालय से निवारण नहीं होता है, तो आयोग द्वारा जारी व्हाट्सएप नंबर 9142622194 के माध्यम से आयोग को भी शिकायत की जा सकती है। इसपर संज्ञान लेते हुए आयोग त्वरित कारवाई करेगा।

#### आकस्मिक निधि के तहत 10 हजार की राशि से राशन खरीदने की कही बात

अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने कहा कि जरूरतमंदों व्यक्ति जिनका राशन कार्ड नहीं है, परंतु उन्हें राशन की अति आवश्यकता है इसके लिए मुखियाओं को मिलने वाले आकस्मिक निधि के तहत 10 हजार रुपए की राशि से उन लोगों को राशन खरीद कर देने की बात कही, । जन सुनवाई के दौरान अधिकांश मुखियाओं ने पीडीएस के दूर होने से लाभुकों को होने वाली समस्या के अलावा खराब नेटवर्क की जैसे समस्याओं से आयोग को अवगत कराया। खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि जिस क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या है वहां अपवाद पंजी में दर्ज कर राशन राशन वितरण सुनिश्चित कराने की बात कही। अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा ने जनसुनवाई में आये मुखिया जनों को इस योजना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी जन प्रतिनिधियों को दी। साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जुड़ी कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तुत जानकारी दी।

---

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में मासांत बैठक का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर सलडेगा में हुआ मासांत बैठक का आयोजन ।बैठक का शुभारंभ प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू द्वारा सरस्वती माता, ओउम् तथा भारत माता के तस्वीर के समक्ष पुष्पार्चन तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।विद्यालय परिवार के सभी आचार्य-आचार्या के साथ प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया ।इस बैठक में विगत महीनों के कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी माह के लिए रूपरेखा तैयार की गई। 1 दिसंबर 2022 से प्रारंभ हो रहा है शिशु वाटिका अर्थात कक्षा शिशु प्रवेश, शिशु बोध और शिशु प्रथम के नामांकन प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई गई। इस अवसर पर 18 दिसंबर 2022 दिन रविवार को विद्यालय में पुरातन छात्र सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया ।यह आयोजन विद्यालय के पुरातन भैया-बहनों के लिए आयोजित होगा जो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण हैं। यह एक सुअवसर होगा कि वे विद्यालय परिसर में आकर अपने आचार्य-आचार्या तथा अपने सहपाठियों से फिर से मिलकर अपना बचपन दोबारा जी सकें। इस अवसर पर 1 दिसंबर से प्रारंभ होने वाले द्वितीय सावधिक परीक्षा के सफल संचालन के लिए भी गहन मंत्रणा की गई। बैठक में प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने उपस्थित आचार्य-आचार्या के साथ विद्यालय विकास के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की तथा भैया-बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए आचार्य-आचार्या को लगातार चिंतनशील तथा क्रियाशील रहने का मंत्र दिया ।बैठक के दौरान विगत 17 नवंबर से चल रहे अभिभावक संपर्क महाअभियान के प्रगति पर चर्चा की गई। बैठक का समापन संघ प्रार्थना के साथ किया गया।

## एसएक्सआई ने फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब से किया एमओयू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सुपरक्रॉस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एस-एक्स-आई) ने भारत सरकार के युवा मामलों और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त मोटरस्पोर्ट्स की शासी निकाय फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया (एफएमएससीआई) को आधिकारिक रूप से सौंपने की घोषणा की। इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग नामक दुनिया की अपनी तरह की पहली सुपरक्रॉस रेसिंग लीग शुरू करने के लिए विशेष वाणिज्यिक अधिकारों के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस अवसर पर बोलते हुए फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष गौतम




शांतप्पा ने कहा कि फेडरेशन पूरी तरह से एस-एक्स-आई टीम का समर्थन करता है और दृढ़ता से विश्वास करता है कि वे खेल को आगे ले जाएंगे और इसे एक नए स्तर पर ले जाएंगे। भारत में एक खेल के रूप में सुपरक्रॉस युवा, तकनीक-प्रेमी जनसांख्यिकीय के बीच एक बड़े दर्शक वर्ग को आकर्षित करेगा। एफएमएससीआई के सुपरक्रॉस रेसिंग कमीशन के अध्यक्ष सुजीथ कुमार ने कहा कि युवा आयोजकों के खेल में आने से भविष्य उज्ज्वल दिख रहा है। पूर्व-रेसर्स को अलग-अलग भूमिकाओं में खेल में फिर से प्रवेश करते देखना बहुत खुशी की बात है। इस अनोखे खेल को आगे ले जाएंगे और इसे एक नए स्तर पर ले जाएंगे।

### ब्राउन शुगर के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर में इन दिनों ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री में बेतहाशा वृद्धि हो रही है. इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बुधवार को ही बागबेड़ा पुलिस ने 14 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया था। इधर मानगो पुलिस ने भी 52 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लिए गए आरोपियों में बैकुंठ नगर निवासी राजा कुमार, गुरुद्वारा रोड निवासी संजय अमन सिंह और बलदीप सिंह उर्फ पाठक शामिल है। आरोपियों के पास से कुल 52 पुड़िया ब्राउन शुगर के अलावा 11,590 रुपए नकद बरामद किया गया है। जानकारी देते हुए डीएसपी हेडक्वार्टर 1 वीरेंद्र राम ने बताया कि बीते दिनों पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बैकुंठ नगर में कुछ युवक ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहे है। सूचना पाकर पुलिस ने छापेमारी की और तीनो को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पूछताछ के क्रम में जानकारी मिली की सभी आदित्यपुर से ब्राउन शुगर की खरीद कर इलाके में बेचते थे। राजा पूर्व में भी आर्म्स एक्ट जैसे मामले में जेल जा चुका है। फिलहाल सभी को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

### बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**गढ़वा।** पलामू जिले के लेस्लीगंज गांव निवासी सरजू लाल का पुत्र अरुण कुमार लाल मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अरुण कुमार लाल अपने घर से मोटरसाइकिल लेकर बहन के यहां कांडी जा रहा था। इसी दौरान माझीयाव थाना क्षेत्र के कौवाखोह गांव के पास उसी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके बाद घटना के जानकारी मिलने के बाद परिजन ने उसे सदर अस्पताल लाया।

## सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए दक्षिण भारत की भ्रमण पर गये 50 छात्र लौटे वापस लोहरदगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सीआरपीएफ 158 बटालियन एवं नेहरू युवा केन्द्र, के सौजन्य से सांस्कृतिक आदान-प्रदान हेतु 14वें जनजातीय कार्यक्रम की शुरूआत 18 नवंबर 2022 को लोहरदगा से की गई थी। 50 छात्र-छात्राओं का यह दल दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य के बैंगलोर शहर का भ्रमण करके आज बुधवार को ' वापस लोहरदगा पहुँचा। जहां सीआरपीएफ 158 बटालियन द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया । छात्र-छात्राओं को इस कार्यक्रम में प्राप्त अनुभव के बारे में पूछने पर उन्होंनें बताया कि इसमें उन्हें बहुत कुछ सीखने एवं देखने का मौका मिला, वहां के लोगों का रहन-सहन, संस्कृति, साफ-सफाई तथा विकास इत्यादि । युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय, नेहरू युवा केन्द्र संगठन बैंगलोर द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें इस दल की




छात्रा विद्यारानी कुमारी को भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान (पुरस्कार रुपए 5000/-), सुशांति उराँव को चतुर्थ स्थान (पुरस्कार रुपए 1000/-) से सम्मानित किया गया तथा सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा में सुनिला इक्का एण्ड टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए रुपए 10000/- का इनाम जीता इसके अलावा विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिए सभी छात्र एवं छात्राओं को उनके प्रोत्साहन हेतु प्रशस्ती प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर संतोष कुमार पाल, द्वितीय कमान अधिकारी डॉ. रणजीत कुमार (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), मनोज कुमार, उप कमा. प्रतिभा यादव उप कमा. - 158 बटालियन के रि.पु.बल तथा नेहरू युवा केन्द्र, लोहरदगा के रामाशीष चौधरी, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक, अनिल उरॉव, शशि कुमार, विनोद भगत और के.रि. पु. बल के अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

## मलेरिया प्रशिक्षण व हाइड्रोसिल ऑपरेशन कैम्प का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मलेरिया प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । इस मौके पर फाइलेरिया, मलेरिया एवं डेंगू के बारे में विस्तार से सहिया साथियों को प्रशिक्षण दिया गया । बताया गया कि हमलोग कैसे काम करेंगे, कैसे मरीज को पहचानेंगे , ब्लड स्लाइड कैसे लेंगे, जाँच में पी0 भी0 या पी0एफ0 केस आने पर हम लोग कैसे उपचार करेंगे । इस संबंध में सहिया साथियों सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया । वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य केंद्र में हाइड्रोसिल ओपरेशन कैम्प एवं पुरुष नसबंदी किया गया । जिसमें दस लोगों का हाईड्रोसिल ऑपरेशन एवं तीन लोगों का एन0एस0भी0 किया गया । इस मौके पर डॉ0 कमलेश उराँव, डॉ0 दिलीप कुमार बेहरा, डॉ0 देबातोष भूटिया, डॉ0 दानिश, जिला मलेरिया सलाहकार सुशांत कुमार, विकास कुमार, रॉबर्ट सुरीन, डॉन प्रभात, इरकन एक्का सहित स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे ।

---

### नगर निगम देवघर एवं नगर परिषद मधुपुर द्वारा किये जा रहे कार्यों व योजनाओं की समीक्षा बैठक, बोले उपायुक्त-

# साफ-सफाई की व्यवस्था को और भी बेहतर करने की आवश्यकता

**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में नगर निगम देवघर एवं नगर परिषद मधुपुर द्वारा किये जा रहे कार्यों व योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने कचड़ा प्रबंधन, साफ-सफाई, पीएम स्वनिधि योजना, एनयूएलएम, वाटर सप्लाई, वाटर कनेक्शन सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ विभिन्न योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया।

इसके अलावा समीक्षा के क्रम में उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत सभी 36 वार्डों में रोजाना के कचड़ा उठाव, साफ-सफाई को लेकर किये जा रहे कार्यों के अलावा पछियारी कोठिया स्थित ठोस कचड़ा प्रबंधन प्लांट की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ ही उपायुक्त ने नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत अतिक्रमण को लेकर किये जा रहे कार्यों



को लेकर नगर निगम के अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि सभी 36 वार्डों में विशेष निगरानी रखें और अतिक्रमण मुक्त निगम क्षेत्र को बनाने की दिशा में कार्य करें। आगे उपायुक्त ने नगर निगम के सभी सफाई कर्मियों को मिल रही सुविधा एवं सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ ही सफाई कर्मियों को राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित करने का निर्देश उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को दिया।

समीक्षा बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने साफ-सफाई के साथ थर्मोकॉल व प्लास्टिक के उपयोग को नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने की दिशा में जमीनी स्तर पर कार्य करने का निदेश दिया। साथ ही उपायुक्त ने न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराते हुए देवघर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सभी विवाह भवन, बैंक्वेट हॉल, होटल, रेस्ट्रॉरेंट एवं कॉमर्सियल स्थलों पर आयोजित होने वाले आयोजनों विवाह आदि कार्यक्रमों में रात्रि प्रतिबंधानुरूप 10:00 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग पूर्ण रूप बंद कराने का निदेश नगर निगम के अधिकारियों को दिया। साथ ही उन्होंने साथ ही ध्वनि प्रदूषण भी होता है । आगे उपायुक्त ने इन सभी स्थलों पर किसी भी परिस्थिति में अपने भवनों में प्रतिबंधित पॉलिथिन, थर्मोकॉल का उपयोग पूर्ण रूप से बंद कराना सुनिश्चित करें। साथ ही इस तरह के कृत्य किये जाने वाले लोगों के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए उक्त भवन को शील करने का निदेश उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को दिया।

इसके अलावे बैठक के दौरान नगर आयुक्त शैलेन्द्र कुमार लाल, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रवि कुमार, नगर निगम देवघर व नगर परिषद मधुपुर के प्रशिक्षु सहायक नगर आयुक्त, डीसी सेल के प्रतिनियुक्त अधिकारी, सिटी मैनेजर सतीष दास, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## लचरागढ़ खुटीयारी नाला में सड़ी अवस्था में व्यक्ति का मिला शव

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लचरागढ़ के खुटियारी नाला में सोमवार सुबह सड़ी- गली अवस्था में एक व्यक्ति का शव पाया गया। घटना की सूचना मिलने के उपरांत कोलेबिरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए जांच में जुट गई है। शव की पहचान लचरागढ़ के चटक टोली निवासी धनंजय सिंह (धनो) उम्र करीब 27 वर्ष, पिता स्वर्गीय गणेश सिंह ग्राम लचरागढ़, चटक टोली के रूप में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह मानसिक रूप से विक्षिप्त था। शव को नाले से निकालने के पश्चात शव की पहचान आसपास के ग्रामीणों ने किया। मृतक के बड़े भाई अमरजीत सिंह ने बताया कि उसका भाई धनंजय सिंह कुछ दिन पूर्व घर से कही चला गया था जिसे पूरा परिवार उसका खोजबीन कर रहा था। उसका कहीं



पता नहीं चल रहा था तत्पश्चात उन्हें सोमवार सुबह को सड़ी -गली अवस्था में उसकी लाश लचरागढ़ जेरले टोंगरी के नीचे खुटियारी नाला में मिला। कोलेबिरा पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है एवं जांच में जुट गई है।

## न्यूज गैलरी

### उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। मौके पर लोगों ने भूमि, रोजगार, स्वास्थ्य, क्षेत्र के विकास सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### निक्षय मित्र बनाने को लेकर आज प्रखंड सभागार में होगी बैठक



**बरही।** देश को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की गई है। इसके लिए समाजसेवी, प्रबुद्धजन, संस्थान या सामर्थ्यवान व्यक्ति का निक्षय मित्र के रूप में चयन किया जा रहा है। यह निक्षय मित्र स्वेच्छा से अपने निजी खर्च पर टीबी के ईलाजरत मरीजों को पोषाहार और अन्य जरूरी सहायता उपलब्ध करवाएंगे। प्रखंड में भी टीबी के मरीजों को सहायता प्रदान करने के लिए निक्षय मित्र बनाये जाने है। इन्ही सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श हेतु बीडीओ ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया है। जो अपराह्न 1.00 बजे से प्रखंड सभागार में आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में बीडीओ ने पत्र जारी कर बैठक में जिप उपाध्यक्ष, जिप सदस्य, प्रमुख, उपप्रमुख, 20 सूत्री अध्यक्ष, सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य आदि से उपस्थित रहने की अपील करते हुए इस कल्याणकारी योजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील किया है। जिससे बरही प्रखंड को कुष्ठ मुक्त बनाने में सकारात्मक कदम उठाया जा सके।

### एलएनजेपी ने कोनरा पंचायत भवन में लगाया नेत्र जांच शिविर

**बरही।** एनबीजेके द्वारा संचालित लोकनायक जयप्रकाश नेत्रालय द्वारा बुधवार को कोनरा पंचायत भवन में नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ प्रवीण कुमार सिंह, एएनएम इमराना खातून और ओपीडी प्रभारी रतन प्रजापति के संयुक्त प्रयास से 87 लोगों का नेत्र जांच किया गया। जिसमें कुल 27 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। चिकित्सीय टीम से मिली जानकारी के अनुसार सभी चयनित मरीजों का लोकनायक जयप्रकाश नेत्रालय में नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। जिसमें रहने खाने के साथ चश्मा और दवाइयां भी नि:शुल्क दिए जायेंगे।

### निवेदन समिति की बैठक ने विस्थापितों को किया मायूस

**बरही।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बयान जारी कर बताया कि मंगलवार को संपन्न हुए निवेदन समिति की बैठक ने विस्थापितों को स्पष्ट कर दिया कि मालिकाना हक एक लंबी प्रक्रिया है। इसके लिए लंबे समय का इंतजार करना पड़ेगा। परंतु नेताओं के द्वारा स्थानीय जनता को दिग्भ्रमित कर तत्काल मालिकाना हक दिए जाने की बात करना मात्र एक छलावा और दिग्भ्रमित करने वाला बयान है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया कि मालिकाना हक की प्रक्रिया एक जटिल प्रक्रिया है। जो राज्य सरकार से होते हुए केंद्रीय सदन तक जाएगी। इसमें फिलहाल कई अड़चनें हैं, इसके लिए अभी लोगों को इंतजार करना होगा। सच्चाई जानकर यहां के लोग मायूस हैं।

### फांसी लगाकर कोबरा के जवान ने की खुदकुशी

**बरही।** बुधवार को कोबरा 203 बटालियन परिसर में एक जवान के द्वारा फांसी लगाने का मामला सामने आया। हालांकि फांसी के मामले में अभी तक कोई अधिकृत बयान जारी नहीं किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वाहिनी का जवान पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन में था। इसी क्रम में यह हादसा हुआ। शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा जा चुका है।

### रुचि कुजूर ने झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग में दिया योगदान

**हजारीबाग।** हजारीबाग की रुचि कुजूर ने झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग कार्यालय में बुधवार को योगदान दे दिया। सर्वप्रथम आयोग की अध्यक्ष काजल यादव ने पदभार ग्रहण किया। फिर सदस्य रुचि कुजूर, सुनील कुमार वर्मा, मिन्हाजुल हक, उज्जवल प्रकाश तिवारी ने योगदान दिया। आयोग की सदस्य सचिव अर्चना मेहता, अवर सचिव जयश्री, कार्यालय प्रधान शकील अहमद, सहायक रूबी रानी ने अध्यक्ष और सदस्यों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। सदस्य सचिव ने कहा कि बहुत दिनों से आयोग भंग था, अब आप लोगों के योगदान से कार्यालय के कार्यों में तेजी आएगी। आयोग की अध्यक्ष काजल यादव ने सदस्यों के साथ मिल कर कार्यालय का मुआयना किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ में यह भी बताया कि पूरे राज्य के समस्याओं से अवगत होकर उचित कार्रवाई की जाएगी। बाल संरक्षण और उनसे जुड़े समस्याओं का निदान किया जाएगा।

### अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर जब्त

**पदमा।** बुधवार को पदमा अंचलाधिकारी मो मुजाहिद अंसारी ने पदमा प्रखंड के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी ने बताया कि जब्त किये गए ट्रैक्टरों को पदमा थाना परिसर में रखा गया है और इसकी सूचना डीएमओ और डीटीओ हजारीबाग को दे दी गई है।

### सेवानिवृत्त शिक्षिका को दी गयी भावभीनी विदाई

**इचाक।** गवर्नमेंट मिडिल स्कूल बोंगा की सेवानिवृत्त शिक्षिका पुष्पा रानी बीबियाना आइंद के विदाई पर स्कूल परिसर में समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक भीम लाल प्रसाद ने की एवं संचालन सहायक शिक्षिका प्रीति मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि मुखिया उमेश प्रसाद ने शिक्षिका के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनकी लंबी आयु की कामना की।

---

### कृषि गणना के लिए प्रथम चरण का प्रशिक्षण सम्पन्न

# किसानों का स्वामित्व, परिचालन जोतों की संख्या व क्षेत्रवार डाटा एकत्रित करने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कृषि गणना वर्ष 2021-22 का प्रथम चरण का प्रशिक्षण उपायुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें सभी अंचलाधिकारी, अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उपनिरीक्षक ने भाग लिया। यह कृषि गणना स्मार्टफोन, टेबलेट, लैपटॉप डिवाइस का उपयोग करके के एप के माध्यम से डाटा को संग्रह किया जाना है। कृषि गणना का मुख्य उद्देश्य किसानों के लिए विकास योजना, सामाजिक




आर्थिक नीति निर्माण एवं राष्ट्रीय प्राथमिकताओं की स्थापना के लिए किया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी ने बताया की प्रथम चरण में किसानों का स्वामित्व, परिचालन जोतों की संख्या और क्षेत्र पर डाटा एकत्रित करने हेतु विशेष रूप से बताया गया। प्रथम चरण में किसानों का आकार वर्ग, सामाजिक समूह, जोत का प्रकार, लिंग, किराएदारी, स्वामित्व, पट्टे पर या अन्य संचालित के संबंध में एप पर एंट्री करने हेतु बताया गया। प्रथम चरण का कार्य दिसम्बर माह से प्रारंभ किया जाना है

## हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स का जिला कॉन्फ्रेंस आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स झारखंड राज्य जिला मुख्यालय रामगढ़ द्वारा गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में बुधवार दोपहर 2:00 से 4:00 बजे तक जिले के सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/ प्रधानाध्यापिकाओं के साथ जिला कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिला कॉन्फ्रेंस में लगभग 300 प्रधानाचार्य व प्रधानाध्यापिकाओं ने भाग लिया । इस कॉन्फ्रेंस में हिन्दुस्तान स्काउट्स गाइड्स की राज्य टीम व जिला टीम ने हिन्दुस्तान स्काउट्स एवम गाइड्स किस प्रकार रामगढ़ जिले में स्काउट गाइड की ट्रेनिंग को संचालित करेगी इस विषय पर चर्चा की गई। मौके पर आये हुए अतिथि अध्यापकों के सवालों का समाधान किया गया और उन्हें रामगढ़ जिले में हिन्दुस्तान स्काउट्स गाइड्स के साथ सहयोग करने के लिए आग्रह किया।

## सुखाड़ राहत योजना और मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतगावां।** प्रखंड के प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में बुधवार को मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना एवं मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव ने प्रखण्ड के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। सभी जन प्रतिनिधियों से अपील किया गया कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत वैसे लोग जो एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष प्राप्त कर लिए है उनका मतदाता सूची में नाम जोड़ना है। नए नियम के अनुसार वर्ष में प्रत्येक तीन महीने पर कट ऑफ डेट के जरिये मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य होगा। वहीं श्री उरांव ने कहा कि जिनके पास आधार या कोई प्रमाण नही है उनको जन प्रतिनिधि के द्वारा प्रमाण दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये ऑन लाइन भी किया जा सकता है। मौके पर प्रमुख प्रतिनधि रामावतार चौधरी, 20 सूत्री अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह, जेएसएस राजो पासवान, मुखिया अनिता देवी, उत्तम कुमार, मन्टू चौधरी, सदानन्द यादव, गंगिया देवी, मुखिया प्रतिनिधि सुनील सिंह, शंकर यादव, बिनोद यादव, नारायण राय, पंचायत समिति प्रतिनिधि शैलेष पासवान, मो इबरार, सुभाष राणा, रामबिलास सिंह, सरिता देवी, शेखर सुमन आदि मौजूद थे।

## खेलो झारखंड 2022-23 में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गोला की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गोला की फिजिकल टीचर (वार्डेन) पुष्पा कुमारी ने 30

■ राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

दिसंबर को बताया कि कहा कि खेलो झारखंड 2022-23 में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय गोला मुरपा की छात्राओं ने जिला स्तर पर रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में गोला कस्तूरबा की बच्चियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें मुख्यतः कुश्ती में निराशो कुमारी प्रथम स्थान, मंजू कुमारी 100 मीटर दौड़ में तृतीय, प्रतिमा कुमारी गोला फेंक में तृतीय, कराटे में निशा कुमारी तृतीय, सबिता कुमारी और अंजलि कुमारी द्वितीय, सुषमा कुमारी जैबलिन में तृतीय स्थान प्रदान प्राप्त किया।




सभी अच्छे प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का सेलेक्शन जिला स्तर से अब राज्य स्तर पर किया गया है । जो प्रतिभागी सेकेंड और थर्ड किये है ,उनका राज्य स्तर पर सेलेक्शन नही होता है। बच्चियों की सफलता का श्रेय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय गोला की सभी शिक्षिकाओं को जाता है। सभी की मेहनत,परिश्रम और लगन परिणाम है कि विद्यालय की बच्चियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। फिजिकल टीचर ने कहा कि सभी बच्चियों को और मेहनत करने की सलाह दी है।

## पूर्व विधायक ने रवि यादव को परीक्षा में सफलता पर दी बधाई, ग्रामीणों ने गर्मजोशी से किया स्वागत



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठा डीह निवासी धानेश्वर यादव के पुत्र रवि यादव ने भारतीय सेना(टेक्निकल) परीक्षा में सफलता हासिल की है। उनकी सफलता पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रवि यादव ने देश की सेवा के लिए आर्मी टेक्निकल परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि मैं रवि यादव के साथ-साथ बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के उन सभी नौजवानों को भी बधाई देता हूं जो देश की सेवा करने के लिए भारतीय सेना के जीडी, टेक्निकल, नर्सिंगअस्सिटेंट आदि परीक्षा में पास किये हैं। वहीं रवि यादव की सफलता पर ग्रामीणों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, महावीर यादव, धानेश्वर यादव, उस्मान मियां समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक की बढ़ती लोकप्रियता से विरोधी हताश, जनता को कर रहे दिग्भ्रमित : गोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला की बढ़ती लोकप्रियता के ग्राफ से विरोधी पूरी तरह हताश हो चुका है। उनके पास जनता को दिग्भ्रमित करने के सिवा और कोई भी काम शेष नहीं रहा है। उक्त बातें बुधवार को प्रेस वार्ता में विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, प्रखंड प्रतिनिधि सुनील साहू, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी आदि कंग्रेसियो ने संयुक्त बयान में दिया। पत्रकारों से बात करते हुए नेताओं ने कहा कि चार बार क्षेत्र का नेतृत्व करने वाले (एक बार बतौर वन मंत्री) पूर्व विधायक ने आज तक विस्थापितों की सुध नही ली। आज जब समस्या के समाधान के लिए वर्तमान विधायक के द्वारा सकारात्मक कदम उठाए गए हैं तब भाजपा जिला उपाध्यक्ष के द्वारा जनता को दिग्भ्रमित करने का काम किया जा रहा है । इन



लोगों ने बताया कि वर्तमान विधायक एक न्यायप्रिय व्यक्ति है जो जनसमस्याओं के समाधान के लिए सदैव तैयार रहते है। इन्होंने अपने पहले प्रतिनिधित्व काल में ही इंटक वेल के माध्यम से बरहीवासियो के पानी की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया । परंतु उनके चुनाव हारने के बाद वह काम ज्यों का त्यों धरा रह गया। जो एक बार फिर इनके विधायक बनने के बाद साकार होने के करीब है। वर्तमान विधायक के धोबघट जैसे दुर्गम गांव का दौरा कर बिजली पहुंचाना, रास्ता के लिए सतत प्रयत्नशील रहना, विस्थापितों की समस्याओं को विधानसभा में बार बार उठाना, निवेदन समिति के माध्यम से अधिकारियों को ऑनस्पॉट बुलाना जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य विरोधियों को खलने लगा है। जो अपना जमीन खिसकता देख अनर्गल बयानबाजी प्रारंभ कर दिये है। जिससे समय आने पर विधानसभा की जनता माकूल जवाब देगी। प्रेस वार्ता में हडाही संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, वारिस अंसारी, देवचंद यादव इत्यादि मौजूद थे।

## डिवाइन स्कूल में पासपोर्ट टू अर्निंग कार्यक्रम की शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में पासपोर्ट टू अर्निंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में यूनिसेफ के लर्निंग रिंग्स फाउंडेशन एल एल एफ के रोबिन ,कुमार मुन्ना ने कक्षा नवमी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



उन्होंने ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों के लिए पीटूइ प्रोग्राम काफी उपयोगी है। उन्होंने बताया कि कि यूनिसेफ ने 2018 में 15 वर्ष से 24 वर्ष तक के युवाओं को वैश्विक स्तर पर 21 वीं सदी के अनुरूप डिजीटल सांड स्किल बनाने के उद्देश्य से इस प्रोग्राम को डिजाइन किया गया है। इस प्रोग्राम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी शामिल किया गया है। पीटूइ एक आनलाइन प्लेटफार्म है। इसमें क्यूरेटेड पाठ्यक्रम की एक साक्षरता, वित्तीय साक्षरता ,रोजगार और नेतृत्व आदि शामिल हैं। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि यूनिसेफ की यह पहल छात्रों में स्वरोजगार और नौकरी के अवसरों को प्रदान करने में सहायक है। विद्यालय के निदेशक आई पी भारती ने कहा कि वर्तमान में पीटूइ द्वारा पूरे देश में फ्लाइंग मोड़ में 5 सौ विद्यालयों में रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। साथ ही छात्रों से यह भी कहे कि वे आनलाइन प्रशिक्षण के लिए पीटूइ प्रोग्राम में रजिस्ट्रेशन अवश्य कराएं।

## बुनियादी विद्यालय पंचमाधव में साइंस लैब का हुआ उद्घाटन

### 50 विद्यार्थियों के बीच पोशाक का भी हुआ वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** बुनियादी विद्यालय पंचमाधव के विद्यार्थियों को अब गणित, विज्ञान, भूगोल आदि विषयों को प्रैक्टिकल की भी सुविधा मिलेगी। बुधवार को मुखिया नीलम देवी के द्वारा विद्यालय

■ लाखों की लागत से प्रखंड के छह विद्यालयों में विकसित होना है साइंस लैब

ने साइंस लैब का शुभारंभ किया गया। मौके पर मुखिया ने सरकार द्वारा उपलब्ध 50 विद्यार्थियों के बीच पोशाक वितरण भी किया । उपस्थित अभिभावकों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुखिया ने अभिभावकों से बच्चों को शत-प्रतिशत विद्यालय भेजने की अपील किया। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा विद्यार्थियों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है बावजूद विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं होना चिंता का विषय



है। प्रभारी प्रधानाध्यपक संजय कुमार दुबे ने बताया कि विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के उद्देश्य से ही विभाग ने साइंस लैब गणित, विज्ञान आदि से संबंधित विभिन्न प्रकार के उपकरण करवाए है। परंतु यह साकार तभी हो सकेगा जब बच्चे नियमित विद्यालय आयेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पठन-पाठन में निजी विद्यालय से कमतर नहीं है। सारी सुविधाएं उपलब्ध है, शिक्षको के द्वारा पूर्ण समर्पित होकर विद्यार्थियों को पढ़ाया जाता है।

बाबजूद अभिभावकों के द्वारा बच्चो को विद्यालय नियमित नही भेजना अनुचित है। उन्होंने भी सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार घोष, दामोदर साव, बिन्दिया देवी, सतीश कुमार यादव, गायत्री सिन्हा, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नीलम देवी, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, कामेश्वर रविदास आदि उपस्थित थें। बीपीएम अरुण कुमार से मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के छः विभिन्न विद्यालय बुनियादी स्कूल पंचमाधव, बेंदगी, डपोक, करसो, खोड़ाहर में लाखो रुपए की लागत से साइंस लैब विकसित किए जा रहे है।

## कांग्रेस नेता लालजीत की मौत पर कांग्रेसियों ने दो मिनट का मौन रखा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड परिसर स्थित बरकट्ठा उत्तरी पंचायत भवन में लालजीत रविदास की मृत्यु हो जाने पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से मौन धारण एवं इनके आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस क्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी मणिलाल चौधरी ने कहा कि लालजीत रविदास मित्र के साथ विचारणीय व्यक्ति थे, इसके अलावा संतोष कुमार देव जी ने कहा कि मृतक 1969 से कांग्रेस पार्टी के सदस्य रहे हैं एवं सदा दृढ़ता के साथ पार्टी का दामन थामें रहे। हमेशा ईमानदारी का परिचय दिया और सदैव पार्टी के सिपाही बनकर काम किया। उनके चले जाने से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। साथ ही प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ने कहा कि समाज और पार्टी ने एक ईमानदार नेता को खो दिया, इससे काफी क्षति हुई है। स्वर्गीय लालजीत रविदास के शोक सभा में सभी ने बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित किया और उनके दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 2 मिंट मौन धारण की गई। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, प्रदेश प्रतिनिधि संतोष कुमार देव, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मणिलाल चौधरी, गुरुदेव नारायण प्रसाद, संजय कुमार दास, वीरेंद्र पांडेय, सरफराज खान, अब्दुल अली, भुनेश्वर पांडे, शंकर प्रसाद, पंजाबी रजक, सरजू महतो, योगेश्वर पांडे, हेमराज प्रसाद अशोक गुप्ता भुनेश्वर रविदास अर्जुन तुरी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# न्यूज गैलरी

## पाकरबाहर मोड़ के पास बोलबा पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पाकरबाहर मोड़ के पास बोलवा पुलिस द्वारा सभी प्रकार के वाहनों की जांच की गई। साथ ही चालकों को चेतावनी भी दी गई। इस मौके पर मोटरसाइकिल चालक के हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस सहित सभी प्रकार के कागजातों की जांच की गई। साथ ही सभी प्रकार के सामानों की भी तलाशी ली गई। वाहन चालक द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस या वाहन का रजिस्ट्रेशन पेपर नहीं दिखाए जाने पर पुलिस द्वारा चेतावनी दिया गया। कहा गया की सभी प्रकार के कागजात साथ में लेकर चले। इस मौके पर प्रभारी थाना प्रभारी अभय मिंज ने बताया की दुर्घटना एवं अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर एएसआई भोला प्रसाद सिंह एवं पुलिस बल मौजूद थे।

## एनवाईके के तत्वावधान में स्वयंसेवक नामांकन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कोलेबिरा।** सोमवार को नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के तत्वावधान में सघन स्वयंसेवक नामांकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 15 से 29 वर्ष के वैसे युवा, जो युवा मंडल सदस्य या राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नहीं हैं, वे बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में स्वयंसेवक की एक नयी टीम तैयार करना है। स्वयंसेवकों का नामांकन तीन सालों के लिए किया जा रहा है। कोलेबिरा प्रखंड में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सौरभ बड़ाईक के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं को कोरोना महामारी के समय में स्वयंसेवक की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी। नेहरू युवा केंद्र संगठन पूरे भारत में स्वयंसेवकों की एक टीम बनाकर आगामी किसी भी समस्या या आपदा से निपटने के लिए तैयार रहना चाहता है। कार्यक्रम में संत जेवियर्स उच्च विद्यालय बरवाडीह के विद्यार्थियों समेत अन्य युवाओं ने भाग लिया।

## कुरडेग में बाईक दुर्घटना में पिता की मौत, पुत्र की स्थिति गंभीर



**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के गड़ीयाजोर भलमंडा घाटी में बाईक दुर्घटना में पिता की मौत पुत्र की स्थिति गंभीर। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा प्रसाद गुप्ता उम्र 55 बर्ष कमलेश प्रसाद गुप्ता उम्र 30 वर्ष दोनो पिता पुत्र कुंजारा छत्तीसगढ़ निवासी पल्सर बाईक से सिमडेगा न्यायालय जा रहे थे। इसी क्रम में सुबह 6-0 बजे चालक कमलेश गुप्ता तीखा मोड़ होने से बाईक पर नियंत्रण खो दिया। जिससे दोनो सड़क पर गीर पड़े बाइक पर बैठे कृष्णा प्रसाद की घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं चालक कमलेश प्रसाद की स्थिति गंभीर हो गई। घायल का प्राथमिक ईलाज कुरडेग अस्पताल में करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। गौरतलब हो दोनों ब्यक्ति को माथे पर गंभीर चोट हेलमेट नहीं लगाने से लगी। घटना की सुचना मिलते ही कार्यवाहक थाना प्रभारी अजीत प्रकाश दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर शव अपने कब्जे में कर पोस्ट मार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेजते हुए आवश्यक कानूनी कार्यवाई में जुट गये।

## स्थापना दिवस को लेकर समिति की बैठक आयोजित



**बानो।** प्रखंड के रायकेरा स्थित नवयुवक संघ बाजार समिति रायकेरा के स्थापना दिवस को लेकर समिति के सदस्यों की बैठक घनश्याम सिंह की अध्यक्षता में हुई। मालूम हो कि बाजार समिति की स्थापना दिवस 2 जनवरी 2023 को हैं। कार्यक्रम को लेकर समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक होने वाला मेला के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, नागपुरी, कृषि मेला व जदुरा नाच कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। समिति के 21वां स्थापना दिवस पर धूमधाम से कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।मालूम हो तीन वर्ष कार्यक्रम नही होने के कारण इस बार उत्साह के साथ कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। मौके पर सुमन कुमार सिंह, ओमीन सिंह, बालेश्वर सिंह, बालमुकुंद पाईक, सरयू प्रसाद दिलेश्वर देहरी आदि लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बानो।** प्रखंड के एसएस प्लस टू मैदान बानो में तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बानो प्रमुख सुधीर डांग उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने कहा आज खेल के माध्यम से अपना जीवन सवार सकते हैं। खेल के माध्यम से एक अच्छी जीवन जी सकते है। झारखंड सरकार की ओर से प्रखण्ड स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया है। मन लगा कर खेलें। खेल के माध्यम से किसी क्षेत्र में रोजगार पा सकते है। प्रखंड से जिला व जिला से राज्य स्तर पर खेल के माध्यम से जा कर बानो प्रखण्ड का नाम रोशन करें। सिमडेगा जिला खिलाड़ियों के जिला के रूप में जाना जाता है।खेल का उद्घाटन प्रमुख सुधीर डांग ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच कनारोवां व उकौली पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें कनारोवां की टीम 1-0 से बिजयी रही। फाइनल मैच शुक्रवार को खेला जाएगा। मौके पर बीपीआरओ रबिन्द्र कश्यप, मुकेश कुमार, आकाश महतो, आशुतोष कुमार, मनोज महतो, विकास मघईया, संजय डांग आदि लोग उपस्थित थे।

# जलडेगा में मैन्यू के अनुसार नहीं मिल रहा बच्चों को मिड-डे मील

## विभाग को खबर ही नहीं पिछले एक वर्ष से बच्चों को दाल-भात और सब्जी की जगह खिचड़ी खिला रहे हैं शिक्षक







**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** बच्चों को स्कूली शिक्षा के प्रति आकर्षित करने, बच्चों की अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराने एवं उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू की गई मध्यान्ह भोजन योजना का बच्चों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबकि बच्चों को पौष्टिक आहार देने हेतु सरकार की ओर से मैन्यू भी निर्धारित किया है। लेकिन जिम्मेवार शिक्षक मेन्यू को दरकिनार कर गुणवत्तविहीन भोजन ही बच्चों को परोस रहे हैं। मामला जलडेगा प्रखंड से जुड़ा है जहां बुधवार को आरसी प्राथमिक विद्यालय पतिअम्बा में बच्चों को दोपहर में खिचड़ी दिया गया वो भी जला भुना। जबकि स्कूल में लगे सरकारी मेन्यू के अनुसार बुधवार को दाल भात और सब्जी देना था।

**मध्यान्ह भोजन के नाम पर धड़ल्ले से हो रही है जंगल की कटा :** यहां एमडीएम संचालन में शिक्षकों की मर्जी चलती है। धुंआ रहित राज्य निर्माण के लिए सरकार ने सभी विद्यालयों में एलपीजी गैस कनेक्शन करवाने का निर्देश दिया है, और प्राय प्राय सभी स्कूलों में निर्देश का पालन भी हो चुका है। लेकिन इस विद्यालय में मध्यान्ह भोजन पकाने में शिक्षक गैस के जगह पर लकड़ी का खुलेआम उपयोग कर रहे हैं। और बड़े पैमाने पर जंगलों की कटाई करा रहे हैं। रसोईया आज भी धुंऐ के लपटों में भोजन बना रही है।

### क्या कहते हैं प्रभारी एचएम

मामले पर जब प्रभारी एचएम वाल्टर सोरेंग से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बिगत एक साल से एमडीएम में बुधवार को खिचड़ी खिला रहे हैं। हरा सब्जी नहीं मिलता है। आप पास बज्रपात से मरे हुए पेड़ों को खरीद कर लकड़ी की ब्यवस्था की गई है। जितनी राशि मिलती है उससे गैस खरीदना संभव नहीं है।

### बीईईओ का क्या कहना है?

इधर बीईईओ अरूण कुमार पाण्डे ने कहा की जांच किया जाएगा। एमडीएम पकाने के लिए गैस कनेक्शन दिया गया है।

### कौन होगा जिम्मेदार?

विभागीय मोनिटरिंग टीम जिम्मेवारी के नाम पर महज खानापूर्ति कर रही है। बच्चों के भोजन में कहीं अंडा गायब रहता, तो कहीं मात्र दालभात या सब्जी भात ही दिया जाता है। प्रभारी एचएम के अनुसार पिछले एक वर्ष से स्कूल के बच्चों को सिर्फ खिचड़ी दिया जा रहा है, ऐसे में यहां सवाल खड़ा तय है कि आखिर पिछले एक वर्ष से बीआरसी के जिम्मेदार कर्मियों ने क्यू इस समस्या का समाधान नहीं किया? क्या शिक्षा विभाग के कर्मियों को इसकी जानकारी नहीं थी या जानकारी के बाद मामले पर पर्दा डाल दिया गया। खैर ये तो जांच के बाद ही पता चलेगा।

## जिले के सभी पंचायतों में गृह प्रवेश समारोह का आयोजन

# किस्को में डीडीसी गरिमा सिंह ने लाभुक का कराया गृह प्रवेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत लोहरदगा जिला के मन्हो पंचायत के बंजार किस्को ग्राम में उप विकास आयुक्त लोहरदगा गरिमा सिंह के द्वारा गृह प्रवेश कार्यक्रम के तहत लाभुक काजल माली को आवास का गृह प्रवेश कराया गया। वर्तमान में 15 नवंबर 2022 से 30 नवंबर 2022 तक गृह प्रवेश पखवाड़ा मनाए जाने का निर्देश राज्य स्तर से प्राप्त था जिसके आलोक में जिले के सभी पंचायतों में गृह प्रवेश समारोह का आयोजन किया गया। इस क्रम में आज गृह प्रवेश पखवाड़ा का समापन समारोह उप विकास आयुक्त के द्वारा लोहरदगा सदर प्रखंड के बंजार किस्को ग्राम में किया गया। वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पूर्ण आवासों का गृह प्रवेश बड़े पैमाने पर जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। बुधवार के समारोह में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, जिला समन्वयक कृष्ण कुमार गुप्ता, लेखापाल पूजा कुमारी, प्रखंड समन्वयक संदीप खाखा, धर्मेंद्र उरांव, जनसेवक इंद्रजीत लकड़ा सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### डीआरडीए के लेखापाल हुए सेवानिवृत्त, डीडीसी समेत अन्य ने दी विदाई



**जिला** ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के लेखापाल अनिल बाखला बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। इस मौके पर उन्हें जिला परिषद स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विदाई दी गई। श्री बाखला वर्ष 1990 से डीआरडीए, लोहरदगा में कार्यरत थे। मौके पर उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, परियोजना पदाधिकारी मनरेगा सुधीर मुर्मू, कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद कनकलता भानु एक्का, स्टेनो देवानंद पाण्डेय समेत, गजेन्द्र राम, विवेक सिंह, जिला परिषद, डीआरडीए और विकास शाखा लोहरदगा के सभी कर्मीगण उपस्थित थे।

# वार्ड नं. 15 में जय श्री राम समिति का विस्तार अध्यक्ष शशी भगत व दीपक अग्रवाल बने महामंत्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के वार्ड 15 स्थित राजा बंगला में जय श्री राम समिति की बैठक जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से समिति विस्तार एवं सदस्यता अभियान को लेकर की गई जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शशि भगत, उपाध्यक्ष रवि अग्रवाल, महामंत्री दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजू साहू, संगठन मंत्री नीरज अग्रवाल एवं सत्यदेव साहू को बनाया गया। जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा भगवान बिरसा मुंडा के सपनों को सकार करने के लिए जय श्री राम समिति हमेशा से प्रयासरत रहती है यही कारण जनजातीय समाज का जुड़ाव दिन प्रतिदिन हो रही है। जय श्रीराम समिति एक ऐसा संगठन है जो सनातन समाज को एकजुट करने का प्रयास कर रही है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शशी भगत ने कहा मेरे ऊपर समिति का विश्वास एवं भरोसा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है निश्चित ही मै इसे आगे बढ़ाने का काम करूंगा। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, अनूप गुप्ता, जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला महामंत्री अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू, विक्की कसेरा, सह- कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, अजय कुमार महतो, सुरेंद्र अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, शंभू अग्रवाल, मुकेश साहू, अमित अग्रवाल, प्रदीप उरांव, हरिनाथ साहू, धनेश्वर साहू, उदय साहू, संदीप अग्रवाल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ दो दिवसीय तामड़ा जतरा महोत्सव

# गीत-संगीत व प्राचीन परंपरा को बरकरार रखने का तरीका है जतरा महोत्सव : मजदूर नेता




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत में दो दिवसीय अखंड पंचमी के मौके पर आयोजित यात्रा बुधवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मजदूर नेता राजेश सिंह विशिष्ट अतिथि पंचायत की मुखिया अंजना एक्का, मुख्य संरक्षक शशि यादव के द्वारा विधिवत कार्यक्रम का रिबन काटकर उद्घाटन किया गया। स्वागत भाषण अध्यक्ष हीराराम के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हमारी विरासत और हमारी संस्कृति का बचाव में एक महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्य अतिथि राजेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के दो दिवसीय आयोजन करने के लिए आयोजन समिति को मैं धन्यवाद देता हूं की ऐसे आयोजन करने से हमारे युवा पीढ़ी के अंदर अपनी विरासत और संस्कृति को बचाने में एक अनूठी मिसाल पेश की है। उनका किसी प्रकार आयोजन होता रहे जिससे कि समाज में गीत-संगीत और परंपरा का लगातार युवाओं के अंदर जोश और समाज में धर्म के प्रति लोग जागरूक रहें। उन्होंने युवाओं को नशा पान समाज में फैली कुरीतियों अन्य चीजों से दूर रहते हुए समाज के निर्माण करने के लिए अपील किया। वहीं मुख्य संरक्षक शखि यादव ने कहा आयोजन का एकमात्र उद्देश्य है कि गीत संगीत और हमारे रीझ रंग को बरकरार रखना है। इस मौके पर झारखंड के मशहूर कलाकार राजदेव नायक के द्वारा मां दुर्गा के वंदना के साथ कार्यक्रम का शुरूआत किया वहीं केसो देवी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति किया इसके अलावा आधुनिक नागपुरी गीत के लिए आशीष भारती विनय कुमार प्रीति के द्वारा एक से बढ़कर एक नागपुरी आधुनिक गीत प्रस्तुति करते हुए उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया वह इसके अलावा डांसर में मधु कुमारी, एवं अन्य सिंगरों के द्वारा भी आयोजित मेले में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति किया वहीं आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक शखि यादव, मनोज सिंह, अशोक गुप्ता, फूल चंद ठाकुर, राहुल मिश्रा शत्रुघन श्रीवास्तव, अध्यक्ष हीराराम, उपाध्यक्ष लाल महतो, अरविंद कैथवार, किशोर तूरी, सचिव राहुल कैथवार,अनूप केसरी, रिजवान खलीफा, सह सचिव छोटा साहू, राजकुमार गोप, संतोष साहू, मुकेश गोप, ब्रजनाथ अमन मिश्रा कैथवार, मनीष, बजरंग सुभाष, सरवन, मनीष, अजय, अमन सहित समिति के पदाधिकारियों की भूमिका है।

# कुडू में महिला व बालिका हिंसा के विरुद्ध चलाया गया जागरूकता अभियान




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कुडू में सेंटर कैटलाइजिंग चेंज के कार्यकर्ताओं द्वारा महिला एवं बालिका हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान का आयोजन मध्य विद्यालय जिम्मा कुडू में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में किशोर किशोरियों द्वारा महिला हिंसा विरोधी संबंधित नारा लगाते हुए पुरे गांव का भ्रमण करते हुए वैसे जगह चिन्हित किया गया जहा पर इस तरह की हिंसा अक्सर होती हैं। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए मध्य विद्यालय जिम्मा की प्रभारी प्रधानाध्यापिका शांता कुमारी ने बताया कि बुधवार को लोहरदगा जिले के सभी प्रखंडों में महिला एवं बालिका हिंसा के बिरुद्ध जागरूकता अभियान मनाया जा रहा है। इस दिवस को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि जिन महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ हिंसा हो रही है उन्में जागरूकता आए ताकि जब भी उनके साथ किसी भी तरह की हिंसा हो तो वे उनका विरोध करें और जब विरोध करेंगे। तब ही महिलाओं में होने वाली हिंसा कम होगी। रैली में लड़के भी शामिल हुए और उन्हेने भी प्रण लिया की वे इस तरह की हिंसा को रोकने में अपनी भागीदारी निभाएंगे। सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के द्वारा यह कार्यक्रम 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक लोहरदगा के बिभिंन्न ब्लॉक में चलाया जाएगा। कार्यकर्ताओं द्वारा जागरूकता रैली एवं गाव में लड़को ,लड़कियों एवं महिलाओ के साथ समूह बैठक किया जाएगा ताकि समाज में रहने वाले सभी लोगों में यह जागरूकता आए और वह किसी महिला या किशोरी पर किसी भी तरह का हिंसा ना करें और ना होने दें। इस कार्यक्रम को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में भी विद्यार्थियों के बीच महिला हिंसा विरोधी संबंधित वीडियो क्लिप दिखाकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मध्य विद्यालय जीमा कुडू के शिक्षक, एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के कार्यकर्ता पवन कुमार गुप्ता,नवल किशोर सिंह सहित लगभग 300 किशोर किशोरियों एवं महिलाएं ने अहम भूमिका निभाई।

## जिले के सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विदाई समारोह आयोजित

# शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते वे राष्ट्रनिर्माता होते हैं : सलोमी लकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के सेवानिवृत्त शिक्षक, शिक्षिकाओं का अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला समिति के द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया।

■ शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित रहेंगे तो निश्चित ही समाज में आयेगा बदलाव : डीएसई




रा. प्राथमिक विद्यालय कुटमू के शिक्षक संजय कुमार सिंह, रा मध्य विद्यालय भंडरा के शिक्षक सुदामा राय, मध्य विद्यालय सिठियो की शिक्षिका सुनीता देवी, मध्य विद्यालय रामपुर के शिक्षक अमानउल्लाह, मध्य विद्यालय बंजार किस्को के मुश्ताक अहमद को सम्मानित किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक अपरुपा पाल चौधरी, प्रदेश महासचिव राममूर्ति ठाकुर, प्रदेश सलाहकार समिति सदस्य उतील यादव, अरविंद कुमार सिंह, प्रमंडलीय महासचिव (द० छो०), रांची जिला अध्यक्ष सलीम सहाय तिग्गा, गुमला जिला अध्यक्ष रामचंद्र खेरवार, महासचिव सुरंजन कुमार, पलामू जिला संस्थापक सदस्य रामकुमार सिंह सहित जिले के सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। राजकीय प्राथमिक स्कूल कुटमू की प्रधानाध्यापिका सलोमी लकड़ा ने इस अवसर पर कहा की शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते है, शिक्षक राष्ट्रनिमार्ता है लेकिन शिक्षक को शिक्षक रहने नहीं दिया जा रहा है, स्कूल के शिक्षक संजय सिंह कर्मठ और लगानशील शिक्षक रहे है इनके सेवानिवृत से स्कूल और शिक्षा जगत को भारी कमी महसूस होंगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पाल चौधरी ने कहा की शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित रहेंगे तो निश्चित समाज मे बदलाव आता ही है। राममूर्ति ठाकुर ने कहा की संजय सिंह शिक्षक के साथ साथ संघठन के प्रति भी वफादार रहे है जिसके कारण संजय सिंह एवं अन्य शिक्षक की सेवानिवृत अच्छा ढंग से किया गया, संजय सिंह ने अपने अनुभव मे कहा की मै पेसरार के दुर्गम सिरम माची स्कूल मे पदास्थापित रह कर सेवा प्रारम्भ किया और आज 28 वर्षों की सेवा कर सेवानिवृत होना सुखद अनुभूति रही है। मंच संचालन शिक्षिका रश्मि खेस द्वारा किया गया। इस अवसर पर बिजय दास, गणेश लाल, बिनोद सिंह, अजय सिंह, मनी उरांव, अरुण राम, राहुल कुमार, अजय लाल, शम्भू शर्मा आदि उपस्थित थे।

# भारतीय नागरिक होने के नाते मूल कर्तव्यों का पालन करना हम सब का कर्तव्य : डालसा सचिव



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) दिनांक 26 नवंबर से 02 दिसम्बर, 2022 तक 'संविधान सप्ताह' मानने का कार्य कर रही है। संविधान सप्ताह के तीसरे दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा 'संविधान की महत्ता एवं मौलिक कर्तव्य, आपका दायित्व' विषय को लेकर मंडल कारा, लोहरदगा एवं संप्रेक्षण गृह, गुमला जहां लोहरदगा के 33 बच्चें संसीमित हैं में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संबंध में कैदियों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव, राजेश कुमार ने कहा कि संविधान ने नागरिकों को मौलिक अधिकार दिया है। संविधान ने राज्य को लोक कल्याण से संबंधित नीति बनाने की बात कही है। अनुच्छेद 51 'क' में मूल कर्तव्यों की व्याख्या की गई है जिसका हम सब को पालन करना चाहिए। कैदियों के बीच सभी 11 मूल कर्तव्यों की व्याख्या कर इसका अनुपालन करने का आवाह्न किया गया। कार्यक्रम का संचालन जेलर सुबोध कुमार ने किया। अधिवक्ता सशांक कुमार ने भी कैदियों को संबोधित किया मौके पर पी. एल.भी., दिलीप कुमार साहू, गौतम लेनिन उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

सम्पादक की कलम से...

# टीएसी पर विवाद

**झारखंड** **राज्यपाल** और सरकार के बीच फिर एक बार विवाद गहरा गया है। इस बार विवाद का विषय है टीएसी की बैठक। वैसे तो टीएसी के मामले पर सरकार और राजभवन के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है। तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के वक्त से ही टीएसी को लेकर सरकार और राजभवन के बीच तेवर तल्ख है। अब फिर से मामला सामने आया है। दरअसल, निकाय चुनाव को लेकर सरकार की तरफ से बीते दिनों टीएसी की बैठक बुलायी गयी। जिसके बाद राजभवन की तरफ से फिर से एक बार सरकार को चिट्ठी भेजी गयी। इससे पहले टीएसी गठन को लेकर राजभवन ने चार फरवरी 2022 को आपत्ति जतायी थी, लेकिन नौ महीने बीतने के बाद भी सरकार की तरफ से राजभवन को इस मामले में कोई जवाब नहीं भेजा गया और सरकार ने राजभवन की नाराजगी को नजरअंदाज करते हुए बैठक भी बुला ली। इससे पहले लिखी गयी चिट्ठी में राजभवन ने टीएसी नियमावली को असंवैधानिक बताया था। इसके बावजूद टीएसी की बैठक आयोजित करने तथा इसकी सूचना राजभवन को नहीं देने को राजभवन ने गंभीरता से लिया है। अब राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने मुख्य सचिव सुखदेव सिंह के माध्यम से सरकार से पूछा है कि आखिर राजभवन की आपत्ति पर जवाब दिये बिना किस परिस्थिति में टीएसी की बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने इसे संविधान की पांचवीं अनुसूची के प्राविधानों के विरुद्ध बताया है। बता दें कि राज्यपाल रमेश बैस ने टीएसी के गठन संबंधित नियमावली को असंवैधानिक बताते हुए उनमें संशोधन के निर्देश झारखंड सरकार को दिये थे। राज्य सरकार ने उसमें कोई संशोधन तो नहीं किया, पिछले दिनों इसकी बैठक भी आयोजित कर दी और उसमे कुछ प्रस्ताव पारित कर दी थी। जैसा की बताया गया है कि प्रावधान है टीएसी के गठन में कम से कम दो सदस्य राजभवन से अनिवार्य होने चाहिए। राज्यपाल ने टीएसी नियमावली से संबंधित नियमावली मंगाकर उसपर कानूनी सलाह लेने के बाद राज्य सरकार को वापस लौटा दी थी। उन्होंने गठित नियमावली को असंवैधानिक बताते हुए कहा था कि टीएसी के गठन में कम से कम दो सदस्यों का मनोनयन राजभवन से अनिवार्य रूप से होना चाहिए। वर्तमान में गठित टीएसी में ऐसा नहीं किया गया। साथ ही पांचवीं अनुसूची के तहत नियमावली पर भी उनकी स्वीकृति जरूरी थी। राज्य सरकार ने राजभवन की आपत्ति पर कोई जवाब नहीं दिया। टीएसी के गठन का विवाद तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के समय से ही चल रहा है। उन्होंने भी राजभवन से दो सदस्यों के मनोनयन नहीं होने पर सवाल उठाया था। इस बीच राज्य सरकार ने टीएसी के गठन को लेकर नयी नियमावली गठित कर दी। साथ ही नयी नियमावली की फाइल राजभवन की स्वीकृति के लिए नहीं भेजी गयी। नयी नियमावली में अब टीएसी के गठन और सदस्यों की नियुक्ति में राजभवन का अधिकार खत्म कर दिया गया है। मुख्यमंत्री की स्वीकृति से ही सदस्यों की नियुक्ति हो रही है। राज्य सरकार का कहना है कि नयी नियमावली छत्तीसगढ़ की तर्ज पर बनायी गयी है। जहां सदस्यों की नियुक्ति का अधिकार मुख्यमंत्री को है। हालांकि, राज्यपाल रमेश बैस ने टीएसी के गठन में राजभवन का अधिकार खत्म किये जाने की जानकारी तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अलावा केंद्रीय गृह मंत्रालय को दे दी थी।

## आज का इतिहास

**1989 :** सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए दो साल के मानव अभियान की योजना की घोषणा की।
**1947 :** विंसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।
**1995 :** जापान में 7.2 तीव्रता के भूकंप में 5,372 लोगों की मौत।
**2013 :** इराक में सिलसिलेवार बम धमाकों में 33 लोगों की मौत।
**1556 :** स्पेन के सम्राट कैरेल ने अपने पुत्र फिलीप द्वितीय को अपना उत्तराधिकारी चुना।
**2003 :** भारतीय मूल की कल्पना चावला दूसरी अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना।
**2006 :** समाजवादी नेता माइकल बैशलेट चिली की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं।
**1966 :** भारत के शिक्षाविद एवं स्वतंत्रता सेनानी साधु वासवानी का निधन।
**1581 :** ब्रिटेन में संसद ने रोमन कैथलिक ईसाइयों के खिलाफ कानून पारित किया।
**1681 :** महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी का भव्य राज्याभिषेक हुआ।
**1769 :** कलकत्ता (अब कोलकाता) के अकरा में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया।
**1901 :** भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, विद्वान और न्यायविद महादेव गोविन्द रानाडे का निधन।
**1938 :** प्रख्यात बंगाली साहित्यकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का निधन।
**1943 :** इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला।
**1955 :** पुणे में खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का औपचारिक रूप से उद्घाटन।
**1989 :** मलयालम सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक प्रेम नजीर (मूल नाम अब्दुल खादिर) का निधन। इनके नाम सबसे अधिक 600 फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाने का विश्व रिकार्ड है।

# क्यों जी-20 भारत, प्रत्येक नागरिक के लिए मायने रखता है?

भारत के राजनयिक संबंधों के इतिहास में यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। भारत ने '20 का समूह' (जी20), जो दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का अंतर सरकारी मंच है, की अध्यक्षता ग्रहण की है। 1999 में स्थापित, यह समूह, दुनिया की कुल आबादी का दो-तिहाई, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 80 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है। आसान शब्दों में कहें, तो जी20 वैश्विक नीति के संदर्भ में सबसे मजबूत राजनीतिक प्रभाव रखता है, जिसकी वजह से यह समूह वर्तमान के सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दों - सतत विकास लक्ष्य, जलवायु कार्रवाई, खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियाँ, डिजिटल बदलाव आदि - पर विचार-विमर्श करने का प्रमुख मंच बन गया है। जी20 की अध्यक्षता के साथ, भारत के पास विभिन्न मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने के बजाय एजेंडा तय करने का अवसर है; ग्लोबल साउथ और विकासशील दुनिया के हितों के वास्तविक प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने का मौका है। गठबंधन निर्माण के समृद्ध इतिहास के साथ दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी - मई तक, आधी से अधिक आबादी (52 प्रतिशत) की उम्र 30 वर्ष से कम थी - वाले राष्ट्र के रूप में, भारत के पास बड़े पैमाने पर जनसांख्यिकीय और भू-राजनीतिक लाभ हैं, जो अध्यक्ष पद के लिए सर्वथा उपयुक्त है। भारत अपनी प्राथमिकताओं को केन्द्रित करते हुए दुनिया के साथ अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम है। 43 प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुख - जी20 का अब तक का सबसे बड़ा - अगले साल सितंबर में नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस वर्ष बाली में की गयी घोषणा के अनुरूप, भारत के नेतृत्व की इच्छा ₹समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई उन्मुख₹ होने की है। जी20 के नेतृत्व का अवसर ऐसे समय में आया है, जब अस्तित्व पर खतरा बढ़ गया है, जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी व्यापक प्रभावों के बीच कोविड-19 महामारी ने हमारी प्रणाली की कमजोरी को उजागर कर दिया है। इस संबंध में, भारत की अध्यक्षता के

> जी20 की अध्यक्षता के साथ, भारत के पास विभिन्न मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने के बजाय एजेंडा तय करने का अवसर है; ग्लोबल साउथ और विकासशील दुनिया के हितों के वास्तविक प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने का मौका है। गठबंधन निर्माण के समृद्ध इतिहास के साथ दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी – मई तक, आधी से अधिक आबादी (52 प्रतिशत) की उम्र 30 वर्ष से कम थी – वाले राष्ट्र के रूप में, भारत के पास बड़े पैमाने पर जनसांख्यिकीय और भू–राजनीतिक लाभ हैं, जो अध्यक्ष पद के लिए सर्वथा उपयुक्त है। भारत अपनी प्राथमिकताओं को केन्द्रित करते हुए दुनिया के साथ अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम है। 43 प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुख – जी20 का अब तक का सबसे बड़ा – अगले साल सितंबर में नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस वर्ष बाली में की गयी घोषणा के अनुरूप, भारत के नेतृत्व की इच्छा 'समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई उन्मुख' होने की है।

एजेंडे के लिए जलवायु कार्रवाई एक विशिष्ट प्राथमिकता है, जिसमें न केवल जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी पर विशेष ध्यान, बल्कि दुनिया भर के विकासशील देशों के लिए ऊर्जा स्त्रोतों में न्यायसंगत बदलाव सुनिश्चित करना भी शामिल है। भारत के सामने बिना कार्बन उत्सर्जन किये औद्योगीकरण करने की अनोखी चुनौती है। भारत हरित हाइड्रोजन का व्यापक विस्तार कर रहा है और देश ने 2047 तक 25 मिलियन टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो इसे आने वाले वर्षों में स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी का निर्यातक बना सकता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि जलवायु परिवर्तन उद्योग, समाज और अन्य क्षेत्रों को समान रूप से प्रभावित करता है, भारत ने दुनिया के सामने 'लाइफ' (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट; पर्यावरण के लिए जीवन-शैली) का विकल्प रखा है - एक व्यवहार-आधारित आंदोलन, जो हमारे देश की समृद्ध व प्राचीन सतत परंपराओं पर आधारित है तथा जो उपभोक्ताओं और बाजार को पर्यावरण के प्रति जागरूक तौर-तरीकों को अपनाने के लिए से प्रेरित करती है। कोविड-19 महामारी ने विकास से जुड़ी प्रगति को वर्षों पीछे धकेल दिया है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने अधिक आवश्यक सार्वजनिक-स्वास्थ्य और खाद्य संकटों को ध्यान में रखते हुए सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पृष्ठभूमि में रख दिया है। राष्ट्राध्यक्षों के समूह के रूप में, जी20 को एसडीजी हासिल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ और तीव्र करना चाहिए - जो लोगों के लिए एक बेहतर, स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक समृद्ध विश्व का वादा करते हैं। वर्तमान चुनौतियों के समाधान के लिए, विश्व को समसामयिक संस्थानों की आवश्यकता है, जो विविधतापूर्ण व आगे बढ़ती हुई दुनिया की आधुनिक वास्तविकताओं को न्यायसंगत और प्रभावी रूप से प्रतिबिंबित करने में सक्षम हों। भारत की जी20 प्राथमिकता 'सुधार के साथ बहुपक्षवाद' के प्रति दबाव बनाये रखने की होगी, जो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को अधिक उत्तरदायी और समावेशी बनाते हैं। भारत सरकार सामाजिक और आर्थिक बाधाओं को दूर करने के लिए डिजिटल तकनीक का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रही है। जी20 की अध्यक्षता, भारत को अपना ज्ञान दुनिया के साथ साझा करने का अवसर देती है। दुनिया की सबसे बड़ी बायोमेट्रिक आईडी प्रणाली (आधार) को सफलतापूर्वक लागू करने और 2014 तथा 2022 के बीच प्रत्यक्ष लाभ अंतरण में 50 गुनी वृद्धि के साथ, भारत डिजिटल सार्वजनिक हितों और विकास के लिए डेटा के उपयोग के संबंध में विचार-विमर्श को आगे बढ़ाने की केन्द्रीय स्थिति में है। अक्टूबर 2022 में, भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) ने 7 बिलियन लेनदेन पूरे किये - एक दिन में 230 मिलियन लेनदेन के बराबर - जो दशार्ता है कि इतने बड़े पैमाने पर वित्तीय समावेश मॉडल को शुरू करना और सफलतापूर्वक लागू करना भी संभव है। जी20 नेतृत्व प्रदान करने के साथ, भारत प्रौद्योगिकी के मानव-केंद्रित दृष्टिकोण के प्रति अपने विश्वास को आगे बढ़ा सकता है और सार्वजनिक डिजिटल अवसंरचना, वित्तीय समावेश तथा तकनीक-सक्षम विकास जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों समेत कृषि से लेकर शिक्षा तक के क्षेत्रों में अधिक से अधिक ज्ञान-साझाकरण की सुविधा प्रदान कर सकता है। विशेष रूप से, भारत के जेएएम ट्रिनिटी जैसे वित्तीय समावेश के कार्यक्रमों ने देश की महिलाओं को महत्वपूर्ण वित्तीय स्वायत्तता प्रदान की है, जिससे वे अपने घरों के निर्णय लेने में सक्रिय भागीदार बन गयी हैं - 56 प्रतिशत बैंक खाताधारक अब महिलाएं हैं, पहले 23 करोड़ महिलाओं को बैंक-सुविधा नहीं थी, लेकिन अब उनके पास बैंकों में अपने खाते हैं। 2023 भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा के लिए एक स्वर्णिम वर्ष सिद्ध होने वाला है, लेकिन नीतिगत फ्रेमवर्क को सर्वसम्मति से अंतिम रूप देने का कायार्देश आसान नहीं है। विश्व व्यवस्था का तेजी से ध्रुवीकरण हो रहा है, रूस-यूक्रेन संघर्ष के साथ व्यापक विकास एजेंडा कमजोर हो रहा है; दुनिया की महाशक्तियों के बीच भू-राजनीतिक संबंध अधिक तनावपूर्ण हो रहे हैं - इन सबके बीच राष्ट्र को जी20 की अध्यक्षता मिल रही है। वैश्विक अर्थव्यवस्था आसन्न मंदी और अब तक के सबसे अधिक वैश्विक-ऋण को लेकर आशंकित है और कई देश कमजोर होती खाद्य सुरक्षा और बाधित आपूर्ति श्रृंखलाओं का सामना कर रहे हैं। इस माहौल में, भारत के पास एकता और सद्भाव के सूत्रधार के रूप में उभरने का अवसर है। बाली में 20 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने जी20 विज्ञप्ति के मसौदे पर आम सहमति बनाने में अपरिहार्य भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री के शब्द 'आज का युग, युद्ध का नहीं होना चाहिए' सीधे राजनेताओं के घोषणापत्र में परिलक्षित हुए, जो निर्णय गतिरोध को तोड़ने में सफल हुआ और जिससे शांति के पक्षधर के रूप में भारत की स्थिति मजबूत हुई। चूँकि शक्ति के पुराने केंद्र ; गुणात्मक आर्थिक और सामाजिक विकास वाले युवा, जीवंत राष्ट्रों को जवाबदेही सौंप देते हैं, इसलिए भारत की महत्वाकांक्षी व कार्रवाई-उन्मुख अध्यक्षता में इस उच्च-स्तरीय गठबंधन को, विकासशील तथा अल्प-विकसित देशों के हितों और जरूरतों के अनुरूप, तैयार किया जा सकता है। अपनी अध्यक्षता के दौरान, भारत वैश्विक चुनौतियों को अवसरों में बदलना जारी रखेगा, यह याद रखते हुए कि हमारे प्रयास ' एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के लक्ष्य के अनुरूप होने चाहिए।

**■ अमिताभ कांत**

**लेखक भारत सरकार के जी20 शेरपा हैं। वे नीति आयोग के पूर्व सीईओ हैं।**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

[एकावलीके विषयमें वर्णन करके] तुमने मेरे मनको परतन्त्र बना दिया है। विरहसे अत्यन्त पीडित मैं अब क्या करूँ, कहाँ जाऊँ ?॥ 3 ॥

तुमने सर्वप्रथम एकावलीके सम्पूर्ण लोकको तिरस्कृत कर देनेवाले रूपका जो वर्णन किया है, उससे मेरा मन कामबाणसे आहत होकर व्याकुल हो उठा है ॥ 4 ॥

तत्पश्चात तुमने उसके जिन गुणोंका मुझसे वर्णन किया है, उनके द्वारा मेरा चित्त हर लिया गया है। पुनः तुमने जो बात कही, इससे मुझे बहुत विस्मय हो गया है। दानव कालकेतुके सामने एकावलीने यह बात कही थी कि मैं हैहयका वरण कर चुकी हूँ, उसके अतिरिक्त मैं किसी अन्यका वरण नहीं कर सकती; यह मेरा निश्चय है। हे तन्वंगि! एकावलीके इस कथनके द्वारा तुमने मुझे उसका दास बना दिया है। हे सुन्दर केशोंवाली! तुम्हीं बताओ, अब मैं तुम दोनोंके लिये क्या करूँ ?॥ 5-7 ॥

हे सुलोचने। मैं उस दुष्टात्मा राक्षस कालके स्थानको नहीं जानता और फिर उस नगरतक पहुँच सकनेकी मेरी सामर्थ्य भी नहीं है। हे विशाल नयनोंवाली। अब तुम्ही उपाय बताओ मुझे यहाँ पहुँचानेमें तुम्हीं समर्थ हो। अतएव जहाँ तुम्हारी सुन्दर सखी एकावली विराजमान है, वहाँ मुझे शीघ्र पहुँचाओ ॥ 8-9 ॥

उस क्रूर राक्षसका वध करके में इसी समय तथा शोक सन्तप्त तुम्हारी प्रिय सखी राजकुमारी एकावलीको मुक्त करा लूँगा ॥ 10 ॥

राजकुमारी एकावलीको संकटसे मुक्ति दिलाकर शीघ्र ही उसे तुम्हारे पुरमें पहुँचा दूंगा और उसके पिताको सौंप दूंगा ॥ 11 ॥

तत्पश्चात शत्रुतापक राजा रैभ्य अपनी पुत्रीका विवाह कर सकेंगे। हे प्रियंवदे! इस प्रकार तुम्हारे सहयोगसे मेरे तथा तुम्हारे मनकी कामना अब पूरी हो जायगी। तुम मुझे उस कालकेतुका नगर शीघ्र दिखा दो, फिर मेरा पराक्रम देखो। हे वरवर्णिनि। में जिस प्रकार उस दुराचारी तथा परस्त्रीका हरण करनेवाले कालकेतुका वध कर सकूँ, तुम वैसा ही उपाय करो; क्योंकि तुम हित-साधन करनेमें पूर्ण सक्षम हो। उस दानवके दुर्गम नगरका मार्ग तुम मुझे आज ही दिखाओ ॥ 12-13 ॥

व्यासजी बोले- एकवीरकी यह प्रिय वाणी सुनकर यशोवती प्रसन्न हो गयी और वह लक्ष्मीपुत्र एकवीरसे नगर पहुँचनेका उपाय आदरपूर्वक बताने लगी- हे राजेन्द्र ! पहले आप भगवती जगदम्बाके सिद्धिप्रदायक मन्त्रको ग्रहण कीजिये तत्पश्चात मैं आपको अनेक राक्षसोंद्वारा रक्षित उस कालकेतुका नगर आज ही दिखाऊँगी।

- **क्रमशः**

# फरमाइये, शरबत लाऊं आपके लिए या पानी?

लखनवी तहजीब को यों ही लासानी नहीं कहा जाता। मेल-मिलाप से भरे उसके सुनहरे दिन हों या लड़ाई-झगड़ों के, सबके अंदाज निराले हुआ करते थे। नवाब वाजिद अली शाह ने अपने वक्त (1847-1856) में मेल-मिलाप के लिए दो निराले हुक्मनामे जारी किये थे। पहला दुआ-सलाम यानी अभिवादन के तरीके को लेकर था, तो दूसरा पहनावे को लेकर। पहले में हुक्म दिया गया था कि हिंदू-मुसलमान दोनों लाजिमी तौर पर परस्पर आदाब अर्ज किया करें। दूसरे में हर किसी को अंगरखा पहनने की हिदायत दी गई थी- खासतौर पर जब दरबार में पेश होना हो। इन दोनों हुक्मनामों के पीछे उनकी मंशा यह थी कि दुआ-सलाम के तरीके और पहनावे के भेद से पता न चल पाए कि शहरियों कौन हिंदू है और कौन मुसलमान। खुद अपने बारे में भी उनका कहना था कि 'हम इश्क के बंदे हैं मजहब से नहीं वाकिफ, गर काबा हुआ तो क्या, बुतखाना हुआ तो क्या?' जहां तक लड़ाई-झगड़ों की बात है, इस तहजीब की एक पहचान बांकों की लड़ाई से बनती है, जो कतई अच्छी नहीं है। कई मायनों में वह अवध के लोकप्रिय कवि मरहूम रफीक सादानी की मशहूर कविता 'हम तौ ऊ बीर हन कि जब केहू मुह पै थूकै तौ ताव आवत है' सार्थक करती है। लेकिन इसके अलावा भी एक पहचान है, जो बताती है कि कितना भी वैर या विरोध हो, लखनऊ के शहरी लड़ाई-झगड़ों में बेशऊर होना पसंद नहीं करते थे। न ही तहजीब और तमीज का दामन छोड़ते थे। जरा-जरा सी बात पर जूतम-पैजार पर उतर आने वाली आज की युवा पीढ़ी इस बात पर शायद ही एतबार कर सके कि उन दिनों लखनऊ के जूते गांठने वाले भी लड़ते-झगड़ते, तो एकतरफा तौर पर सारी हदें लांघकर सामने वाले पर पिल पड़ने से परहेज बरतते थे। पहले नरम और नाजुक शब्दों में हिदायत देते थे, 'अमां यार, बहुत हो गया। अब हद से इतने आगे मत बढ़ जाओ कि मुझे तुम्हारी शान में गुस्ताखी करनी पड़ जाए!' सामने वाला इस हिदायत से भी सबक न लेता और बदतमीजी से पूछता रहता कि 'बोल, हद से आगे बढ़ जाऊंगा, तो क्या कर लेगा तू?' तब भले ही बात और आगे बढ़ती या बिगड़ती, या फिर उसी पर खत्म हो जाती। नहीं भी खत्म होती तो उसकी वह गरमी जरूर उतर जाती, जो अक्सर सारे फसाद की जड़ सिद्ध होती है। फिर तो 'अंत भला तो सब भला' को सही सिद्ध करते हुए दोनों भलेमानुसों की तरह हाथ मिलाकर विदा होते। कभी-कभी किसी के दिमाग पर बहुत गर्मी चढ़ जाती और वह कोई नागवार या नाकाबिल-ए-बर्दाश्त बात कह देता तो भी सामने वाला अपनी तहजीबी शराफत को धता बताकर फौरन तमतमा उठने, मां-बहन करने, बाप-दादों तक जा पहुंचने और मारने-मरने पर तुल जाने का रास्ता नहीं ही चुनता। मौके की नजाकत के मुताबिक बात को बदलकर खूबसूरत मोड़ देने की कोशिश करता। अलबत्ता, हाव-भाव से यह जताने में नहीं चूकता कि नागवार बात कहने वाला उसकी नजर में तहजीब और तमीज से तो पैदल है ही, उसने गंवारों जैसी जो बात कही है, उसको और आगे बढ़ाने के काबिल भी नहीं है। फिर वह यों जताकर कि जैसे उसने उसकी नागवार बात सुनी ही नहीं, उसे दुनिया-जहान की तमाम दास्तानें सुनाने लग जाता। दास्तानें खत्म हो जातीं, तो किस्से लेकर हाजिर हो जाता। फिर किसी वाकये का जिक्र लेकर बैठ जाता और बेहद इत्मीनान से पूछता- फरमाइए, शरबत लाऊं आपके लिए या पानी? सामने वाला हैरान-सा उसका मुंह देखता और सोचता कि कैसा आदमी है यह कि इसे इतनी नागवार गुजरने वाली बात कही, फिर भी इसका खून नहीं खौला। इतना भी नहीं कि और कुछ नहीं तो तू-तड़ाक पर ही उतर आए, बातचीत का लहजा ही थोड़ा सख्त कर ले। उलटे मुसकुराए और गपियाये जा रहा है। इधर 'शरबत लाऊं या पानी' पूछने वाला मन ही मन मगन होता कि उससे तहजीब का दामन भी नहीं छूटा और समझा दिया गंवार को कि यह तहजीब टूटकर नहीं बिखरने वाली। नफरतें कितनी भी बढ़ जाएं, मोहब्बतें नहीं मरने वाली। **ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

**■ कृष्ण प्रताप सिंह**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# सड़क की दुकानें स्थाई हो

शहर में कई जगहों पर विशेष नाम से पहचान है। यहां पर स्थायी दुकानें नहीं,बल्कि फुटपाथ पर ही दुकानें लगती है। जैसे। घासपट्टी,घड़ा पट्टी,लोहा पट्टी, दौरी पट्टी, गुड़ पट्टी, बताशा पट्टी इत्यादि इन सब की दुकानें एक आध को छोड़ दें, तो सभी सड़क पर ही लगती है। इन दुकानों को एक जगह अगर व्यव्यस्थित तरीके से लगाने की व्यवस्था अगर नगर निगम करें,तो बरसात व अन्य मौसम में इन्हें सामग्री बेचने में सुविधा होगी। साथ ही इनके खरीदार भी आसानी से यहां पहुंचकर अपनी पंसद की सामग्री खरीद सकते हैं। इन सभी की दुकानें बरसात के समय में हटा ली जाती है। वहीं अभी अतिक्रमण के द्वारा सब्जी विकेताओं को रोड से हटा दिया गया। जिससे सब्जी विक्रेताओं की बिक्री प्रभावित हुई है। कोरोना काल में भी सब्जी विक्रेताओं को शिवजी मैंदान में रखा गया था। लेकिन शहर से दूर होने के कारण लोगों को सब्जी खरीदने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। मै लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से नगर निगम का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि इन सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थायी समाधान निकाला जाय और इन्हे स्थायी रूप से दुकान दिया जाय। ताकि शहर का विकास हो सब्जी बाजार को दुसरे जगहों पर शिफ्ट होने से शहर का विकास होगा। इस तरह दुकानों को एक जगह स्थायीरूप दुकान दिया जाये, जिससे की वे हर मौसम में अपनी सामग्री बेच सकें और इससे ग्राहकों को भी सुविधा होगी।

**■ दिनेश यादव , मेदिनीनगर।**

# नकारात्मकता की दीवार हमने खुद ही खड़ी कर रखी है

नकारात्मकता की कुछ ईंटों पर लिखा है, 'तुम्हें भला क्या मालूम है?' उन ईंटों पर लिखे इस वाक्य को मिटाकर आप लिख दो 'मुझे काफी कुछ मालूम है।' यही आत्म विश्वास और इच्छाशक्ति जरूरी है। डॉ. राबर्ट ने कहा कि उन सभी कारणों को भूल जाएं कि कोई कार्य नहीं होगा। आज का इंसान नकारात्मक को ओढ़े नाना प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है, हर इंसान अपनी आदतों को लेकर परेशान है। ऐसा नहीं है कि आज का आदमी समय के साथ चलना न चाहे, बुरे आचरण एवं आदतों को छोड़कर अच्छी जिन्दगी का सपना न देखे, बुराई को बुराई समझने के लिये तैयार न हो। सोचना यह है कि हम गहरे में जमे संस्कारों एवं जड़ हो चुकी आदतों को कैसे दूर करें। जड़ तक कैसे पहुंचें। बिना जड़ के सिर्फ फूल-पत्तों का क्या मूल्य? अच्छा जीवन जीने एवं श्रेष्ठता के मुकाम तक पहुंचने के लिये अच्छी आदतों को स्वयं में सहेजना होगा, बाहरी अवधारणाओं को बदलना होगा, जीने की दिशाओं को मोड़ देना होगा। अंधेरा तभी तक डरावना है जब तक हाथ दीये की बाती तक न पहुंचे। जरूरत सिर्फ उठकर दीये तक पहुंचने की है। विलियम जेम्स ने अपनी पुस्तक 'दि प्रिसिंपल ऑफ साइकोलॉजी' में मनोवैज्ञानिक ढंग से चर्चा करते हुए लिखा है- 'अच्छा जीवन जीने के लिए अच्छी आदतों का बनाना जरूरी है। और अच्छी आदतों के निर्माण के लिए अभ्यास जरूरी है। यदि हम अभ्यास किये बिना ही यह चाहें कि हमारे आदतें बदल जाएं तो ऐसा कभी नहीं होगा। असफलता ही हाथ लगेगी।' उन्होंने अच्छी आदतों के निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण सूत्र प्रस्तुत किया है कि अच्छी आदतें डालनी हों तो सबसे पहले अच्छी आदतों का चिन्तन करो, अभ्यास करो और बुरी आदतों को रोको। नकारात्मकता को छोड़ो। अच्छी आदतें डालने के लिए शरीर को एक विशेष प्रकार का अभ्यास देना जरूरी है। क्योंकि शरीर की विशेष स्थिति का निर्माण किये बिना हमारी आदतें अच्छी नहीं हो सकतीं। स्नायुओं को हमने जो पहले से आदतें दे रखी हैं, उनको यदि हम नहीं बदलते तो वे एक चक्र की भांति चलती रहती हैं। ठीक समय आता है और मिठाई खाने की बात याद आ जाती है, क्योंकि हमने जीभ को एक आदत दे रखी है। ठीक समय आता है और स्नायु उस वस्तु की मांग कर लेते हैं। खाने की सोचने, विचार करने की, कार्य करने की जैसे आदत हम स्नायुओं में डाल देते हैं, वैसी आदत हो जाती है। जो लोग बहुत ऊंचे मकानों में रहते हैं, वे पहली बार जब सीढियों से उतरते हैं तब बहुत सावधानी से उतरते हैं। दूसरी-तीसरी बार उतरते हैं तो सावधानी कम हो जाती है और जब सौवीं बार उतरते हैं तो कोई सावधानी की जरूरत नहीं होती। पैर अपने आप एक-एक सीढ़ी उतरते हुए नीचे आ जाते हैं। चलने के साथ मन को जोड़ने की वहां आवश्यकता नहीं होती। टाइप करने वाले प्रारंभ में अक्षरों को देख-देखकर टाइप करना सीखते हैं। जब वे अभ्यस्त हो जाते हैं, तब उनकी अंगुलियां अभीष्ट अक्षरों पर पड़ती हैं और जैसा चाहा वैसा टाइप हो जाता है। फिर 'की बोर्ड' को देखने की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि अंगुलियां अभ्यस्त हो चुकी हैं। हम बदल सकते हैं अपनी आदतों को और स्वभाव को, अपनी नकारात्मकता को। चाहे वह आदत शराब की हो या अन्य किसी व्यसन की। झूठ, चोरी, छल-कपट की हो या बुरे आचरण की। बदलाव के लिये गणित का कोई फार्मूला नहीं चाहिए। बड़ी-बड़ी ज्ञान एवं उपदेश से पहले सिर्फ चाहिए यह संकल्प कि मैं बदल सकता हूं। आधी गिलास के खाली होने का ही खयाल रहा तो आधी गिलास भरा होना पूरी तरह से आंखों से ओझल हो जाता है, तब मन शिकायतों से भर जाता है। इसी नकारात्मकता की दीवार को गिराना जरूरी है। अक्सर हम जिन स्थितियों में होते हैं, उसके लिए हम ही जिम्मेदारी होते हैं। हम ही अपने इर्द-गिर्द नकारात्मक विचारों की दीवार खड़ी करते हैं। वही दीवार आत्मविश्वास के जादुई चिराग तक पहुँचने के सारे रास्ते को बंद कर देती है, आशा को निराशा में, सफलता को असफलता में एवं हर्ष को विषाद में बदल देती है।

**■ ललित गर्ग**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# न्यूज गैलरी

## मुख्यमंत्री ममता ने नदी में चलाया स्टीमर, लॉन्च पर बैठकर पहुंची गांव



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को इच्छामती नदी में स्टीमर चलाया। वह मंगलवार को तीन दिवसीय दौरे पर दक्षिण 24 परगना पहुंची थीं। दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री स्टीमर में बैठकर सुंदरवन के तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से मिलने और विकास कार्यों का जायजा लेने के लिए पहुंची थी। वह खुद ही कैप्टन केबिन में पहुंच गईं और स्टीमर का स्टेयरिंग घुमाती दिखीं। इसके बाद वह लॉन्च पर बैठकर गांव में पहुंची जहां लोगों से मुलाकात की है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले सुंदरवन इलाके में सर्दी के कपड़े वितरण के लिए समय पर नहीं पहुंचने को लेकर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई थी।

## नक्सलियों को सामाग्री मुहैया कराने और अवैध वसूली करनेवाला गिरफ्तार

**कांकेर (एजेंसी)।** नक्सलियों के लिए दैनिक सामाग्री पहुंचाना, अवैध वसूली करना, बैनर पोस्टर लगाकर क्षेत्र में दहशत फैलाना और मोबाइल टॉवर में आगजनी की घटना में शामिल आरोपित सुरेश कुमार साहू को कोयलीबेड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नक्सली संगठन के साथ मिलकर आरोपित घटना को लगातार अंजाम भी दे रहा था। आरोपित को बुधवार को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोयलीबेड़ा पुलिस व डीआरजी बल ने 28 नवंबर को मरकानार जंगल के पास एक व्यक्ति को देखकर संदेहास्पद स्थिति में घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम सुरेश कुमार साहू पिता स्व. बाबूलाल साहू उम्र 34 वर्ष निवासी चिलपरस थाना कोयलीबेड़ा का रहने वाला बताया। जिसकी तलाश लेने पर उसके पास से नक्सली सामान बरामद किया गया। क्षेत्र में चलने वाले प्रत्येक ट्रेक्टर से सालाना छह हजार रुपये की दर से अवैध वसूली कर बड़े लीडर को देने का कार्य करता है। आज न्यायालय में पेशकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## क्रिसमस पर तीन दिनों की छुट्टी देगी बंगाल सरकार

**कोलकाता (एजेंसी)।** राज्य सरकार के कर्मचारियों को क्रिसमस पर लगातार तीन दिन की छुट्टी मिलने जा रही है। इस साल 25 दिसंबर रविवार को पड़ रहा है। उस दिन पहले से ही छुट्टी है। एक दिन पहले शनिवार को प्रदेश के अधिकांश सरकारी संस्थान बंद रहेंगे। उसके बाद सोमवार को भी राज्य सरकार ने छुट्टी की घोषणा कर दी है। राज्य सरकार के एक बयान के मुताबिक, 26 दिसंबर (सोमवार) को भी राज्य में अवकाश रहेगा। यानी राज्य सरकार के कर्मचारियों को 24 दिसंबर से 26 दिसंबर तक लगातार तीन दिनों की छुट्टी मिलने जा रही है। बताया गया है कि आपातकालीन सेवाओं से जुड़े संस्थानों को छोड़कर सभी राज्य सरकार नियंत्रित, स्वामित्व वाली और यहां तक कि सरकार द्वारा प्रायोजित संस्थान 26 दिसंबर को बंद रहेंगे। राज्य सरकार के कर्मचारियों का एक बड़ा वर्ग साल के अंत से पहले अतिरिक्त छुट्टियां मिलने से खुश है। उनमें से कई ने कहा कि त्योहार के लगातार तीन दिनों के दौरान कर्मचारी सपरिवार घूमने जा सकते हैं।

## व्यवसायी की मौत पर बंद रहा कोंच बाजार

**गया (एजेंसी)।** कोंच बाजार के गैस एजेंसी के संचालक, व्यवसायी सुधीर शर्मा की मौत के बाद सभी दुकानदारों ने बुधवार को बाजार को बंद रहकर उनके प्रति शोक संवेदना व्यक्त किया। यहां बता दें कि भारत गैस एजेंसी के प्रोपराइटर मुन्ना शर्मा के छोटे भाई संचालक सुधीर शर्मा सोमवार की शाम अपने दोस्तों के साथ सोनपुर मेला घूमने गए थे। सोनपुर मेला में घूमने के दौरान अचानक उनकी तबीयत खराब हुई। जिसके बाद उनके साथ रहे दोस्तों ने उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए परंतु रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना के बाद परिजनों का जहां रो रो कर बुरा हाल था वहीं व्यवसायियों के द्वारा उनके निधन के बाद बाजार को बंद कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए लोगों ने कामना की।

## सपा के पूर्व एमएलसी राम सुंदर दास का निधन

**देवरिया (एजेंसी)।** देवरिया में फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजवादी पार्टी( सपा) के पूर्व एमएलसी राम सुन्दर दास का बुधवार को यहां निधन हो गया। वह करीब 80 वर्ष के थे। परिजनो के अनुसार श्री दास करीब एक साल से बीमार चल रहे थे और इस दौरान अस्पताल में भर्ती भी रहे। ठीक होने के बाद वह अपने राघव नगर आवास पर स्वास्थ्य लाभ कर रहे थे। आज उनकी तबियत खराब होने पर परिजन उन्हें महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज ले गये जहां उनका निधन हो गया। श्री दास दो बार विधान परिषद में सपा के सदस्य रहे। वे विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के मुख्य सचेतक भी थे।

## अमृतसर से पहुंचा मृत युवक का शव

**गया (एजेंसी)।** गुरुआ थाना क्षेत्र के दुब्बा पंचायत के परसावां कला गांव के किसान राम अवध सिंह के 22 वर्षीय पुत्र विकास कुमार सिंह का शव मौत होने के तीन दिन बाद अमृतसर से परसावां कला गांव आज पहुंचा। शव पहुंचते ही माता–पिता के साथ परिवार के लोग दहाड़ मारकर रो पड़े। विकास सिंह की मौत बीते रविवार को अमृतसर के अपोलो कंपनी में मशीन की चपेट में आने से हो गयी थी। यहां उनके बूढ़े माता–पिता की आंखे बेटे की शव आने के इंतजार में पथरा गई थी। बीती रात शव पहुंचने के बाद भूरहा धाम पर अंतिम संस्कार किया गया। विकास की मौत होने पर बसपा के जिला प्रभारी राघवेंद्र नारायण यादव, जिला पार्षद पति मुमताज आलम, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार यादव, काज मुखिया रीतेश सिंह, उप प्रमुख नागेंद्र पासवान ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है।

## सारण में दुकानदार से एक लाख रुपये की लूट

**छपरा (एजेंसी)।** बिहार में सारण जिले के नगर थाना क्षेत्र के साहेबगंज मुहल्ला स्थित स्टेट बैंक की शाखा में रुपये जमा कराने जा रहे एक दुकानदार से अपराधियों ने हथियार के बल पर एक लाख रुपये लूट लिए। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि करीमचक मोहल्ला निवासी मोहम्मद आजाद अपनी दुकान से हर दिन की तरह आज भी एक लाख रुपये लेकर स्टेट बैंक की बाजार शाखा के पास जैसे ही पहुंचा तभी दो हथियारबंद लोगों ने उसे रोक लिया और हथियार का भय दिखाकर रुपये से भरा थैला छीनकर फरार हो गए। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद आजाद वहां से वापस बाजार में पहुंचा और जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की।

### मुख्यमंत्री नीतीश ने ऊर्जा क्षेत्र के 15871.24 करोड़ रुपये की योजनाओं की दी सौगात, कहा

# देश में वन नेशन वन टैरिफ बिजली का रेट लागू किया जाये

**पटना (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना के ऊर्जा स्टेडियम में उर्जा क्षेत्र के 15871.24 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात प्रदेश की जनता को दिया। इस मौके पर सीएम ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमने केंद्र सरकार से मांग किया है कि देश में कि वन नेशन वन टैरिफ बिजली का रेट लागू होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार में जो बिजली दी जा रही है, वह काफी महंगी दी जा रही है। केंद्र सरकार को देश के हर नागरिक का कल्याण करना है तो हर राज्य को एक दर पर बिजली मुहैया करें। उन्होंने कहा कि देश में एक मूल्य पर हर राज्य को बिजली मुहैया कराई जाए। उन्होंने कहा कि विकसित राज्य को किसी और मूल्य पर बिजली दी जा रही है और बिहार जैसे गरीब राज्यों को किसी और मूल्य पर बिजली केंद्र सरकार दे रही है। नीतीश कुमार ने कहा कि पूरे बिहार भर में 2025 तक प्रीपेड मीटर हर घर तक लगाने का लक्ष्य रखा गया है। सौर ऊर्जा को भी बढ़ावा देने के लिए ऊर्जा विभाग को काम करना है। सीएम ने कहा कि ऊर्जा विभाग के इंजीनियरों से मेरी उम्मीद है कि वह बिहार में प्रीपेड मीटर जल्द से जल्द लगाएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में पहले 700 मेगावाट की आपूर्ति होती थी। बिहार में अब 6,738 मेगावाट बिजली की आपूर्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में पटवन में लगने वाली बिजली की आपूर्ति भी जल्द बिहार सरकार करेगी। इस बार बारिश कम हुई किसानों ने बिजली के माध्यम से पंपसेट चलाकर पटवन का काम किया है। आगे भी और भी किसानों को इस योजना से लाभान्वित करने के लिए सरकार कम कर रही है। बिहार में जर्जर तार को बदलने का काम बिजली विभाग ने किया है। बिजली विभाग ने जो नए तार लगाए हैं उसका मेंटेनेंस विभाग करेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एनबीपीडीसीएल के अंतर्गत 92.71 करोड़ की लागत से दरभंगा, मोतिहारी,छपरा, वैशाली, पश्चिमी चंपारण, सहरसा, अररिया, गोपालगंज, बेगूसराय और एसबीपीडीसीएल के के लिए 182.84 करोड़ की लागत से पटना, भागलपुर, नालंदा, गया, आरा, औरंगाबाद में निर्मित विद्युत शक्ति उपकेंद्रों का लोकार्पण किया। समारोह में बिहार ग्रिड कंपनी लिमिटेड के 1099. 42 करोड़ रुपये की लागत से पटना क्षेत्र में बने नए ग्रिड उपकेंद्र और संबद्ध संचरण लाइनों का उद्घाटन किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री बीएसपीटीसीएल की 1164.05 करोड़ रुपये की योजनाओं का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 15871.24 करोड़ रुपये की योजनाओं में से 2,635.30 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण, 5,930.89 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और 7,305.05 करोड़ रुपये की योजनाओं का शुभारंभ आज किया। साथ ही ग्रामीण बिजली उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के कार्य का शुभारंभ भी किया। योजना की कुल लागत 3,666.67 करोड़ रुपये है। दोनों वितरण कंपनियां 2022-23 में कुल मिला कर 36 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगायेंगी। साउथ बिहार बिजली वितरण कंपनी 10 लाख जबकि नॉर्थ बिहार बिजली वितरण कंपनी 26 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगायेगी। यह लक्ष्य 2025 तक हर हाल में पूरा करना है। बिजली विभाग के मुताबिक अगले 5 साल में 1.48 करोड़ प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा ब्रेडा की 1579.37 करोड़ की लागत से ग्रिड कनेक्टेड ग्राउंड माउंटेड सोलर पावर प्लांट योजना और सरकारी भवनों पर ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर प्लांट का शिलान्यास किया। 11.55 करोड़ की लागत से बने ग्रिड कनेक्टेड फ्लोटिंग पावर प्लांट का लोकार्पण भी किया। समारोह में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव और उर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव भी उपस्थित रहे।



## आज फिर होगी कोर्ट में पार्थ व अर्पिता की पेशी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी महिला मित्र अर्पिता मुखर्जी को आज एक बार फिर कोर्ट में पेश किया जाएगा। ईडी बुधवार को उन्हें कोर्ट में पेश करेगी। ईडी के ही हाथों दोनों की गिरफ्तारी हुई थी। पिछले हफ्ते सीबीआई ने उन्हें कोर्ट में पेश किया था जहां से उन्हें नौ दिसंबर तक के लिए जेल हिरासत में रखने का आदेश दिया गया है। ईडी उन्हें विशेष सीबीआई कोर्ट में पेश करेगी। सूत्रों ने बताया है कि उन्हें कोर्ट में नहीं लाया जाएगा बल्कि वर्चुअल जरिए से ही बैंकशाल कोर्ट में उनकी पेशी होगी जहां से न्यायालय के आदेश अनुसार उन्हें और अधिक दिनों तक जेल में रखने अथवा पूछताछ के बारे में फैसले होंगे। उल्लेखनीय है कि जुलाई महीने की 21 तारीख को ईडी ने पार्थ चटर्जी के आवास पर छापेमारी की थी। वहां से उनकी महिला मित्र अर्पिता मुखर्जी के घर पहुंचे ईडी अधिकारियों ने 21 करोड़ नकदी बरामद किए थे। कुल 50 करोड़ रुपये इस मामले में नकदी बरामद किए जा चुके हैं। दावा है कि ये सारे रुपये शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार के एवज में हासिल किए गए थे।

# पब्लिक जानती है रालोद व सपा का दोहरा चरित्र : योगी

**मुजफ्फरनगर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसानो के मसीहा चौधरी चरण सिंह के नाम पर राजनीति कर रही राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) पेशेवर अपराधियों के दम पर जनता का शोषण कर रही है वहीं समाजवादी पार्टी (सपा) के शासनकाल में व्याप्त भ्रष्टाचार और कवाल के बवाल के कलंक को आज भी कोई भूला नहीं है। खतौली विधानसभा उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) प्रत्याशी राजकुमारी सैनी के समर्थन में मंडी स्थल खतौली में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये श्री योगी ने बुधवार को कहा कि खतौली में एक ओर मां गंगा का आशीर्वाद मिलता है तो दूसरी ओर मां यमुना जी का भी आशीर्वाद प्राप्त होता है। गंगनहर के जरिये खतौली विधानसभा क्षेत्र मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त करता है। ये धरती धर्म की धरती है जो शांति का संदेश देती है लेकिन जब धर्म पर संकट आता है तो इस धरती ने क्रांति का संदेश भी दिया है।

उन्होने कहा कि आज भी यहां का अन्नदाता किसान अपनी मेहनत से अपने पुरूषार्थ से गन्ने की मिठास को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करता है। यही कारण है कि एशिया की सबसे बडी चीनी मिल इसी खतौली विधानसभा के माध्यम से दुनिया में अपनी मिठास फैलाती है।

सीएम ने कहा ह्व यहां सपा और आरएलडी की मंशा ठीक नही है। इन दोनो दलों का दोहरा चरित्र जनता जानती है। विकास को लेकर भाजपा की नियत साफ है। सपा के शासन की तानाशाही आपको याद ही होगी। हजारों हिंदुओं को जेल भेजा गया। चौधरी साहब के नाम पर यहां आरएलडी राजनीति कर रही है। चौधरी साहब कहते थे कि अपराधी राजनीति में नहीं आना चाहिए लेकिन बुधवार को पेशेवर अपराधियों के नाम पर राजनीति हो रही है ये सब क्या है। बाकी सपा का शासन तो आप सभी देख चुके है। जब आप पर अत्याचार हो रहा था, उस वक्त सपा और आरएलडी के नेता कहां थे।

उन्होने कहा कि भाजपा सरकार हर गरीब के लिए काम कर रही है। भाजपा के शासन में ही सब सुरक्षित है। खतौली तो क्रांतिकारियों की धरती है। बाकी आप लोग हिम्मत से काम लीजिए, जो बचा होगा कि हमारा बुलडोजर पूरा कर देगा। जो बची हुई गर्मी है, वो उतार दी जाएगी। उत्तर प्रदेश में अपराधियों को पनपने नहीं देना है। विकास के बैरियर को हर हाल में हटाना है। व्यापारियों को सुरक्षा की गारंटी देनी है।

श्री योगी ने कहा कि सपा के शासन में अन्नदाता अपने खेत नहीं जा पाते थे। पहले सत्ता प्रायोजित अपराध होते थे। कवाल का बवाल सपा का कलंक था, उस दौरान बहन बेटियां सुरक्षित नहीं थी। अब ये सोचना है कि वही माहौल चाहिए या राजकुमारी सैनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से आज उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को नजीर बनाया है पहले कैराना और कांधला से पलायन होता था, व्यापारी से गुंडा वसूली करते थे। अन्नदाता किसान अपने खेतों में नहीं जा सकता था, बेटियां स्कूल नहीं जा सकती थी और बहने मार्किट में जाकर सामान नहीं खरीद सकती थी। आज पलायन बंद हो गया, भागे हुए व्यापारी वापस आये है। आज फिर से कैराना और कांधला में रौनक देखने को मिल रही है। गुंडा टैक्स आज बंद हो रहा है।

## सीएम ने किया 517 करोड़ की 376 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास



**मेरठ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को 517 करोड़ रुपये की 376 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और सहायता राशि भी प्रदान की। समाज के विभिन्न प्रबुद्ध वर्गों के लोगों को भी मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। विक्टोरिया पार्क में आयोजित प्रबुद्ध जन सभा में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि मेरठ में 517 करोड़ की 376 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण का कार्य हो रहा है। पहली बार शहरी क्षेत्र में गरीबों को आवास दिए जा रहे हैं। प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र में 45 लाख गरीबों को आवास दिलाए। शहरी क्षेत्र में 17 लाख को आवास दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में 10 लाख आवास वितरण की कार्यवाही से जोड़ रहे हैं। पीएम स्वनिधि योजना में ब्याज मुफ्त ऋण दिए जा रहे हैं। हर गरीब को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का काम हो रहा है। 15 करोड़ गरीबों को हर महीने डबल डोज राशन दिया गया।

## ब्रिटेन–भारत ट्रांसनेशनल एजुकेशन पार्टनरशिप के लिए अवसरों का खुलासा

**कोलकाता (एजेंसी)।** सांस्कृतिक संबंधों और शैक्षिक अवसरों के लिए ब्रिटेन के अंतरराष्ट्रीय संगठन ब्रिटिश काउंसिल ने बुधवार को सिंगापुर में गोइंग ग्लोबल एशिया पैसिफिक सम्मेलन में 'एक्सप्लोरिंग द आउटलुक फॉर यूके-इंडिया ट्रांसनेशनल एजुकेशन पार्टनरशिप' पर एक रिपोर्ट प्रकाशित की। इस रिपोर्ट में भारत में ब्रिटेन ट्रांसनेशनल एजुकेशन (टीएनई) की संभावनाओं का मूल्यांकन किया गया है और भविष्य में एनईपी-प्रेरित परिवर्तनों के परिणामस्वरूप ब्रिटेन-भारत टीएनई को आगे बढ़ाने के लिए कई सिफारिशें भी की है। साथ ही ब्रिटेन संस्थानों की ओर से भारत में संचालित टीएनई में वर्तमान बाधाओं का विश्लेषण भी की गयी है। इसके अलावा, रिपोर्ट में भारत में उच्च शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण विधायी संशोधनों और नियामक योजनाओं का एक अद्यतन विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है जो भारत में ब्रिटेन टीएनई के निरंतर विस्तार की सुविधा प्रदान कर सकता है। शोध भारत में यूके के उच्च शिक्षा संस्थानों और अन्य देशों के विश्वविद्यालयों से टीएनई की एक अन्य सूची के बीच सभी टीएनई चचाओं का एक संपूर्ण डेटाबेस प्रस्तुत करता है।

इस रिपोर्ट में कई प्रमुख निष्कर्ष शामिल हैं - कुछ काफी स्पष्ट हैं, क्योंकि यह मौजूदा टीएनई गतिविधि, वर्तमान नीतियों, हितधारकों के विचारों और भारत में टीएनई के लिए बाधाओं की चर्चा करता है। आवश्यक संदर्भ के साथ यह ब्रिटेन और भारत के सहयोग के लिए नीतिगत स्तर और उच्च शिक्षा स्तर की सिफारिशें भी करता है। यह रिपोर्ट ब्रिटिश काउंसिल इंडिया की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ब्रिटिश काउंसिल के प्रमुख गोइंग ग्लोबल सम्मेलन का यह पहला एपीएसी संस्करण सिंगापुर में आयोजित किया गया। सम्मेलन ने अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा में नेताओं को ज्ञान साझा करने और दुनिया भर में उच्च शिक्षा के भविष्य को आकार देने के लिए एक वैश्विक नेटवर्क बनाने के लिए एक रणनीतिक मंच प्रदान किया।

## आयकर विभाग ने पटना के दो बड़े स्टील प्लांटों में की छापेमारी

**पटना (एजेंसी)।** जिले के बिहटा स्थित बालाजी स्टील प्लांट और बालमुकुंद टीएमटी सरिया फैक्टरी में बुधवार की सुबह आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी की। बिहटा–मनेर रोड स्थित दोनों फैक्टरियों में सुबह पांच बजे ही पुलिस बल के साथ आयकर विभाग की टीम ने प्रवेश किया और नाकेबंदी कर दी। छापेमारी दल दोनों फैक्टरियों के भीतर है। बाहर पुलिस का पहरा लगा दिया गया है। इन दोनों कंपनियों पर आय की सही जानकारी नहीं देने का आरोप है। आयकर विभाग के अधिकारियों ने बिहटा में सरिया बनाने वाली बालमुकुंद सुपर और बालमुकुंद डायमंड के अलावा बालाजी स्टील प्लांट प्रबंधन की ओर से आय की सही जानकारी नहीं दिये जाने की सूचना पर छापेमारी की है। विभाग की टीम कई गाड़ियों और पुलिस बल के साथ छापेमारी करने पहुंची है। टीम ने कंपनी के सभी कार्यालय को सील कर दिया और अधिकारियों के आने पर उनसे पूछताछ करने का इंतजार कर रहे है। हालांकि, फैक्टरी का कोई भी कर्मचारी कुछ भी बोलने से परहेज कर रहा है। यहां पत्रकारों को भी जाने और कुछ पूछताछ करने पर रोक लगाया गया है। छापेमारी में शामिल एक अधिकारी के अनुसार आयकर के संयुक्त आयुक्त के नेतृत्व में यह कार्रवाई हो रही है। कंपनी का कोई भी स्टाफ नहीं आया है। यह कार्रवाई पूरे दिन चलेगी। छापेमारी के बाद कर वंचना की सही आकलन कर कुछ भी बताया जा सकता है। फैक्टरी के स्टाफ ने मोबाइल बंद कर रखा है, जिससे टीम को जांच में थोड़ी परेशानी हो रही है।

## नीतीश कुमार के अति पिछड़ा विरोधी रवैये से निगम चुनाव टलने का खतरा : सुशील मोदी



**पटना (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर अति पिछड़ा विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि श्री कुमार की जिद्द की वजह से एक बार फिर से निगम चुनाव के टलने का खतरा मंडराने लगा है। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री मोदी ने बुधवार को यहां भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नगर निकाय चुनाव में राजनीतिक पिछड़ेपन की पहचान के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार ट्रिपल टेस्ट के लिए एक डेडिकेटेड इंडिपेंडेंट कमीशन बनाया जाना था लेकिन मुख्यमंत्री श्री कुमार ने अति पिछड़ा आयोग को ही डेडिकेटेड कमीशन अधिसूचित कर दिया। श्री मोदी ने कहा कि इस आयोग में अध्यक्ष सहित सभी सदस्य जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और राष्ट्रीय जनता दल ( राजद) के वरिष्ठ नेता थे। उन्होंने कहा कि भाजपा यह मांग कर रही थी कि किसी सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में कमीशन गठित किया जाए ताकि वह निष्पक्ष पारदर्शी बिना भेदभाव के काम कर सकें। भाजपा सांसद ने कहा कि जदयू-राजद समर्थित आयोग द्वारा जल्दबाजी में रिपोर्ट दाखिल करने के चक्कर में संपूर्ण निकाय क्षेत्र का सर्वे करने की बजाय नगर निगम में सात, नगर परिषद में पांच एवं नगर पंचायत में मात्र तीन वार्ड में ही सर्वे का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि पटना नगर निगम में 75 वार्ड है लेकिन मात्र सात वार्ड में और वह भी मात्र 21 प्रगणक द्वारा सर्वे कराया जा रहा है।

## हमारे पूर्वजों से गलती हुई, अन्यथा ओवैसी जैसे लोग आज जिन्ना नहीं बनते : गिरिराज




**मुजफ्फरपुर।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी उपचुनाव में भाजपा के पक्ष में प्रचार करने बुधवार को पहुंचे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने नीतीश कुमार और ओवैसी पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने ओवैसी पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि भारत विभाजन के समय ही गैर हिंदू को अलग राष्ट्र जो बनाया गया उसमें हमारे पूर्वजों से बड़े बुजुर्गों से गलती हुई है। अन्यथा आज ओवैसी जैसे लोग जिन्ना नहीं बनते।

गिरिराज ने कहा कि हैदराबाद में हाल के दिनों में सर तन से जुदा मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों को ओवैसी ने जेल से छुड़वाया है। उसका भाई कहता है कि अगर प्रशासन 15 मिनट छोड़ दे तो फिर दिखा देंगे क्या है। इसलिए सभी को सोचना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बिहार की महागठबंधन एक विशेष जाति को अपना सीएनएफ समझ बैठी है। आज हिंदू मतदाता का राजनीतिक ह्रास हो गया है। उनमें एकजुटता नहीं है।

गिरिराज सिंह ने सीएम नीतीश पर तंज कसते हुए कहा कि नीतीश कुमार एक बार खुद से विचार करे कि शराबबंदी में अब तक कितने लोगों की मौत हुई है और कितने लोग जेल जा चुके हैं। सब कुछ समझ में आ जाएगा। जबसे शराबबंदी नीतीश कुमार ने किया है, तब से लेकर आज तक शराब को घर-घर भिजवाने का काम किया है। इससे हर घर गंगाजल पहुंचा रहे नीतीश कुमार का पाप नहीं धुलेगा।

उल्लेखनीय है कि जिले के कुढ़नी विधानसभा में पांच दिसम्बर को उपचुनाव को लेकर लगातार सियासत का दौर जारी है । विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेताओं का दौरा क्षेत्र में जारी है। अपने-अपने तरीके से सभी नेता जनता को अपने पक्ष में करने में जुटे हैं। मुख्य मुकाबला यहां भाजपा और महा गठबंधन के बीच है, जिसमे ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम की भी भूमिका प्रमुख रहेगी।

# बिहार से श्रमिकों के संभावित पलायन के लिए केंद्र सरकार होगी जिम्मेवार : जदयू

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने केंद्र पर मनरेगा योजना के तहत आवश्यकता के अनुरूप मानव दिवस सृजन की स्वीकृति नहीं देने और सामग्री मद में 1045 करोड़ रुपये बकाया का भुगतान नहीं होने से कई प्रखंडों में काम रुक जाने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि ऐसी परिस्थिति में आने वाले समय में प्रदेश से श्रमिकों का पलायन होना शुरू होगा और इसके लिए पूरी तरह से केंद्र सरकार जिम्मेवार होगी।




जदयू के वरिष्ठ नेता एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बुधवार को यहां पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित 'कार्यकर्ताओं के दरबार में माननीय मंत्री' कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) योजना के तहत बिहार को 1750 करोड़ मानव दिवस सृजन का लक्ष्य मिला था जिसके विरुद्ध राज्य में अब तक 1797 करोड़ मानव दिवस सृजित किये गये हैं। प्रदेश को मात्र 1500 करोड़ मानव दिवस मिला था, उसके पूरा होने के बाद सरकार ने 12 करोड़ मानव दिवस की मांग केंद्र से की थी लेकिन केंद्र ने मात्र ढ़ाई करोड़ की स्वीकृति दी थी।

श्री कुमार ने कहा कि इतना ही नहीं मनरेगा के सामग्री मद का भी 1045 करोड़ रुपया केंद्र सरकार के पास बकाया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल कई प्रखंडों में मनरेगा का काम रुक गया है और आने वाले समय में पूरे बिहार में यह समस्या होने की आशंका बनी हुयी है। इस परिस्थिति में देश में 100 दिन काम की गारंटी होने के बावजूद आने वाले समय में बिहार से श्रमिकों का पलायन होना शुरू होगा, जिसकी सारी जिम्मेवारी केंद्र सरकार एवं केन्द्रीय ग्रामीण विकास विभाग की होगी।

मंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य एवं प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी एक बड़े नेता हैं, उनकी बात पर वह कोई टिप्पणी नहीं करेंगे लेकिन उन्हें एक सलाह जरूर देंगे कि वह वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की चिंता करें क्योंकि उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में बिहार मॉडल की चर्चा हो रही है। जहां सभी घरों में स्वच्छ पानी, गांव-गांव में पक्की गली-नाली बन रही है। श्री कुमार ने कहा कि श्री मोदी सहित भाजपा के नेता बिहार को विशेष राज्य और पटना विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिलवाने तथा जातीय जनगणना करवाने जैसे काम क्यों नहीं करते। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती अराजकता और मंहगाई के विरुद्ध बिहार से बिगुल फूंका जा चुका है। देश के तमाम नेताओं को बिहार एवं महागठबंधन के नेताओं से काफी उम्मीदें हैं।

इस मौके पर लघु जल संसाधन मंत्री जयंत राज ने कुढ़नी विधानसभा उपचुनाव के संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि महागठबंधन समर्थित जदयू प्रत्याशी मनोज कुशवाहा के लिए वहां महागठबंधन के सारे नेता लगे हुए हैं और पार्टी प्रत्याशी भारी मतों के अंतर से चुनाव जीतने जा रहे हैं। उन्होंने शराबबंदी कानून पर विचार करने संबंधी नेताओं के बयान के बारे में पूछे जाने पर कहा कि इससे बिहार का माहौल काफी बदला है और गरीब लोगों के जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने श्री मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वह सबसे पहले गुजरात में शराब चालू करवा कर देखें। वैसे उन्हें बिहार विधानमंडल में शराबबंदी पर दिए गए अपने बयान को पहले जरूर सुनना चाहिए।

इस अवसर पर जदयू सांसद फैयाज अहमद, विधायक निरंजन कुमार मेहता, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह, महासचिव लोक प्रकाश सिंह भी उपस्थित रहे।

## न्यूज गैलरी

### भारतीय हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-3 से हराकर किया उलटफेर

**एडिलेड (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में दुनिया की नंबर एक टीम ऑस्ट्रेलिया को बुधवार को यहां 4-3 से हराकर उलटफेर किया। शुरूआती दोनों मैचों में जीत दर्ज करने में नाकाम रहा भारत इस अप्रत्याशित सफलता के साथ श्रृंखला को जीवंत रखने में कामयाब रहा। टीम के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (12वें मिनट), अभिषेक (47वें मिनट), शमशेर सिंह (57वें मिनट) और आकाशदीप सिंह (60वें मिनट) ने गोल किए। ऑस्ट्रेलिया के लिए जैक वेल्च (25वें), कप्तान एरान जालेवस्की (32वें) और नाथन इफ्राम्स (59वें) ने गोल दागे। इस जीत के बाद भारत श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ रहा है। मेहमान टीम को पहले दो टेस्ट मैच में 4-5 और 4-7 से हार का सामना करना पड़ा था। श्रृंखला का चौथा मैच शनिवार और आखिरी मैच रविवार को खेला जाएगा।


### बीबीएल में चौके-छक्के लगाते नजर आयेंगे फाफ डु प्लेसिस

**पर्थ (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस बिग बैश लीग में पर्थ स्कॉचर्स के लिए खेलते हुए नजर आयेंगे। अनुभवी शीर्ष क्रम के बल्लेबाज डु प्लेसिस ने टी-20 इंटरनेशनल में 50 बार दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया उनमें से 40 मैचों में कप्तान के रूप में काम किया और 134 .38 की स्ट्राइक रेट से 1,500 से अधिक रन बनाए। अपने टी-20 करियर में उन्होंने आईपीएल, बांग्लादेश प्रीमियर लीग, सीपीएल, पीएसएल, टी-20 ब्लास्ट और द हंड्रेड में खेला है। उन्होंने 311 प्रदर्शनों में 130 .85 की स्ट्राइक रेट से 8,074 रन बनाए हैं। उन्होंने 50 विकेट भी लिए हैं। हालांकि, 38 वर्षीय ने बिग बैश में सिर्फ एक मैच खेला है जो उन्होंने 2012/13 में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेला था और मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ 14 रन बनाए थे। डिफेंडिंग चैंपियन में शामिल होने पर डु प्लेसिस ने कहा, 'मुझे लगता है कि पहली बात जो दिमाग में आती है वह यह है कि पर्थ चार बार का चैंपियन है, जो बहुत प्रभावशाली है। दुनियाभर में खेलने वाला कोई भी खिलाड़ी प्रतियोगिताओं को जीतना चाहता है, इसलिए एक महान फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना अच्छा है। उन्होंने कहा, मैं भी आने और सीखने के लिए उत्सुक हूं। मुझे लगता है कि अन्य लोगों और संगठनों से सीखना महत्वपूर्ण है और यह पता लगाना है कि वे सफल क्यों हैं। मैं अपने अनुभवों और जो चीजें मैंने सीखी हैं, उन्हें साझा करने के लिए भी उत्साहित हूं। और उम्मीद है कि यह एक बेहतरीन संयोजन हो सकता है।

### शरत कमल को खेल रत्न से सम्मानित किया गया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टेबल टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी अचंता शरत कमल को बुधवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित किया। शरत खेल रत्न हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे जबकि बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय, महिला मुक्केबाज निकहत जरीन, ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों एल्धोस पॉल और अविनाश साबले सहित 25 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एक विशेष समारोह में पिछले कुछ वर्षों में भारतीय खेलों के शीर्ष खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। यह आयोजन पारंपरिक रूप से हर साल 29 अगस्त को हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है लेकिन पिछले साल भी यह कार्यक्रम किसी अन्य तारीख पर आयोजित किया गया था।

# पूर्व ओपनर गौतम गंभीर ने बताया - टीम इंडिया के लिए होना चाहिए भारतीय कोच



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व ओपनर बल्लेबाज गौतम गंभीर ने भारतीय और विदेशी कोच के अंतर को समझाते हुए भारतीय कोच की वकालत की है। साथ ही गंभीर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को लेकर भी पॉजिटिव बयान दिया है। टीम इंडिया के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर ने कहा कि भारतीय टीम का कोच कोई भारतीय ही होना चाहिए। गंभीर ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर आईपीएल को दोषी ठहराए जाने का भी विरोध किया है और कहा कि हाल के वर्षों में जो कुछ अच्छा हुआ है, वह आईपीएल है। फिक्की 2022 और इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड्स के कार्यक्रम में गौतम गंभीर ने कई बातें कही हैं।

**गौतम गंभीर ने क्या कहा :** टीम इंडिया के पूर्व कोच गौतम गंभीर ने कहा कि भारतीय क्रिकेट में जो सबसे अच्छी बात हुई है, वह ये है कि इंडियन कोच ने नेशनल टीम को कोचिंग देना शुरू किया है। गौतम ने जोर देकर कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय टीम के साथ भारतीय कोच ही होना चाहिए। गंभीर ने कहा कि हम विदेशी कोच को बहुत ज्यादा महत्व देते रहे हैं लेकिन विदेशी कोच आते, पैसा बनाते हैं और फिर चले जाते हैं। क्रिकेट के खेल में इमोशन बहुत जरूरी होता और केवल वही लोग भारत के लिए भावुक हो सकते हैं, जिन्होंने टीम के लिए मैच खेले हैं। यही कारण है कि टीम इंडिया को हर हाल में भारतीय कोच ही नियुक्त करना चाहिए। गौतम गंभीर आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान रह चुके हैं और अपनी कप्तानी में 2012 और 2014 में वे केकेआर को आईपीएल चैंपियन भी बना चुके हैं। गंभीर ने आईपीएल की तारीफ की और कहा कि इससे खिलाड़ियों में फाइनेंसियल सिक्योरिटी बढ़ी है। गौतम ने कहा कि खिलाड़ी 34-35 साल तक ही कमाई कर पाते हैं और आईपीएल की वजह से खिलाड़ियों को फाइनेंसियल सिक्योरिटी बढ़ी है। उन्होंने टीम इंडिया की हार के लिए आईपीएल को दोषी बनानेवालों को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि खिलाड़ी प्रदर्शन न करें तो उनकी आलोचना कीजिए।

## इंग्लैंड की टीम पर वायरस का अटैक

# कप्तान बेन स्टोक्स समेत 14 खिलाड़ी हुए संक्रमित



**रावलपिंडी (एजेंसी)।** इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच 1 दिसंबर से रावलपिंडी में शुरू होने वाले टेस्ट सीरीज पर संकट के बाद मंडराने लगे हैं। खबर है कि कप्तान बेन स्टोक्स समेत इंग्लैंड क्रिकेट टीम के 14 सदस्य अज्ञात वायरस की चपेट में आ गए हैं। हालांकि, इनमें कोरोना वायरस (कोविड-19) से संबंधित लक्षण नहीं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार वायरस के चपेट में आने के कारण इंग्लैंड टेस्ट स्क्वाड के 14 सदस्यों को बुधवार को होटल में आराम करने को कहा गया। प्लेइंग स्क्वाड के 16 में से लगभग आधे सदस्य वायरस के चपेट में हैं। इसके कारण केवल पांच खिलाड़ियों ने ऑप्शनल ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा लिया। तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच गुरुवार से शुरू होना है। लंकाशायर के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन इंग्लैंड के लिए टेस्ट में डेब्यू करनेवाले हैं, जबकि ओपनर बल्लेबाज बेन डकेट को छह साल बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। जो रूट, जैक क्रॉली, हैरी ब्रूक, ओली पोप और कीटन जेनिंग्स ने बुधवार को ट्रेनिंग में हिस्सा लिया, जबकि मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम भी उपस्थित रहे। पिछले दिन घायल मार्क वुड को छोड़कर सभी खिलाड़ियों ने ट्रेनिंग में हिस्सा लिया था।

### स्टोक्स के न खेलने पर कौन होगा कप्तान

**बेन** स्टोक्स के कप्तानी संभालने के बाद से इंग्लैंड ने आधिकारिक तौर पर किसी को उपकप्तान नहीं बनाया है। हालांकि, ओली पोप ने पिछले हफ्ते इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अभ्यास मैच में स्टोक्स की अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व किया था। 2009 में श्रीलंका टीम बस पर हमले के बाद इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं कर रही थी। इंग्लैंड की टीम 17 साल में पाकिस्तान में पहली बार टेस्ट मैच खेलेगी। इससे पहले इंग्लैंड की टीम सितंबर-अक्टूबर में टी-20 सीरीज खेलने आई थी। 4-3 से सीरीज अपने नाम की थी। टी-20 के दौरान कई खिलाड़ियों के बीमार होने के बाद इंग्लैंड की टीम अपने कुक के साथ दौरे पर आई है।

# तीसरा वनडे बारिश के कारण रद्द सीरीज पर न्यूजीलैंड का कब्जा

- टीम इंडिया ने दिया था 220 रन का आसान लक्ष्य, बारिश बनी न्यूजीलैंड की जीत की राह में रोड़ा



**क्राइस्टचर्च (एजेंसियां)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा और अंतिम मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। मैच रद्द होने के घोषणा के साथ ही न्यूजीलैंड ने यह वन डे सीरीज 1-0 से जीत ली। हालांकि आज न्यूजीलैंड आसानी से इसे 2-0 कर सकता था मगर बारिश के कारण आगे का खेल संभव नहीं हो सका। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण यहां न्यूजीलैंड की शानदार गेंदबाजी के सामने ह्यकरो या मरो' के तीसरे और अंतिम वनडे में 47.3 ओवर में 219 रन पर सिमट गयी। जवाब में न्यूजीलैंड ने बारिश के कारण मैच रुकने तक 18 ओवर में एक विकेट खोकर 104 रन बना लिये थे और आराम से जीत की ओर जा बढ़ रहा था। दोबारा मैच शुरू नहीं हो पाया और अंपायरों ने मैच रद्द घोषित कर दिया। इससे पहले, न्यूजीलैंड से 0-1 से पिछड़ने के बाद श्रृंखला बचाने की कवायद में जुटे भारत के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसमें आधी टीम 25.3 ओवर में पवेलियन लौट चुकी थी। केवल वाशिंगटन सुंदर (64 गेंद में 51 रन, पांच चौके और एक छक्का) ही अर्धशतकीय पारी खेल सके जिसकी बदौलत टीम 200 रन का स्कोर पार कर पायी। इस स्पिन आल राउंडर ने पहले वनडे में भारत की सात विकेट पर 306 रन की पारी में 16 गेंद में नाबाद 37 रन बनाकर अपनी काबिलियत का नजारा पेश किया था, वह आउट होने वाले अंतिम खिलाड़ी रहे। उनसे पहले श्रेयस अय्यर (49 रन) अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सके और अपने पचासे से एक रन पहले आउट हो गये। बारिश के कारण रद्द हुए दूसरे वनडे में एडम मिल्ने नहीं खेले थे लेकिन इस मैच में उनकी वापसी हुई। उन्होंने भारतीय शीर्ष क्रम को झकझोरते हुए 57 रन देकर तीन विकेट हासिल किये। मिल्ने ने कप्तान शिखर धवन (28 रन) और शुभमन गिल (13 रन) के विकेट प्राप्त किये। फिर उन्होंने सूर्यकुमार यादव (06) के रूप में भारत का महत्वपूर्ण विकेट चटकाया जिससे भारत की मध्य ओवरों में लचर बल्लेबाजी की कलई खुल गयी।

### चीजों को सही करने की है जरूरत : धवन

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली गई तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला का आखिरी मैच बुधवार को बारिश में धुलने के बाद न्यूजीलैंड ने सीरीज 1-0 से जीत ली। मैच के बाद भारतीय कप्तान शिखर धवन ने कहा, छोटी-छोटी चीजों को सही करने की जरूरी है। धवन ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, बिल्कुल, बांग्लादेश जा रहे हैं, उम्मीद है कि वहां मौसम बेहतर रहेगा। हम एक युवा इकाई हैं। बॉलिंग यूनिट ने अच्छी लेंथ एरिया में बॉलिंग करना सीखा। हम कई बार कम थे। सभी सीनियर्स की टीम में वापसी होने वाली है। अधिक एशियाई विकेट हमारे लिए विश्व कप की अधिक व्यावहारिक यात्रा है। छोटी-छोटी चीजों को सही करने की जरूरी है जिसमें गेंदबाजों के लिए सही लेंथ, बल्लेबाजों के लिए इन परिस्थितियों में करीब बल्लेबाजी करना... ये सीख हैं। गौर हो कि भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को 220 रन का लक्ष्य दिया।

## तीसरा वनडे रद्द होने के बाद बोले विलियमसन

# बारिश की भेंट चढ़े मैचों में भी कुछ चीजें हैं अच्छी




**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली गई तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला का आखिरी मैच बुधवार को बारिश में धुल गया। हालांकि पहले मैच में जीत दर्ज करने के कारण न्यूजीलैंड ने सीरीज 1-0 से अपने नाम की क्योंकि दूसरा मैच भी बारिश की भेंट चढ़ गया था। मैच के बाद न्यूजीलैंड टीम के कप्तान केन विलियमसन ने कहा, बारिश की भेंट चढ़े मैचों में भी कुछ अच्छी चीजें हैं। मैच के बाद प्रेस वार्ता में बात करते हुए विलियमसन ने कहा, 'जब हम क्रिकेट खेल रहे होते हैं तो हम खुद को अप्लाई कर रहे होते हैं। बारिश की भेंट चढ़े मैचों में भी कुछ अच्छी चीजें हैं। हम जानते थे कि 20 ओवर का मैच होगा, लेकिन हम देख सकते थे कि बादल आ रहा है, वह हमारा पीछा कर रहे हैं। डेरिल खेलने के लिए बाहर घूम रहा था। मिल्ने को एक घुटन महसूस हुई लेकिन वह रुकना नहीं चाहता था। टेस्ट क्षेत्र में फोकस परिवर्तन। लड़कों को अब एक ब्रेक मिला है और यह महत्वपूर्ण भी है। काफी व्यस्त कार्यक्रम रहा। हम ब्रेक के बाद एक टेस्ट टीम के रूप में फिर से जुटेंगे। गौर हो कि भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को 220 रन का लक्ष्य दिया। न्यूजीलैंड ने इसके जवाब में 18 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 104 रन बना लिए जिसके बाद बारिश ने हेगले ओवल पर दस्तक दे दी। डकवर्थ लुइस नियम के अनुसार मैच का परिणाम निकालने के लिये कम से कम 20 ओवर फेंके जाने की जरूरत थी, लेकिन बारिश न रुकने के बाद अंपायरों ने मैच को रद्द करने का निर्णय लिया। न्यूजीलैंड के लिये सलामी बल्लेबाज फिन एलेन ने 54 गेंदों पर आठ चौके और एक छक्का लगाकर 57 रन बनाये, जबकि डेवन कॉनवे ने 51 गेंदों पर छह चौकों के साथ नाबाद 38 रन की पारी खेली। इससे पहले न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने भारत को 47.3 ओवर में 219 रन पर ऑलआउट कर दिया। भारत को इस सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने के लिए वाशिंगटन सुंदर ने 64 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्का लगाकर 51 रन बनाये, जबकि श्रेयर अय्यर ने 59 गेंदों पर आठ चौकों के साथ 49 रन का योगदान दिया।

### तुलना करने पर पंत नाराज कहा- मेरा प्रदर्शन इतना भी बुरा नहीं

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** सीमित ओवर के क्रिकेट में अपनी खराब फॉर्म के लिए आलोचनाओं में घिरे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बुधवार को कहा कि सफेद गेंद के क्रिकेट में उनका प्रदर्शन इतना भी बुरा नहीं है। पंत इस साल सीमित ओवर के क्रिकेट में खराब फॉर्म में हैं, उन्होंने छोटे प्रारूप में केवल एक अर्धशतक जड़ा है और वो भी फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ। वह 2022 में खेली गई 21 पारियों में केवल दो ही बार 30 रन का आंकड़ा पार कर पाए हैं। वनडे में 25 साल के खिलाड़ी ने इस साल 9 पारियां खेली हैं जिसमें दो अर्धशतक और एक शतक शामिल है। पंत ने बुधवार को यहां तीसरे और अंतिम वनडे से पहले आधिकारिक प्रसारक प्राइम वीडियो से कहा कि ये आंकड़े महज एक संख्या ही तो हैं। सफेद गेंद में मेरे रनों की संख्या इतनी बुरी भी नहीं है। वहीं अगर तुलना की जाए तो पंत का टेस्ट प्रारूप में प्रदर्शन शानदार रहा है जिसमें उन्होंने इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में शतक जड़े हैं।

# सौराष्ट्र विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा, उनादकट और मांकड़ चमके



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के चार विकेट और प्रेरक मांकड़ के ऑलराउंड प्रदर्शन से सौराष्ट्र ने बुधवार को यहां कर्नाटक को पांच विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। उनादकट ने कप्तान मयंक अग्रवाल (01) और विकेटकीपर बल्लेबाज बीआर शरत (03) को सस्ते में आउट करके सौराष्ट्र को अच्छी शुरूआत दिलाई जिसके बाद मांकड़ ने निकिन जोस (12) और मनीष पांडे (00) को चार गेंद में आउट करके 19 ओवर में कर्नाटक का स्कोर चार विकेट पर 47 रन कर दिया। कर्नाटक के सात बल्लेबाज दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाए और पूरी टीम अंततः 49.1 ओवर में 171 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में पूर्व चैंपियन सौराष्ट्र ने जय गोहिल की 82 गेंद में 61 रन की पारी की बदौलत 36.2 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन बनाकर जीत दर्ज की। गोहिल ने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। मांकड़ ने 35 रन की पारी खेली जबकि समर्थ व्यास ने भी 33 रन का योगदान दिया। मांकड़ ने गोहिल के साथ 53 रन की साझेदारी भी की। इससे पहले सलामी बल्लेबाज रविकुमार समर्थ ने 135 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 88 रन की पारी खेली लेकिन दूसरे छोर पर लगातार विकेट गिरते रहे। वह उनादकट के तीसरे शिकार बने।

उनादकट ने मैच के बाद कहा कि यह शानदार अहसास है। जब हमने नॉकआउट चरण में जगह बनाई तो हम सही समय पर प्रभाव छोड़ना चाहते थे। इससे बेहतर नहीं हो सकता। गेंद और बल्लेबाज से शानदार प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि टॉस जीतने के बाद मुझे जल्दी विकेट चटकाने थे। इस टूनार्मेंट में मैंने जिस तरह गेंदबाजी की है उससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। दबाव बनने के बाद सभी गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

# फीफा विश्व कप : कोस्टा रिका के खिलाफ जर्मनी को जीत की जरूरत


- जापान को 1-0 से हराकर ग्रुप तालिका को बना दिया है रोमांचक



**दोहा (एजेंसी)।** विश्व कप फुटबॉल के अपने शुरूआती मैच में जापान के खिलाफ उलटफेर का शिकार होने के बाद स्पेन जैसी मजबूत टीम को बराबरी पर रोकनेवाली जर्मनी की टीम गुरुवार को यहां कोस्टा रिका के खिलाफ ग्रुप ई के मैच के लिए मैदान में उतरेगी तो उसे नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए जीत के अलावा किस्मत के साथ की जरूरत होगी। जापान से हार के बाद लगा था कि 2014 की चैम्पियन जर्मनी की टीम का सफर 2018 की तरह इस बार भी ग्रुप चरण में खत्म हो जाएगा लेकिन स्पेन से 0-7 से हारने वाली कोस्टा रिका की टीम ने जापान को 1-0 से हराकर ग्रुप ई की तालिका को रोमांचक बना दिया। जर्मनी की टीम अगर कोस्टा रिका को हराती है तो वह राउंड ऑफ 16 के लिए क्वालीफाई कर सकती है। इसके लिए उसे ग्रुप के दूसरे मैच में जापान के खिलाफ स्पेन की जीत की दुआ करनी होगी। जापान को हराने के बाद कोस्टा रिका के हौसले भी बुलंद है और वह कमजोर नजर आ रही जर्मनी के खिलाफ कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी और वह इस मुकाबले को ड्रॉ कर के भी अगले चरण में पहुंच सकती है। कोस्टा रिका के कोच लुइस फर्नांडो सुरेज ने टूर्नामेंट से पहले कहा था कि हम कुर्सी पर बैठकर फोटो खिंचवाने के लिए कतर नहीं आये है। स्पेन दो मैचों के बाद ग्रुप ई में चार अंकों के साथ शीर्ष पर है, इसके बाद जापान और कोस्टा रिका दोनों तीन अंकों के साथ हैं, जबकि जर्मनी के पास सिर्फ एक अंक है। ऐसी परिस्थितियों में ग्रुप की चारों टीमों के पास अगले चरण के लिए क्वालीफाई करने का मौका है। जर्मनी के मिडफील्डर थॉमस मल्लेर ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो अभी तक हमने ऐसा कुछ नहीं किया, जिसका जश्न मनाया जाए।

### मोरक्को की निगाहें अगले दौर में पहुंचने पर

**मोरक्को** की टीम गुरूवार को यहां होने वाले फीफा विश्व कप मुकाबले में कनाडा को हराकर 1986 के बाद पहली बार नॉकआउट चरण में प्रवेश करना चाहेगी। वहीं, कनाडा की टीम पहले ही बाहर हो चुकी है, लेकिन उसकी कोशिश होगी कि पहली जीत के साथ कतर से जाए। मोरक्को की टीम गुरूवार की रात जीत या ड्रा से भी अगले दौर में पहुंच जाएगी। इसके अलावा वह हार के बावजूद भी नॉकआउट में पहुंच सकती है लेकिन यह बेल्जियम के क्रोएशिया के खिलाफ मैच के नतीजे पर निर्भर करेगा। मोरक्को ने क्रोएशिया के खिलाफ गोलरहित ड्रा से शुरूआत की थी जिसके बाद उसने रोमेन साइस और जकारिया अबूखलाल के गोल की मदद से दूसरी रैंकिंग की बेल्जियम को 2-0 से हराकर उलटफेर किया। कोच वालिद रेग्रागुई ने कहा कि हमें हराना मुश्किल है। हमने दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ टीमों को कड़ी टक्कर दी।



## न्यूज गैलरी

### ब्रिटानिया का फ्रांस की कंपनी बेल के साथ संयुक्त उद्यम में प्रवेश

नयी दिल्ली। देश की प्रमुख खाद्य उत्पाद बनाने वाली ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीआईएल) ने फ्रांस की पनीर उत्पादन और स्वस्थ खाद्य उत्पादों का निर्माण करने वाली कंपनी बेल एक संयुक्त उद्यम का करार किया हैं। कंपनियों ने विगत मंगलवार को यहां जारी बयान में कहा कि ब्रिटानिया की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बीडीपीएल (ब्रिटानिया डेयरी प्राइवेट लिमिटेड) में बेल 49 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी जिसके बाद कंपनी का नाम बदलकर ब्रिटानिया बेल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड कर दिया जाएगा। इस संयुक्त उद्यम के जरिए भारतीय उपभोक्ताओं के लिए पौष्टिक, स्वादिष्ट और विश्व स्तरीय श्रृंखला पनीर उत्पादों की श्रृंखला पेश की जाएगी।

### हरियाणा के उद्योगों की बिजली से संबंधित समस्याओं का समाधान जल्द: रंजीत सिंह

गुरुग्राम (एजेंसी)। हरियाणा के बिजली मंत्री रंजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार उद्योग और अन्य डेवलपर के लिए बिजली से संबंधित सभी समस्याओं को हल करने की पूरी कोशिश करेगी ताकि राज्य का आर्थिक विकास प्रभावित न हो। वह यहां नारेडको-हरियाणा रियल एस्टेट शिखर सम्मेलन 2022 और क्रेता-विक्रेता सम्पर्क कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री सिंह ने इस अवसर पर उद्यमियों को आश्वासन देते हुए कहा, राज्य मंत्रिमंडल की बैठक दिसंबर, 2022 के पहले सप्ताह में आयोजित की जाएगी, जिसमें हरियाणा में बिजली की समस्या के समाधान के लिए सभी तरह के प्रबंध पूरे कर लिए जाएंगे।

### टाटा समूह करेगा एयर इंडिया, विस्तारा का विलय

मुंबई। टाटा सन्स और सिंगापुर एयरलाइन्स (एसआईए) ने विगत मंगलवार को विस्तारा एयरलाइन्स का एयर इंडिया में विलय करने की घोषणा की। यह निर्णय टाटा समूह द्वारा अपने एयरलाइन कारोबार के पुनर्गठन की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। कंपनियों ने एक बयान में कहा कि यह विलय प्रक्रिया नियामक की मंजूरी मिलने के बाद मार्च 2024 तक पूरी कर ली जाएगी। इस सौदे के अंतर्गत एसआईए एयर इंडिया में 2,059 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और 25.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी होगी बाकी 74.9 प्रतिशत शेयर टाटा संस के पास होंगे।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत




नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों जारी तेजी के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बुधवार को भी यथावत रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 2.19 प्रतिशत उबलकर 84.85 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 2.08 प्रतिशत की तेजी लेकर 79.83 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पांच महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापार समझौते की तारीख तय, 29 दिसंबर से होगा लागू

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया-भारत आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (ईसीटीए) 29 दिसंबर से लागू हो जाएगा। बुधवार को भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ'फारेल ने इसकी घोषणा की। राजदूत ओ'फारेल ने ट्वीट किया, ₹तारीख तय हो गई है! ऑस्ट्रेलिया-भारत आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता 29 दिसंबर को लागू होगा, दोनों देशों के लिए नए बाजार पहुंच के अवसर प्रदान करेगा और आने वाले दशकों में दोस्ती को सुरक्षित करेगा। यह घोषणा ऑस्ट्रेलियाई प्रधान मंत्री एंथनी अल्बनीस के बयान के एक सप्ताह बाद की गई है।

# मुकेश अंबानी के समधी बचा सकते हैं अनिल की साख



दिल्ली (एजेंसी)। अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए कई कंपनियों ने बोली लगाई है। इन कंपनियों में एक ऐसा नाम भी है, जिसका सीधा रिश्ता मुकेश अंबानी से भी है। जी हां, मुकेश अंबानी के समधी और ईशा अंबानी के ससुर ने भी आर कैपिटल में अपनी रुचि दिखाई है। पिरामल ग्रुप के अलावा इस कंपनी में कॉस्मिया फाइनांशियलऔर यूवी एआरसी के साथ हिंदुजा ग्रुप, ओकट्री, टोरेंट ने भी अपनी फाइनल बिड सौंप दी है। इस दिवालिया फर्म के लिए अंतिम प्रस्तावों की डेडलाइन सोमवार को समाप्त हो गई। यूवी स्पेशल सिचुएशन फंड ने फीस के आधार पर रिलायंस कैपिटल के लिए एक ऑफर दिया है, जिसका मतलब है कि उसका कोई रिजॉल्यूशन प्लान नहीं है। फर्म आरकैप की संपत्तियों को बेचने और बिक्री होने पर उधारदाताओं को चुकाएगी। उद्योग के एक सूत्र ने कहा कि बोली लगाने वाली कंपनियों द्वारा की गई पेशकश के बारे में अभी जानकारी नहीं है। उद्योग के सूत्रों के मुताबिक, लाइफ और जनरल इंश्योरेंस वेंचर्स के लिए अलग से कोई बोली नहीं लगाई गई। बिड़ला सन लाइफ और निप्पॉन दोनों, जो लाइफ इंश्योरेंस कारोबार रुचि रखते हैं, बिड प्रोसेस से पहले ही पीछे हट गए। निप्पॉन, जिसकी रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस में 49 फीसदी हिस्सेदारी है, ने भारतीय साझेदार के साथ फर्म की 51 फीसदी बोली लगाने में रुचि दिखाई थी। इसी तरह, बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी हिस्सेदारी 10 फीसदी से नीचे गिरने की आशंका के कारण निप्पॉन लाइफ के विलय से इनकार करने के बाद दौड़ से बाहर हो गई। आरसीएपी के लिए बोली दो तरह से लगाई जा सकती है। पहली, पूरी कंपनी के लिए और दूसरी, अलग-अलग व्यवसायों के लिए। कुल मिलाकर आरकैप के अलावा, प्रशासक ने रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस (51 फीसदी), सामान्य बीमा, वाणिज्यिक वित्त, गृह वित्त, प्रतिभूति व्यवसाय, रिलायंस एआरसी और अन्य को भी बिक्री के लिए रखा था। सूत्रों के मुताबिक, फरवरी में 50 से ज्यादा कंपनियों ने रिलायंस कैपिटल की संपत्ति के लिए बोली लगाने के लिए अपना एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रस्ट (ईओआई) जमा की थी।

### पहले दौर की बोलियों में कौन था आगे


ज्यूरिख इंश्योरेंस और यूएस स्थित निजी इक्विटी निवेशक एडवेंट इंटरनेशनल, दोनों ने शुरूआती दौर में रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी (आरजीआईसी) के लिए नॉन-बाइंडिंग बिड बोलियां जमा की थीं, अंतिम दौर में बाहर रहे। एडवेंट ने बोली के पहले दौर के दौरान आरजीआईसी के लिए 7,000 करोड़ रुपये की नॉन बाइंडिंग बिड दी थी, जबकि पिरामल और ज्यूरिख ने क्रमश: 3,600 करोड़ रुपये और 3,700 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी।

# आज होगा डिजिटल रूपये का लॉन्च, आरबीआई का बड़ा ऐलान




नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मंगलवार को बड़ा ऐलान किया है। आरबीआई ने कहा है कि वह एक दिसंबर को खुदरा डिजिटल रुपये लॉन्च करेगी। बता दें ए-फएक डिजिटल टोकन के रूप में होगा। जानकारी के मुताबिक डिजिटल मुद्रा कानूनी निविदाओं का प्रतिनिधित्व करेगी। आरबीआई ने बताया कि डिजिटल रुपया उसी मूल्यवर्ग में जारी किया जाएगा जिसमें वर्तमान में कागजी मुद्रा और सिक्के जारी किए जाते हैं। आरबीआई खुदरा स्तर पर डिजिटल रुपये का पायलट प्रोजेक्ट लेकर आया है। एक दिसंबर से रिटेल सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी के लिए पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च होगा। फिलहाल यह पायलट प्रोजेक्ट ग्राहकों और व्यापारियों के साथ क्लोजर यूजर ग्रुप को कवर करेगा। यह पायलट प्रोजेक्ट कुछ चुनिंदा जगहों पर ही होगा। यह डिजिटल रुपया इस समय जारी पेपर करेंसी और सिक्कों की तरह ही जारी होगा। यह डिजिटल करेंसी बैंकों के माध्यम से डिस्ट्रिब्यूट होगी। ग्राहक डिजिटल रुपयों का लेनदेन डिजिटल वॉलेट के जरिए कर सकेंगे। यह डिजिटल वॉलेट बैंकों द्वारा ऑफर होगा और इसे मोबाइल फोन और दूसरे डिवाइस में रखा जा सकेगा। लेनदेन पर्सन टू पर्सन और पर्सन टू मर्चेंट दोनों तरह से हो सकेंगे। व्यापारियों के यहां लगे क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान किया जा सकेगा।

# चेन्नई हवाईअड्डे पर मल्टी लेवल कार पार्किंग चार दिसंबर से शुरू




चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नई मल्टी-लेवल कार पार्किंग (एमएलसीपी) सुविधा चार दिसंबर से शुरू हो जाएगी। देश में चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा तीसरा सबसे बड़ा ऐसा हवाई अड्डा है, जहां सबसे ज्यादा विदेशी यात्रियों का आना-जाना है। इसका कोविड महामारी के बाद एमएलसीपी संचालन के लिए पुनर्निर्माण किया गया है, जो चार दिसंबर को चालू हो जाएगा। हवाईअड्डे के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एमएलसीपी का उद्घाटन हवाईअड्डे के लिए एक प्रमुख इंफ्रा बूस्ट होगा। इस पार्किंग की व्यवस्था एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन के पास की गयी है। इस पार्किंग में यात्री करीब 2,150 कार पार्क कर सकते हैं। इसके अलावा, एमएलसीपी में करीब 1400 और दो पहिया वाहनों को भी खड़ा करने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस छह मंजिला इमारत में मशीनीकृत पार्किंग स्लॉट, ईवी चार्जिंग स्टेशन, यात्रियों और जनता की सुविधा के लिए मल्टीप्लेक्स , रेस्तरां सहित कई व्यावसायिक सुविधाएं प्रदान की गयी हैं। सूत्रों ने बताया कि एमएलसीपी के पुनर्निर्माण के बाद, व्यापक पार्किंग, पर्यावरण के अनुकूल सुविधाओं के साथ सुंदर भूनिर्माण किया गया, जो चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के शहर की ओर सौंदर्य की रूपरेखा को बढ़ाएगा।

### पारिख समिति ने सौंपी रिपोर्ट, गैस कीमत निर्धारण की खुली छूट देने का सुझाव

नयी दिल्ली। सरकार की तरफ से नियुक्त गैस कीमत समीक्षा समिति ने बुधवार को सौंपी अपनी रिपोर्ट में परंपरागत गैस क्षेत्रों के लिए एक आधार एवं अधिकतम कीमत तय करने का सुझाव देने के साथ ही जनवरी, 2026 से मूल्य निर्धारण की खुली छूट देने की सिफारिश की है। योजना आयोग के पूर्व सदस्य किरीट पारिख की अगुवाई वाली समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि परंपरागत क्षेत्रों से निकलने वाली गैस के लिए एक निर्धारित मूल्य दायरा रखने से गैस उत्पादकों के लिए एक अनुमान-योग्य कीमत निर्धारण व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी। समिति के मुताबिक, इस व्यवस्था से सीएनजी एवं पाइप से आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस पीएनबी की कीमतों को नरम करने में भी मदद मिलेगी। उत्पादन लागत बढ़ने से इसकी कीमत पिछले साल से अबतक 70 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं।

# रॉश फार्मा ने कैंसर पीड़ितों के लिए लॉन्च किया पेशेंट सपोर्ट ऐप



◆यह ऐप मरीजों को इस सपोर्ट प्रोग्राम के सफर को अपने फोन से सीधे मैनेज करने की इजाजत देता है। मरीज इस मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रमुख ब्लू ट्री प्रोग्राम के कई फीचरों और लाभ उठा सकते हैं।

नयी दिल्ली (एजेंसी)। रॉश फार्मा इंडिया ने आज कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से पीड़ित उन मरीजों के लिए अपना नया डिजिटल प्रोग्राम द ब्लू ट्री 2.0 मोबाइल ऐप लॉन्च किया, जो भारत में रॉश के ब्लू ट्री पेशेंट सपोर्ट प्रोग्राम का हिस्सा हैं। यह मोबाइल ऐप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर मौजूद है। यह ऐप मरीजों के लिए कई पेशेंट सपोर्ट सर्विसेज तक आसानी से पहुंच उपलब्ध कराएगा, जिससे उनके इलाज का सफर ज्यादा आसान बन सकेगा। इस ऐप का मकसद मरीजों के इनरोलमेंट में तेजी लाकर रोगियों और स्वास्थ्य रक्षा कर्मियों के अनुभव को बेहतर बनाना था। यह ऐप मरीजों को कई सपोर्ट सेवाओं तक आसान पहुंच उपलब्ध कराता है और उन्हें इसके लिए एडवांस में नोटिफिकेशन देता है। यह कार्यक्रम का दायरा और पहुंच बढ़ाता है, जिससे ज्यादा से ज्यादा मरीजों को यह सुविधाएं मिल सकें। इससे खासतौर से दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को फायदा होता है। यह ऐप मरीजों को इस सपोर्ट प्रोग्राम के सफर को अपने फोन से सीधे मैनेज करने की इजाजत देता है। मरीज इस मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रमुख ब्लू ट्री प्रोग्राम के कई फीचरों और लाभ उठा सकते हैं। इसमें मरीजों का डिजिटल इनरोलमेंट किया जाता है। इसमें एक इनरोलमेंट ट्रैकर होता है, जो यह संकेत देता है कि यह कार्यक्रम कितने फीसदी तक पूरा हो गया है। इसमें मरीज मुफ्त में दवाई की मदद प्राप्त करने के लिए अपना अनुरोध दे सकते हैं, जिसे रॉश के मरीजों की मदद करने के कार्यक्रम के हिस्से के तौर पर उपलब्ध कराया जाता है। मरीजों को दवाइयों की डिलिवरी उनके घर के दरवाजे पर मिलती है। इसमें एक लाइव ऑर्डर ट्रैकर भी है, जिससे आपको यह पता चलता है कि आपकी दवाएं अभी कहां हैं और वह कब तक आप तक पहुंचेंगी। इससे मरीजों को उनके आगामी इन्फ्यूजन शेड्यूल के बारे में एडवांस नोटिफिकेशन मिलती है। इसके अलावा उन्हें तरह-तरह की बीमारियों के टेस्ट और परामर्श जैसे दूसरी मूल्य वर्धित सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। मरीज केवल एक बटन को क्लिक कर भावनात्मक सेहत, फिजियोथेरैपी और पौष्टिक भोजन आदि के बारे में विशेषज्ञों से मुफ्त परामर्श के लिए अपॉइंटमेंट बुक करा सकते हैं।

### सोने पर लग सकता है कैपिटल गेन, सरकार कर रही है विचार



नई दिल्ली। सोने को भारत में भविष्य के लिए सुरक्षित निवेश के तौर पर देखा जाता है। सोना शरीर की सुंदरता को बढ़ाता तो है ही इसके साथ ही महिलाओं के लिए तो ये उनके बुढ़ापे का सहारा भी माना जाता है। इसकी वजह पुराने सोने को बेचने पर मिलने वाला अच्छा रिटर्न है लेकिन अब जल्द ही सरकार सोने को लेकर एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। बताया जा रहा है कि सरकार सोने से होने वाली कमाई पर लगने वाली टैक्स कैटेगरी बदल सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भारत कुछ संपत्तियों की कैटेगरी को टैक्स नियमों के हिसाब से बदल सकता है, इसमें सोना शामिल है, जिसे अब कैपिटल गेन टैक्स की कैटेगरी में रखा जा सकता है। इस बारे में आईआईएफएल के अनुज गुप्ता का कहना कि अभी भारत में सोने की अधिकतर खरीद नकद में होती है। संभव है कि नई व्यवस्था में सोने को कैपिटल गेन टैक्स गुड्स के तौर पर दिखाना पड़े। इससे सरकार के लिए सोने पर निवेश को ट्रैक करना आसान होगा। कैपिटल गेन टैक्स, ऐसा टैक्स होता है जिसे किसी एक निश्चित अवधि में किसी परिसंपत्ति से होने वाली कमाई पर लगाया जाता है। इसमें शेयर मार्केट या जमीन-जायदाद से होने वाली कमाई शामिल है।

# डीएचएल एक्सप्रेस का फरीदाबाद में नया सर्विस सेंटर

◀◀ हाल ही में जारी किया गया डीएचएल ट्रेड ग्रोथ एटलस हमें यह बताता है कि भारत में अगले पांच वर्षों में कंपनी का कारोबार दोगुना हो जाएगा। अपनी बेमिसाल विशेषज्ञता के चलते हम इसे सहयोग देने के लिए काफी अच्छी स्थिति में हैं।




फरीदाबाद (एजेंसी)। डीएचएल एक्सप्रेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉन पियरसन ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में डीएचएल एक्सप्रेस इंडिया के आठवें सर्विस सेंटर का उद्घाटन किया। यह देश में कंपनी का 53वां सेंटर है जो इस क्षेत्र में मौजूद नेटवर्क को मजबूती प्रदान करेगा। डीएचएल ने बुधवार को एक बयान में कहा कि कंपनी का मंथर गति से किया गया यह विस्तार देश भर में कंपनी के आधारभूत ढांचे में 25 करोड़ यूरो के निवेश की कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। वर्ष 2014 से डीएचएल एक्सप्रेस फरीदाबाद में उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान कर रही है। कंपनी ने अब अपने फरीदाबाद सर्विस सेंटर का विस्तार 9000 वर्ग फुट की सुविधा में किया है ताकि पिछले पांच वर्षों में कंपनी के कारोबार में हुई उल्लेखनीय बढ़ोतरी की जरूरतों को पूरा किया जा सके। श्री पियरसन ने कहा, इस उथल-पुथल से भरे समय में हमारे बेहतरीन ढंग से संपर्क वाले वैश्विक नेटवर्क, अवसंरचना पर केंद्र और समर्पित कर्मचारियों ने विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। हाल ही में जारी किया गया डीएचएल ट्रेड ग्रोथ एटलस हमें यह बताता है कि भारत में अगले पांच वर्षों में कंपनी का कारोबार दोगुना हो जाएगा। अपनी बेमिसाल विशेषज्ञता के चलते हम इसे सहयोग देने के लिए काफी अच्छी स्थिति में हैं। देश में इस तरह के निवेश हमें अपने उपभोक्ताओं को अपनी श्रेणी में बेहतरीन सेवाएं देने की इजाजत प्रदान करेगा और विश्वसनीय साझीदार बन गया है। उल्लेखनीय है कि डीएचएल एक्सप्रेस ने 40 साल से ज्यादा वर्षों से भारत में अपनी नेतृत्व की स्थिति को बरकरार रखा है।

# ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री और टोयोटा किर्लोस्कर के विक्रम किर्लोस्कर का निधन



नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर्स के उपाध्यक्ष विक्रम एस किर्लोस्कर का हार्ट अटैक के बाद निधन हो गया है। 64 वर्षीय विक्रम के निधन की जानकारी कंपनी ने एक ट्वीट कर दी। ट्वीट के अनुसार 29 नवंबर को दिल का दौरा पड़ने के बाद विक्रम का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 30 नवंबर को दोपहर 1 बजे बेंगलुरु के हेब्बल श्मशान घाट पर किया जाएगा। इसके साथ ही ट्वीट में लिखा गया है कि इस दुख की घड़ी में हम सभी से अनुरोध करते है कि उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें। विक्रम एस किर्लोस्कर के दोस्तों और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। विक्रम अपने पीछे पत्नी गीतांजली और बेटी मानसी किर्लोस्कर को छोड़ गए हैं। विक्रम किर्लोस्कर ग्रुप की चौथी पीड़ी में से थे। वे किर्लोस्कर सिस्टम के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर भी थे। विक्रम ने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया था। विक्रम के निधन के बाद राजनीतिक और बिजनेस हस्तियों ने भी गहरा दुख जताया है। कर्नाटक के सीएम बसवराज बोम्मई ने विक्रम के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र को एक बड़ी क्षति है। उनके निधन की खबर से स्तब?ध हूं, परिवार को दोस्तों को ये दुख सहन करने की शक्ति ईश्वर दे। वहीं बायोकॉन की एग्जीक्यूटिव चेयरपर्सन किरण मजूमदार ने कहा कि विक्रम के निधन की चौंकाने वाली खबर से वे टूट गई हैं। वे एक प्यारे और सच्चे मित्र थे, उन्हें मैं याद करूंगी। गीतांजलि और मानसी के साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं।

## पेज एक के शेष

### दो गिलास से...

जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि ज्यादा दूध पीने से पुरुषों व महिलाओं में हृदय रोग का खतरा बढ़ जाता है। इस अध्ययन के अनुसार, जो पुरुष दिन में तीन गिलास या उससे अधिक दूध पीते हैं, उनमें हृदय रोग से मरने का जोखिम 10 प्रतिशत बढ़ जाता है। ज्यादा दूध का सेवन करने से त्वचा संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। इसलिए, आपके चेहरे या त्वचा के अन्य हिस्सों पर दाने या एलर्जी हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार एक व्यक्ति को दिन में 1 या 2 गिलास दूध पीना चाहिए। ज्यादा दूध नहीं पीकर संतुलित तरीके से पनीर, छाछ, दही लेना चाहिए।

### आज, भारत की...


जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन करने के साधन हैं। आज, हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है - हमारे युग को युद्ध का युग होने की जरूरत नहीं है। ऐसा बिलकुल नहीं होना चाहिए! आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है।

सौभाग्य से, आज की जो तकनीक है वह हमें मानवता के व्यापक पैमाने पर समस्याओं का समाधान करने का साधन भी प्रदान करती है। आज हम जिस विशाल वर्चुअल दुनिया में रहते हैं, वह डिजिटल प्रौद्योगिकियों की मापनीयता को प्रदर्शित करती है। भारत इस सकल विश्व का सूक्ष्म जगत है जहां विश्व की आबादी का छठवां हिस्सा रहता है और जहां भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाजों और विश्वासों की विशाल विविधता है। सामूहिक निर्णय लेने की सबसे पुरानी ज्ञात परंपराओं वाली सभ्यता होने के नाते भारत दुनिया में लोकतंत्र के मूलभूत डीएनए में योगदान देता है। लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की राष्ट्रीय सहमति किसी फरमान से नहीं, बल्कि करोड़ों स्वतंत्र आवाजों को एक सुरीले स्वर में मिला कर बनायी गयी है। आज, भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारे प्रतिभाशाली युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा का पोषण करते हुए, हमारा नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल एकदम हाशिए पर पड़े नागरिकों का भी ख्याल रखता है। हमने राष्ट्रीय विकास को ऊपर से नीचे की ओर के शासन की कवायद नहीं, बल्कि एक नागरिक-नेतृत्व वाला 'जन आंदोलन' बनाने की कोशिश की है। हमने ऐसी डिजिटल जन उपयोगिताएं निर्मित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है जो खुली, समावेशी और अंतर-संचालनीय हैं। इनके कारण सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान जैसे विविध क्षेत्रों में क्रांतिकारी प्रगति हुई है। इन सभी कारणों से भारत के अनुभव संभावित वैश्विक समाधानों के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं। जी-20 अध्यक्षता के दौरान, हम भारत के अनुभव, ज्ञान और प्रारूप को दूसरों के लिए, विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए एक संभावित टेम्प्लेट के रूप में प्रस्तुत करेंगे। हमारी जी-20 प्राथमिकताओं को; न केवल हमारे जी-20 भागीदारों, बल्कि वैश्विक दक्षिण में हमारे साथ-चलनेवाले देशों, जिनकी बातें अक्सर अनसुनी कर दी जाती है, के परामर्श से निर्धारित किया जायेगा।

हमारी प्राथमिकताएं; हमारी 'एक पृथ्वी' को संरक्षित करने, हमारे 'एक परिवार' में सद्भाव पैदा करने और हमारे 'एक भविष्य' को आशान्वित करने पर केंद्रित होंगी। अपने प्लेनेट को पोषित करने के लिए, हम भारत की प्रकृति की देख-भाल करने की परंपरा के आधार पर स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करेंगे। मानव परिवार के भीतर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए, हम खाद्य, उर्वरक और चिकित्सा उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति को गैर-राजनीतिक बनाने की कोशिश करेंगे, ताकि भू-राजनीतिक तनाव मानवीय संकट का कारण न बनें। जैसा हमारे अपने परिवारों में होता है, जिनकी जरूरतें सबसे ज्यादा होती हैं, हमें उनकी चिंता सबसे पहले करनी चाहिए। हमारी आनेवाली पीढ़ियों में उम्मीद जगाने के लिए; हम, बड़े पैमाने पर विनाश के हथियारों से पैदा होनेवाली जोखिमों को कम करने और वैश्विक सुरक्षा बढ़ाने पर सर्वाधिक शक्तिशाली देशों के बीच एक ईमानदार बातचीत को प्रोत्साहन प्रदान करेंगे। भारत का जी-20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक होगा। आइए हम भारत की जी-20 अध्यक्षता को संरक्षण, सद्भाव और उम्मीद की अध्यक्षता बनाने के लिए एकजुट हों। आइए हम मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के एक नये प्रतिमान को स्वरुप देने के लिए साथ मिलकर काम करें।

# सरकार का बड़ा आदेश, एयरपोर्ट और उसके आस-पास के इलाकों में नहीं मिलेगी 5जी सर्विस

◀◀ दरअसल 5जी के सिग्नल से एयरक्राफ्ट का अल्टीमीटर प्रभावित होता है। टेलीकॉम डिपार्टमेंट ने डीजीसीए से एयरक्राफ्ट के अल्टीमीटर्स को रिप्लेस करने में तेजी दिखाने को कहा है।




नई दिल्ली (एजेंसी)। टेलीकॉम डिपार्टमेंट ने टेलीकॉम कंपनियों को एयरपोर्ट के रनवे के दोनों ओर 2 किलोमीटर तक 5जी सेवा ना देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही रनवे के 910 मीटर तक कंपनियां सर्विस नहीं दे सकेंगी। इसका मतलब है कि अगर आप एयरक्राफ्ट में बैठे हैं तो आप 5जी सर्विस का आनंद नहीं ले सकेंगे। साथ ही भारत में कई सारे एयरपोर्ट बहुत छोटे हैं जहां पर सर्विस दे पाना काफी मुश्किल है। गौरतलब है कि भारती एयरटेल देश के पांच एयरपोर्ट पर 5जी सेवा देने की घोषणा कर चुका है। दरअसल 5जी के सिग्नल से एयरक्राफ्ट का अल्टीमीटर प्रभावित होता है। टेलीकॉम डिपार्टमेंट ने डीजीसीए से एयरक्राफ्ट के अल्टीमीटर्स को रिप्लेस करने में तेजी दिखाने को कहा है। रिलायंस, जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आईडिया को इसी तरह के लेटर्स में डॉट ने आगे कहा कि इस 2.1 किलोमीटर की लीमिट के बाद 540 मीटर की एरिया में 5जी बेस स्टेशन स्थापित किए जा सकते हैं लेकिन बिजली उत्सर्जन 58 डीबीएम/एमएचजेड तक सीमित होना चाहिए। डॉट ने लेटर में कहा कि टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स को यह उपाय तत्काल प्रभाव से अपनाने होंगे जाएंगे और यह तब तक लागू रहेंगे जब तक कि डीजीसीए द्वारा सभी एयरक्राफ्ट रेडियो अल्टीमीटर फिल्टर को नहीं बदल देते हैं।





## न्यूज गैलरी

### ईडी ने कारोबारी अमित अरोड़ा को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी पॉलिसी के मामले में अमित अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अरोड़ा गुरुग्राम स्थित बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। मामले में ईडी द्वारा यह छठी गिरफ्तारी है। सूत्रों के मुताबिक, अरोड़ा को मंगलवार रात धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि अरोड़ा को स्थानीय अदालत में पेश किए जाने की संभावना है, जहां जांच एजेंसी उनकी हिरासत के लिए अनुरोध करेगी। ईडी ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी के बाद यह मामला दर्ज किया था। सीबीआई ने मामले में हाल ही में दायर आरोपपत्र में दावा किया है कि अमित अरोड़ा और दो अन्य आरोपी दिनेश अरोड़ा और अर्जुन पांडे दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के करीबी सहयोगी हैं और वे आरोपी लोक सेवकों के लिए शराब लाइसेंस धारियों से जुटाए गए धन के अवैध वित्तीय प्रबंधन एवं हेराफेरी करने में सक्रिय रूप से शामिल थे। ईडी ने पिछले सप्ताह इस मामले में अपना पहला आरोप पत्र (अभियोजन शिकायत) भी दायर किया था, जिसमें गिरफ्तार व्यवसायी समीर महेंद्रू और कुछ इकाइयों को नामजद किया गया है।

### चीन के पूर्व राष्ट्रपति जियांग जेमिन का 96 साल की उम्र में निधन

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन के पूर्व राष्ट्रपति जियांग जेमिन का निधन हो गया है। उन्होंने 96 साल की उम्र में अंतिम सांस ली है। चीनी सरकारी मीडिया के अनुसार वे ल्यूकेमिया बीमारी से पीड़ित थे। इसके कारण उनके शरीर के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। बीमारी के चलते ही बुधवार, 30 नवम्बर 2022 को उनकी मौत हो गई। जियांग का निधन ऐसे समय हुआ है, जब कोविड प्रतिबंधों के कारण चीन के अलग-अलग शहरों में भारी विरोध प्रदर्शन चल रहा है। जियांग के शासनकाल में तियानमेन स्क्वायर विरोध के बाद चीन में कोई बड़ा प्रदर्शन नहीं हुआ। जानकारी के मुताबिक, जियांग जेमिन को 1989 के तियानमेन स्क्वायर नरसंहार के बाद चीन के नेतृत्व के लिए चुना गया था।

# गुजरात में पहले चरण के लिए वोटिंग आज, दिग्गजों की किस्मत दांव पर

**गांधीनगर (एजेंसी)।** गुजरात विधानसभा के पहले चरण के चुनाव के लिए प्रचार समाप्त हो गया है। एक दिसंबर को मतदान होगा। 19 जिलों की कुल 182 सीटों में से 89 सीटों पर मतदान होगा। सौराष्ट्र की 54 और दक्षिण गुजरात की 35 सीटों पर वोटिंग है। दूसरे चरण में 93 सीटों पर 5 दिसंबर को मतदान होगा। गुजरात की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी भारती ने कहा कि केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को भी तैनात किया गया है। चुनाव के पहले चरण में कुल 2,39,76,760 मतदाता मतदान करेंगे। सभी इंतजाम कर लिए गए हैं। मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। चुनाव के नतीजे 8 दिसंबर को जारी किए जाएंगे।

पहले चरण में आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार इसुदन गढ़वी भी हैं, जो देवभूमि द्वारका जिले की खंभालिया सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। गुजरात के पूर्व मंत्री पुरुषोत्तम सोलंकी, छह बार के विधायक कुंवरजी बावलिया, मोरबी के 'नायक' कांतिलाल अमृतिया, भारतीय क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जडेजा और गुजरात आप के अध्यक्ष गोपाल इटालिया भी पहले चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में शामिल हैं। पहले चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और अन्य बीजेपी नेताओं ने अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन के लिए कई रैलियां की। आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए बड़े पैमाने पर प्रचार किया है और कई वादे किए। कांग्रेस की तरफ से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत कई नेता प्रमुख प्रचारकों में से रहे। पहले चरण में किस्मत आजमा रहे 788 उम्मीदवारों में से 167 उम्मीदवार दागी हैं। यह कुल उम्मीदवारों का 21 फीसदी है। इनमें से 13 फीसदी उम्मदीवारों के खिलाफ सीरियस क्राइम चार्ज हैं। पहले चरण में चुनाव लड़ रहे आप के 88 उम्मदीवारों में से 36 फीसदी (32 उम्मीदवार) के खिलाफ आपराधिक मुकदमें हैं। पहले चरण में कांग्रेस के 31 उम्मीदवारों और भाजपा के 14 उम्मीदवारों के खिलाफ क्राइम से जुड़े मामले हैं। भारतीय ट्राइबल पार्टी ने 14 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं, इनमें से 4 के खिलाफ आपराधिक मामले है।

## शाह का दावा- गुजरात में शायद 'आप' का खाता भी न खुले

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) की चुनौती को तवज्जो न देते हुए दावा किया कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी शायद अपना खाता भी न खोल सके। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई द्वारा अपने संकल्प पत्र में कट्टरपंथ विरोधी प्रकोष्ठ (एंटी-रेडिकलाइजेशन सेल) स्थापित करने के वादे को एक अच्छी पहल करार दिया और कहा कि इस पर केंद्र और अन्य राज्य सरकारें भी विचार कर सकती हैं। भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया है। एक साक्षात्कार में शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान गुजरात के सर्वांगीण विकास और तुष्टीकरण कतई बर्दाश्त ना करने की नीति को पिछले 27 वर्षों में लोगों द्वारा बार-बार भाजपा पर विश्वास जताने का मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा के गुजरात में भाजपा अप्रत्याशित जीत दर्ज करेगी। लोगों को हमारी पार्टी और हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरा भरोसा है। गुजरात विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से शाह लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं और तकरीबन हर दिन पांच जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। गुजरात विधानसभा चुनाव में आप की दस्तक के सवाल पर शाह ने कहा कि हर पार्टी को चुनाव लड़ने का अधिकार है, लेकिन यह लोगों पर निर्भर करता है कि वे उस पार्टी को स्वीकार करते हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि गुजरात के लोगों के दिमाग में आप कहीं नहीं ठहरती है। चुनाव नतीजों का इंतजार कीजिए, शायद आप उम्मीदवारों का नाम सफल उम्मीदवारों की सूची में आए ही नहीं। गुजरात में आम तौर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला होता रहा है, लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप ने मोदी के गृह राज्य में आक्रामक प्रचार अभियान के जरिए कई इलाकों में मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।

## पांच साल में ज्यादा मालामाल हुए सत्ताधारी पार्टी के विधायक

– आरएनएम

**नयी दिल्ली।** दिन-रात मालामाल होना है तो सत्ताधारी पार्टी के विधायक या सांसद बनिये। यह एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की तरफ से जारी आंकड़ों से जाहिर होता है। इन आंकड़ों के मुताबिक बीते पांच वर्षों में गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी की संपत्ति में 721 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह आंकड़ा बताता है कि इस चुनाव में सभी दलों को ओर से मैदान में उतारे गये 125 विधायकों में से संपति में बढ़ोतरी के मामले में टॉप पांच भाजपा के विधायक हैं। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी व उनकी पत्नी की संपत्ति 2017 में 2.12 करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर 2022 में 17.42 करोड़ रुपये हो गयी। हीरे के कारोबारी हर्ष सांघवी सूरत की माजुरा के निर्वाचन क्षेत्र से एक बार फिर चुनावी मैदान में हैं।

रिपोर्ट के अनुसार सांघवी की तुलना में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की संपत्ति 2017 में 5.19 करोड़ रुपये से 58 प्रतिशत बढ़कर 2022 में 8.22 करोड़ रुपये हो गयी है। एडीआर के आंकड़ों के मुताबिक सभी दलों को ओर से मैदान में उतारे गये 125 विधायकों में से संपति में बढ़ोतरी के मामले में टॉप पांच भाजपा के विधायक हैं। सांघवी के अलावा भाजपा के अन्य चार विधायकों की संपत्ति में पांच वर्षों में सबसे अधिक बढ़त सामने आयी है। इन विधायकों में खेड़ा जिले की मेहमदाबाद सीट से उम्मीदवार और ग्रामीण विकास मंत्री अर्जुन सिंह चौहान के परिवार की संपत्ति में 573 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, दाहोद जिले के लिमखेड़ा से शैलेश भाभोर (संपत्ति में 481 प्रतिशत की वृद्धि) उंबरगांव से रमनलाल पाटकर (संपत्ति में 335 प्रतिशत की वृद्धि) और वडोदरा शहर से मनीषा वकील (संपत्ति में 308 प्रतिशत की वृद्धि) सामने आयी है।

## अमेरिकी संसद परिसर में हिंसा : स्टीवर्ट रोड्स देशद्रोही साजिश का दोषी करार

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की सरकार विरोधी मिलिशिया ओथ कीपर्स के संस्थापक स्टीवर्ट रोड्स को राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनावी परिणाम को पलटने के लिए देशद्रोही साजिश रचने का दोषी करार दिया गया। यह छह जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद भवन परिसर में हुए विद्रोह की जांच में न्याय विभाग की बड़ी जीत है। वाशिंगटन डीसी की एक जूरी ने करीब दो महीने तक चले मुकदमे में रोड्स को देशद्रोह का दोषी ठहराया। रोड्स को षडयंत्र के दो अन्य आरोपों से बरी कर दिया गया था। यह फैसला न्याय विभाग के लिए काफी अहम है और इससे अभियोजकों का राजद्रोह के अन्य चरमपंथी आरोपियों के आगामी मुकदमों में पूरे जोरशोर से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। ओथ कीपर्स के फ्लोरिडा अध्याय के नेता केली मेग्स को भी देशद्रोह का दोषी ठहराया गया है जबकि रोड्स के तीन अन्य सह-आरोपियों को आरोप मुक्त कर दिया गया है। अदालत ने सभी पांच आरोपियों को दोषी पाया है।

### मामले में अदालत ने पांच आरोपियों को दोषी पाया

## बलूचिस्तान में आत्मघाती हमला तीन लोगों की मौत व 23 घायल



**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पोलियो टीम की सुरक्षा के लिए जा रहे पुलिसकर्मियों के ट्रक को निशाना बनाकर बुधवार को किए गए आत्मघाती हमले में कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 23 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायलों में 20 सुरक्षा कर्मी भी शामिल हैं। अधिकारी के मुताबिक, यह आत्मघाती हमला तब हुआ, जब पोलिया टीकाकरण अभियान में शामिल कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस कर्मियों को ले जा रहा ट्रक क्वेटा के बलेली इलाके से गुजर रहा था। डॉन अखबार ने क्वेटा के पुलिस उपमहानिरीक्षक गुलाम अजफर महेसर के हवाले से बताया, हमला पुलिस ट्रक के पास हुआ, जिसके असर से पोलियो ड्यूटी में तैनात स्टाफ को सुरक्षा प्रदान करने जा रहे पुलिसकर्मियों का वाहन पलटकर खाई में गिर गया। घटनास्थल पर संवाददाताओं से बातचीत में महेसर ने कहा कि अपराध स्थल के मंजर से और यह देखते हुए कि ट्रक पलट गया, अनुमान है कि हमले में 25 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया होगा। धमाके की चपेट में कुल तीन वाहन आए। उन्होंने कहा कि यह हमला एक आत्मघाती हमला था, क्योंकि मौके से एक आत्मघाती हमलावर के अवशेष बरामद हुए हैं और कम से कम तीन वाहन इसकी चपेट में आए।

- प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान ने ली हमले की जिम्मेदारी
- घायलों में 20 सुरक्षा कर्मी भी शामिल
- पोलियो ड्यूटी में तैनात स्टाफ को सुरक्षा प्रदान करने जा रहे थे सुरक्षाकर्मी

### 20 पुलिसकर्मी और तीन नागरिक हुए हैं घायल

महेसर के मुताबिक, हमले में लगभग 20 पुलिसकर्मी और तीन नागरिक घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि घायल पुलिस कर्मियों में से दो की हालत गंभीर है। जियो न्यूज के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस लक्षित हमले की निंदा करते हुए घटना की त्वरित जांच के निर्देश दिए हैं। प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी है। टीटीपी ने दो दिन पहले ही सरकार के साथ संघर्ष-विराम को वापस लेते हुए अपने लड़ाकों से देशभर में हमले करने का आह्वान किया था। टीटीपी ने कहा कि यह हमला अगस्त में अफगानिस्तान में अब्दुल वली उर्फ उमर खालिद खुरासनी की हत्या के प्रतिशोध में किया गया है।

### दिल्ली में लगे भूकंप के झटके रिक्टर स्केल पर 2.5 तीव्रता

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में भूकंप के हल्क झटके महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.5 मापी गई है। राजधानी में करीब साढ़े नौ बजे झटके लगे। बताया जा रहा है कि भूकंप का केंद्र जमीन के पांच किमी अंदर था। पिछले एक महीने में यह दूसरी बार है जब दिल्ली में भूकंप के झटके लगे हैं।

### गहलोत की चुनावी सभा में घुसा सांड

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात के मेहसाणा से राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की चुनावी सभा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे सीएम गहलोत की सभा में अचानक एक सांड घुस गया। इसे देख लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना सोमवार की बताई जा रही है। वहीं, सीएम गहलोत ने सभा में सांड के घुसने को बीजेपी की साजिश करार दिया है। बता दें कि कांग्रेस ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को गुजरात चुनाव में पर्यवेक्षक बनाया है।